आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार 27 मार्च 2024 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-2 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-356 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 28 मार्च 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

मोदी की फोटो लगा थैला का वितरण, आचार संहिता का उल्लंघन

बस्तर 27 मार्च। बस्तर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा पर आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में एफआईआर दर्ज हुआ है. जिसके बाद से प्रदेश में सियासत गरमा गई है. बस्तर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अब इसपर बयान दिया है. उन्होंने कहा कि सभी शासकीय दुकानों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो लगी थैला का वितरण किया जा रहा है तब आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो रहा है. डबल इंजन की सरकार में कांग्रेसियों पर जहां चाहे वहां गलत तरीके से कार्रवाई की जा रही है.

जेडी इस्पात प्लांट के फर्नेस में गिरा कर्मचारी, मौत

दुर्ग 27 मार्च। दुर्ग जिले के रसमड़ा औधोगिक क्षेत्र के जेडी इस्पात में बड़ा हादसा हुआ है. प्लांट के फर्नेस में बारी मेन के रूप में कार्यरत कर्मचारी की जिंदा जलकर मौत हो गई. इस घटना से प्लांट में हड़कंप मच गया. यह मामला अंजोरा चौकी क्षेत्र का है. बताया जा रहा है कि देर रात फर्नेस में ब्लास्ट होने के बाद कर्मचारी फर्नेस में गिर गया. जिससे उसकी जलकर मौत हो गई. कर्मचारी का नाम जितेन्द्र कुमार भूरिया (24 वर्ष) है. झारखंड से आकर रसमड़ा के जेडी इस्पात में ठेका कर्मचारी का काम करता था. इस प्लांट में हैवी स्ट्रक्चर लोहे के एंगल और प्लेट बनाने का काम होता है. जहां मजदूर फर्नेस से निकलने वाले गर्म लोहे के ऊपर के कचरे को बड़े चम्मच से हटाने का काम (बारी मैन) करता था. मजदूर की हादसे में मौत के बाद प्रबंधन पर सेफ्टी सबंधित कई आरोप लगाते हुए कर्मचारियों ने हंगामा कर दिया. इसके साथ ही कर्मचारी ने मृतक कर्मचारी के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग करते हुए गेट के सामने बैठकर प्रदर्शन किया.

मुठभेड़ में छह नक्सली ढेर

बीजापुर 27 मार्च। लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस को नक्सली अभियान में बड़ी सफलता हासिल हुई है. बासागुड़ा थानाक्षेत्र के चिपुरभट्टी के इलाके में तालपेरू नदी के किनारे हुए मुठभेड़ में पुलिस जवानों के छह नक्सलियों को ढेर कर दिया. सर्चिंग से जवानों के लौटने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी. जानकारी के अनुसार, नक्सलियों के छिपे होने की सूचना पर डीआरजी , सीआरपीएफ और कोबरा के जवानों की संयुक्त टीम सर्चिंग पर निकली थी. बासागुड़ा थानाक्षेत्र के चिपुरभट्टी के इलाके में तालपेरू नदी के किनारे जवानों की नक्सलियों के प्लाटून नंबर 9 - 10 के साथ मुठभेड़ हुई, जिसमें 6 नक्सली मारे गए हैं. पुलिस ने नक्सलियों के शव के साथ मौके से हथियार बरामद किया है. मुठभेड़ खत्म होने के बाद जवान इलाके की सर्चिंग कर रहे हैं. टीम के वापस पहुंचने के बाद स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट होगी. उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने घटना पर कहा कि नक्सलियों की कायरना करतूतों के साथ बीते दिनों ग्रामीणों की हत्या की जानकारी सामने आई थी. सुरक्षा बल इस घटना के बाद सर्चिंग कर रहे थे. आज बीजापुर में मुठभेड़ हुई।

रामकृष्ण मिशन अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद ने ली महासमाधि

कोलकाता 27 मार्च। रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद महाराज का सोमवार शाम कोलकाता में निधन हो गया. मिशन की ओर से जारी बयान में बताया गया कि 95 वर्षीय स्वामी स्मरणानंद महाराज उम्र संबंधी समस्याओं से ग्रसित थे. स्वामी स्मरणानंद महाराज 2017 में मिशन के 16वें अध्यक्ष बने थे. रामकृष्ण मिशन की ओर से स्वामी के निधन के बाद रात को जारी बयान में बताया कि रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के परम पूज्य अध्यक्ष श्रीमत स्वामी स्मरणानंदजी महाराज ने आज रात 8.14 बजे महासमाधि ले ली।

कांग्रेस के शेष प्रत्याशियों की घोषणा

भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव बिलासपुर लोस के उम्मीदवार

■ रायपुर 27 मार्च।

कांग्रेस ने आसन्न लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश के बाकी बचे चार प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। जिसमें सरगुजा अंबिकापुर से शशि सिंह बिलासपुर से देवेंद्र यादव,कांकेर से बिरेश ठाकुर और रायगढ़ से मनका सिंह को टिकट दी गई है।

गोंगपा ने उतारे लोकसभा प्रत्याशी : लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारने को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने अपने पत्ते खोल दिए हैं। कोरबा लोकसभा से मौजूदा तानाखार विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम के द्वारा लोकसभा का चुनाव लड़ने की चली आ रही अटकलों पर विराम लग गया है। यहां से तुलेश्वर नहीं बल्कि श्याम सिंह मरकाम कोरबा लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे।

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव 2024 के मैदान में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने दांव खेल दिया है। गोगपा ने अपने प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी 10 लोकसभा सीटों से अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। सरगुजा से डॉ. एल. एस. उदय, रायगढ़ से मदन गोंड़, जांजगीर चांपा से मनहरण लाल भारद्वाज, कोरबा से श्याम सिंह मरकाम, बिलासपुर से नंदकिशोर राज, राजनांदगांव से नरेश कुमार मोटघरे, दुर्ग से मनहरण सिंह ठाकुर, रायपुर से लालबहादुर यादव, महासमुन्द से फरीद कुरैशी बस्तर से टीकम नागवंशी को प्रत्याशी बनाया गया है।

टिकट मिलने के बाद देवेंद्र यादव ने कहा कि बिलासपुर से उनका बहुत जुड़ाव है, बिलासपुर से बहुत आत्मीयता है वह पहली बार एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष बने थे, तो बिलासपुर में ही चुनाव हुआ था और बिलासपुर के लोगों ने ही एनएसयूआई का अध्यक्ष बनाकर उन्हें जिताया था बिलासपुर की सम्मानित जनता से कहता हूं जो विश्वास मुझे भिलाई की चिंता ने दिया है।

वहीं विश्वास मुझे बिलासपुर की जनता से भी मिलेगा बिलासपुर मेरी कर्मभूमि बनेगी और बिलासपुर की जनता के नेतृत्व में बेहतर काम करेंगे और सभी का धन्यवाद देता हूं सभी का आभारी हूं।

छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों पर बीजेपी-कांग्रेस के प्रत्याशी

बस्तर लोकसभा सीट
बीजेपी - महेश कश्यप
कांग्रेस - पूर्व मंत्री कवासी लखमा
राजनांदगांव लोकसभा सीट
बीजेपी - सांसद संतोष पांडेय
कांग्रेस - पूर्व सीएम भूपेश बघेल
कांकेर लोकसभा सीट
बीजेपी - भोजराज नाग
कांग्रेस - बीरेश ठाकुर
महासमुंद लोकसभा सीट
बीजेपी - रूप कुमारी चौधरी
कांग्रेस - पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू
रायपुर लोकसभा सीट से
बीजेपी - कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल
कांग्रेस - पूर्व विधायक विकास उपाध्याय
दुर्ग लोकसभा सीट
बीजेपी - सांसद विजय बघेल
कांग्रेस - प्रदेश सचिव राजेंद्र साहू
सरगुजा लोकसभा सीट से
बीजेपी - चिंतामणि महाराज
कांग्रेस - शशि सिंह
रायगढ़ लोकसभा सीट से
बीजेपी - राधेश्याम राठिया
कांग्रेस - डॉ. मेनका देवी सिंह
बिलासपुर लोकसभा सीट से
बीजेपी - तोखन साहू
कांग्रेस - देवेंद्र सिंह यादव
जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट
बीजेपी - कमलेश जांगड़
कांग्रेस - डा.शिवकुमार डहरिया
कोरबा लोकसभा सीट से
बीजेपी - पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय
कांग्रेस - मौजूदा सांसद ज्योत्सना महंत

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सीएम कैंप में मनाई होली

जशपुर 27 मार्च। देशभर में होली पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया. वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रंगों का त्यौहार होली अपने गृह ग्राम बगिया मे अपने परिवारजनों और जिलेवासियों के साथ उत्साह पूर्वक होली मनाई. मुख्यमंत्री ने होली की शुरुआत, सुबह माता जसमनी देवी से आशीर्वाद लेने से शुरू हुई. परिवारजनों के साथ रंग बिखेरने के बाद, मुख्यमंत्री अपने गुरु का आशीर्वाद लेने के लिए टाटीडांड पहुंचे. यहां गुरु से आशीर्वाद लेने के बाद, सीएम कैम्प मे, जिले भर से आए लोगो और पत्रकारों के साथ होली खेली।

भाजपा ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

रायपुर 27 मार्च। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। बस्तर लोकसभा के लिए पहले चरण में ड्राले जाने वाले वोट के अलावे दो अन्य चरणों में होने वाले मतदान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह सहित कुल 40 स्टार प्रचारक बनाये गये हैं। स्टार प्रचारकों में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी, धर्मेंद्र प्रधान के अलावे सिने स्टार हेमा मालिनी, मनोज तिवारी, योगी आदित्यनाथ, डा मोहन यादव सहित 40 स्टार प्रचारक शामिल हैं।

शिवा साहू की बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज सहित सभी लग्जरी गाड़ियां जब्त

बिलाईगढ़ 27 मार्च। रातों-रात करोड़पति बने शिवा साहू के मामलें में सरसींवा थाना ने बड़ी कार्रवाई की हैं। शिवा साहू के मकान से एक दर्जन से अधिक लग्जरी गाड़ियां जब्त की गई हैं। साथ उसके पिता और राईट हेंड कहे जाने वाले मिथलेश साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही हैं। दरसल सरसींवा थाना के अंतर्गत रायकोना गांव के राती-रात बने करोड़पति शिवा साहू के घर से सरसींवा पुलिस ने महँगी व मोटरसाइकिल व एक दर्जन से अधिक लग्जरी गाड़ियां जब्त की हैं। इन गाड़ियों में बीएमडब्ल्यू , मर्सडीज सहित अन्य गाड़ियां शामिल हैं। पूर्व में शक्ति के रहने वाले सौरभ अग्रवाल ने शिवा पर 2 करोड़ रुपये का धोखाधड़ी करने के आरोप लगाते हुये थाने में शिकायत की थी। जिसके बाद पुलिस प्रशासन मामलें की जाँच में जुटा हुआ था। मामलें में कुछ दिन पहले ही एक और आरोपी को पकड़कर जेल भेजा गया हैं।

ऐसे में अब रायकोना के रहने वाले एक युवक ने शिवा साहू के राईट हेंड मिथलेश साहू व उनके अन्य साथियों द्वारा उन्हें गाली-गलौच कर रिवाल्वर दिखाकर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की। जिसके बाद सरसींवा थाना व जिला पुलिस की टीम रायकोना दबिश दी। मौके से शिवा साहू के राईट हेंड मिथलेश साहू व उनके पिता को हिरासत में लिया और पूछताछ की जा रही हैं।

दुर्ग जिले के तीन कांग्रेसियों को अन्य लोकसभा से टिकट

रायपुर 27 मार्च। छत्तीसगढ़ की राजनीति में कांग्रेस का वजूद समाप्त होता नजर आने लगा है।पांच साल की सत्ता करने के बाद कांग्रेस का इतना बुरा हाल भी होगा इसका अहसास भी नही था।पर प्रदेश की सत्ता से बाहर होते ही कांग्रेस पार्टी की वास्तविकता जगजाहिर हो गयी।प्रदेश कांग्रेस पार्टी का इतना बुरा काल पहले कभी नही रहा है। आज की वस्तुस्थिति भी यही बयां कर रही है।कांग्रेस पार्टी दुर्ग जिले तक ही सिमट कर रह गई है

बिलासपुर में कांग्रेस पार्टी को लोकल नेतृत्व नही मिला जिस वजह से दुर्ग जिले से भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव को बिलासपुर लोकसभा का प्रत्याशी बनाकर उतारना पड़ा।देवेंद्र यादव के नाम पर सहमति बताकर कांग्रेस पार्टी ने यह बता दिया है कि बिलासपुर लोकसभा से उनके पास लोकल कोई भी नेतृत्व नही है जिसके नाम पर पार्टी हाईकमान को भरोसा हो?देवेंद्र यादव के नाम से ईडी ने मामला पंजीबद्ध किया हुआ है।ईडी व आईटी ने भी देवेन्द्र यादव के निवास में छापेमारी की थी।ईडी ने अपनी जांच में भी देवेंद्र यादव पर आरोप लगाया है। अपनी गिरफ्तारी न हो सके इसलिये इस नेता ने उच्च न्यायालय में (एन्टीसेपेट्री बेल) अग्रिम जमानत की अर्जी भी लगाई थी जो कि न्यायालय ने खारिज कर दी थी फिर ऐसे अपराधी को बिलासपुर लोकसभा से कांग्रेस ने किस लिए चुनावी मैदान में उतारा है।यह अपने आप मे समझ से परे है।बिलासपुर कांग्रेस से कोई भी नेता क्या लोकसभा चुनाव में उतरना नही चाहता था या फिर कांग्रेस पार्टी को बिलासपुर के कांग्रेस नेताओ पर भरोसा ही नही रहा। दमदार नेताओ के नाम से पहचाने जाने वाला बिलासपुर संभाग आज कांग्रेस पार्टी के लिये नेतृत्व विहीन हो गया यह अपने आप मे सोचनीय प्रश्न है।कांग्रेस हाईकमान के इस फैसले से जनता भी यह समझ चुकी है कि कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी हार स्वीकार कर चुकी है। बिलासपुर के कांग्रेस पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओ को इस विषय पर स्वयं विचार करने की आवश्यकता है।बिलासपुर संभाग शुरू से ही बड़े नेताओं से भरा पड़ा रहा।

भाजपा विधायक ने फिर उठाया झीरम का मुद्दा

जगदलपुर 27 मार्च। भाजपा के कलस्टर प्रभारी व विधायक अजय चंद्राकर ने भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा की, जिसमें उन्होंने कांग्रेस और उनके लोकसभा प्रत्याशी पर जमकर निशाना साधा. चंद्राकर ने कहा कि प्रत्याशियों की लिस्ट घोषित करने में कांग्रेस का दम फूल रहा है, क्योंकि उनके पास कोई चेहरा ही नहीं है. कवासी लखमा पर हुए एफआईआर को लेकर उन्होंने कहा कि लखमा पैसे देकर बस्तर के भोलेभाले लोगों को खरीदना चाहते हैं. इससे उन्होंने कांग्रेस के चरित्र को उजागर करते हुए बस्तर के गौरव को कलंकित किया है. कवासी लखमा को प्रत्याशी बनाने पर उन्होंने कवासी के मंत्री रहते किए गए उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी मांगी कि अब तक उन्होंने क्षेत्र के लिए क्या किया है.

अजय चंद्राकर ने कवासी लखमा पर संगीन आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने पांच साल में बस्तर में केवल धर्मांतरण को बढ़ावा दिया. कोंटा को केसिनो बनाया और छत्तीसगढ़ को नशे का गढ़ बना दिया. दरअसल लखमा मजबूरी में चुनाव लड़ रहे हैं. उनका उद्देश्य अपने बच्चे को राजनीतिक रूप से स्थापित करना है. अजय चंद्राकर ने लखमा के साथ साथ प्रदेश महासचिव मलकीत सिंह गैदू को भी निशाने पर लेते हुए एक बार फिर झीरम के मुद्दे को सामने लाया है.

उन्होंने कहा कि कांग्रेस झीरम कांड को हमेशा राजनीतिक मुद्दा बनाती है. इस घटना के दो प्रत्यक्षदर्शी लखमा और गैदू हैं।

महाकाल मंदिर में भस्म आरती के दौरान आग, 14 झुलसे

उज्जैन/भोपाल 27 मार्च। मध्यप्रदेश में उज्जैन स्थित प्रसिद्ध महाकाल मंदिर में आज भस्मार्ती के दौरान आग लगने के कारण 14 व्यक्ति घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने स्वयं उज्जैन प्रशासन से संपर्क किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि महाकाल मंदिर में भस्मार्ती के दौरान आग लगने की घटना की दंडाधिकारीय जांच (मजिस्ट्रियल इंक्वारी) के आदेश दे दिए गए हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मृणाल मीना और अपर कलेक्टर अनुकूल जैन संपूर्ण घटना की जांच कर रिपोर्ट तीन दिनों में सौंपेंगे। कलेक्टर सिंह ने कहा कि भस्म आरती के दौरान कपूर की थाली से आरती के दौरान गुलाल थाली में अचानक गिरी और थाली गिरने से गर्भगृह में आग भभक गई। आग पर तुरंत काबू पाया गया, लेकिन तब तक 14 पुजारी और अन्य लोग झुलस गए। इन सभी को तत्काल जिला अस्पताल में पहुंचाया गया। सभी का इलाज किया जा रहा है। आठ घायलों को इंदौर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शेष का इलाज उज्जैन में जारी है। महाकाल मंदिर में दर्शन व्यवस्था सुचारू रूप से बहाल कर दी गयी है।

घायलों में सत्यनारायण, चिंतामण, रमेश, मनोज, महेश, शिवम, अंश, संजय, विकास, आनंद, सोनू, राजकुमार, कमल और मंगल शामिल हैं। घटना की सूचना के बाद कलेक्टर और वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर के गर्भगृह में आज आग लगने की घटना के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से जानकारी हासिल की। शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा है कि उज्जैन के श्री महाकाल मंदिर में आग लगने की घटना के संबंध में मुख्यमंत्री मोहन यादव से बात कर जानकारी ली। स्थानीय प्रशासन घायलों को सहायता व उपचार उपलब्ध करवा रहा है।

जगदलपुर महापौर छह पार्षदों व 2500 कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में शामिल

जगदलपुर 27 मार्च। लोकसभा चुनाव के शोर-शराबे के बीच जगदलपुर में बुधवार को बड़ी सियासी घटना घटित हुई. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में करीबन 2500 कांग्रेस कार्यकर्ता और 6 पार्षदों के साथ जगदलपुर नगर निगम की महापौर सफीरा साहू भाजपा के शामिल हुईं.

बस्तर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने अपना नामांकन दाखिल किया. इसके पहले शहर के मिशन ग्राउंड में आयोजित चुनावी सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में करीबन 2500 कार्यकर्ताओं के साथ महापौर सफीरा साहू और छह पार्षद भाजपा में शामिल हुए. इसके साथ ही 48 पार्षदों

वाले निगम में भाजपा बहुमत में आ गई है. कल तक निगम में कांग्रेस के 29 और भाजपा के 19 पार्षद थे.

जगदलपुर के इतिहास में घटित में यह ऐतिहासिक घटना ऐसे समय में हुए है, जब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भी आज शहर में चुनावी सभा है. जानकार बताते हैं कि कांग्रेस के भीतर गुटबाजी की वजह से बड़ी संख्या में पाला बदल हो रहा है. जगदलपुर से पहले मुख्यमंत्री साय की लोहंडीगुड़ा सभा और बस्तर विधानसभा की सभा में भी बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए थे.

तालाब में डूबकर दो बच्चों की मौत

तीन अन्य बच्चों की तलाश जारी

गरियाबंद 27 मार्च। जिले के ग्राम धवलपुर से एक हृदय विदारक घटना निकाल कर सामने आ रही है धवलपुर में आज तालाब में नहाने गए दो छात्र की डूबने से मौत हो गई घटना की जानकारी लगते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ तालाब में लगी हुई है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार मैनपुर से 10 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे 130 मैनपुर गरियाबंद मार्ग में बसा ग्राम धवलपुर में आज दोपहर 12 बजे के आसपास 4से 5 दोस्त तालाब में नहाने गए थे वही तालाब में नहाते वक्त दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई है जिनका शव निकाल लिया गया है वह अन्य तीन बच्चों की खोज जारी है ग्रामीणों की आशंका है कि ये बच्चे भी तालाब में डूब गए होंगे

और दलदल में फंसे होंगे ।किंतु वहीं कुछ लोगों का ऐसा भी अनुमान है कि बाकी-बच्चे जंगल की ओर डर के कारण जंगल भाग गए हैं जिसके चलते वे घबराए हुए हैं पलक गण और ग्रामीण जन इन बचे हुए बच्चों को ढूंढने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं दरसल धबलपुर पंचायत के समीप एक तालाब है जहां मछली पालन का कार्य होता है और गांव के लोग वहां नहाने जाते हैं धबलपुर के चार से पांच बच्चे जिनकी उम्र 10 से 12 साल है इस तालाब में नहाने के लिए गए हुए थे किंतु इस बीच में यह बच्चे तालाब के दलदल में फंस गये जिससे उनकी मौत हो गई, कुछ बचे हुए बच्चे जो आसपास थे उन्होंने दौड़कर उनके परिजनों को सूचित किया परिजनों ने इस घटना को लेकर तत्काल तालाब पहुंचे और खोजबीन की साथ ही ग्रामीण जन भी पहुंचकर बच्चों की खोज खबर लेने लगे इस दौरान दो बच्चे जो दलदल में फंस गए थे उनका शव को बरामद कर लिया गया है जिनका नाम तुषार यादव 10 वर्ष एवं खिलेन्दर यादव 12 वर्ष बतलाया जा रहा है बचे हुए अन्य बच्चे कहां हैं इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है इसलिए ग्रामीण अभी भी तालाब में उन बच्चों को ढूंढ रहे हैं वहीं कुछ लोगों का ऐसा मानना है कि बचे हुए बच्चे शायद डर के कारण भाग गए हैं जिसके चलते ग्रामीण भी काफी परेशान है इस घटना के बाद धबलपुर में मातम का माहौल छाया हुआ है घटनास्थल पर मैनपुर थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रो की टीम मौके पर पहुंच चुकी है थाना प्रभारी हर्रो ने बतलाया दोनों बच्चों के शव को पी एम के लिए मैनपुर अस्पताल भेजा जा रहा है, वहीं ग्रामीण जन अन्य बच्चों के खोज खबर में जुटे हुए हैं घटना के बाद धबलपुर पंचायत में मातम का माहौल छाया हुआ है।

कंगना रनौत का सुप्रिया श्रीनेत पर पलटवार

नई दिल्ली 27 मार्च। भाजपा ने दो दिन पहले ही बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा से उम्मीदवार बनाया है। इसके बाद कांग्रेस लीडर सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना पर आपत्तिजनक पोस्ट कर दी। इसके बार से लगातर लोगों की प्रतिक्रिया आ रही है। जिसके बार कांग्रेस को बैकफुट पर धकेल दिया है। इतना ही नहीं कंगना रनौत ने भी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हर महिला अपनी गरिमा की हकदार है। हालांकि, बाद में सुप्रिया ने सफाई देते हुए कहा कि यह पोस्ट उन्होंने नहीं की।

सुप्रिया श्रीनेत के इंस्टा अकाउंट से भद्दे पोस्ट को लेकर कंगना रनौत ने ट्वीट किया और कहा, 'प्रिय सुप्रिया जी, एक कलाकार के रूप में अपने करियर के पिछले 20 वर्षों में मैंने हर तरह की महिलाओं का किरदार निभाया है। क्वीन में एक भोली-भाली लड़की से लेकर धाकड़ में एक

आ क ष ं क जासूस तक, मणिकर्णिका में एक देवी से लेकर च ं द्र मु खी फिल्म में एक राक्षस तक, रज्जो में एक वेश्या से लेकर थलाइवी में एक क्रांतिकारी नेता तक।' भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि हमें अपनी बेटियों को पूर्वाग्रहों के बंधनों से मुक्त करना चाहिए। हमें उनके शरीर के अंगों के बारे में जिज्ञासा से ऊपर उठना चाहिए। सबसे ऊपर, हमें यौनकर्मियों के चुनौतीपूर्ण जीवन या परिस्थितियों को किसी प्रकार के दुर्व्यवहार या अपमान के रूप में उपयोग करने से बचना चाहिए।

जिसके बाद उन्होंने सफाई देते हुए कहा, 'मेरे मेटा अकाउंट (एफबी और इंस्टाग्राम) तक पहुंच रखने वाले किसी व्यक्ति ने यह बेहद घृणित और आपत्तिजनक पोस्ट किया, जिसे हटा दिया गया है।' मगर, भाजपा नेताओं ने कांग्रेस आलाकमान से सुप्रिया श्रीनेत का इस्तीफे की मांग कर दी। बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, 'यह इतना घृणित है कि कोई यह पूछे बिना नहीं रह सकता- आखिर कांग्रेस इतनी गंदगी एक जगह कैसे इकट्ठा कर लेती है? अगर मल्लिकार्जुन खरगे की पार्टी में कोई भूमिका है, तो उन्हें तुरंत सुप्रिया को बर्खास्त करना चाहिए।'

वहीं सुप्रिया श्रीनेत ने सफाई देते हुए कहा कि जो कोई भी मुझे जानता है, उसे पता होगा कि मैं किसी महिला के लिए ऐसा कभी नहीं कहूंगी। हालांकि, एक पैरोडी खाता भी है। उसे मैंने अभी-अभी अपने नाम का दुरुपयोग करते हुए पाया है। किसी ने मेरे नाम से ट्विटर पर चलाया भी है। इसे लेकर मैंने शिकायत कराई है। इसके बावजूद, बीजेपी के नेता सुप्रिया पर हमलावर हैं।

एक नजर

मतदान सामग्री को व्यवस्थित करने लगाई अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी

दुर्ग, 27 मार्च । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋत्ता प्रकाश चौधरी ने लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान मतदान दलों को प्रदाय किये जाने वाले सामग्रियों को व्यवस्थित रूप से जमाये जाने हेतु डिप्टी कलेक्टर श्री महेश सिंह राजपूत को नोडल अधिकरी एवं जिला पंजीयक श्रीमती पुष्पलता ध्रुवें को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इनके सहयोग के लिए विभिन्न कार्यालयों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार पंजीयक लिपिक श्री आशुतोष अग्रवाल, भृत्य श्री पुरेन्द्रदास मानिकपुरी, उच्च श्रेणी पंजीयक लिपिक श्रीमती डिम्पल सिन्हा, भृत्य श्री सुरेन्द्र कुमार बंसोड़, राजस्व निरीक्षक श्रीमती सुनिति निषाद, भृत्य राजेश देवांगन, पटवारी श्री रवि प्रकाश देवांगन, भृत्य श्री निर्भय राम साहू, पटवारी श्री हीरादास डहरे, भृत्य शीतला बया, पटवारी सुश्री किरण चन्द्राकर, भृत्य भीमेन्द्र देशमुख, सहायक ग्रेड-2 श्री पुरूषोतम लाल ताम्रकार, भृत्य श्री खम्हन लाल साहू, सहायक ग्रेड-2 श्री राजू सारथी, भृत्य श्री संतोष कुमार सोनी, सहायक ग्रेड-2 श्री तेजवंत कुर्रे, भृत्य श्री कुलदीप उमरे की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार डाटा एन्ट्री आपरेटर श्री चन्द्रशेखर तिवारी, भृत्य गजानंद यादव, डाटा एन्ट्री आपरेटर श्रीमती अर्चना मिश्रा, भृत्य श्री रविकुमार यादव, बुक लिप्टर श्री खोमन सिंग साहू, भृत्य श्री रामसनेही साहू, बुक लिप्टर श्री मुकेश कुमार सोनी, भृत्य श्री शंकर लाल यादव, सहायक ग्रेड-3 श्री अरूण कुमार वर्मा, भृत्य श्री कैलाश साहू, सहायक ग्रेड-3 श्रीमती उषा अहीर, भृत्य श्री तुलसीराम यादव, सहायक ग्रेड-3 सुश्री उषा यादव, भृत्य श्री अरूण कुमार पाटिल, सहायक ग्रेड-3 श्री महावीर साहू, भृत्य श्री गौरव ठाकुर, सहायक ग्रेड-3 श्रीमती रेखा तिवारी, भृत्य श्री तेजराम पटेल, सहायक ग्रेड-3 श्री संजय राजपूत, भृत्य श्री घनश्याम सेन, सहायक ग्रेड-3 श्री युगल नेताम, भृत्य नरसिंह यादव, लेखापाल श्री संजय देवांगन, भृत्य श्री प्रशांत वर्मा, सहायक ग्रेड-3 श्री भानुप्रताप यादव, भृत्य हेमंत कुमार वर्मा, सहायक ग्रेड-3 सुश्री ए. फिलिप्स, भृत्य श्रीमती नर्मदा गड़ेवाल को मतदान संबंधित सामग्री को व्यवस्थित करने ड्यूटी लगाई गई है।

डाक मत पत्र के लिए प्रारूप-12 या 12 क में प्रविष्टी सही हो

दुर्ग, 26 मार्च । लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में सलग्न मतदान कर्मियों हेतु प्रारूप-12/12क में प्रविष्टि हेतु आवश्यक व्यवस्था के संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बी.के. दुबे ने सर्व सहायक रिटर्निंग अधिकारी, जिला पंचायत के कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण, नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट, सर्व विभाग एवं कार्यालय प्रमुख और सर्व मास्टर ट्रेनर्स को छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के पत्र का हवाला देते हुए अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार निर्वाचन कार्य में सलग्न कर्मचारियों/अधिकारियों को डाक मतपत्र/ई.डी.सी. के माध्यम से मतदान कराया जाना है। इसके लिए अत्यंत आवश्यक है कि प्रारूप-12/12क में सभी कर्मचारी/अधिकारियों का भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही-सही दर्ज हो, ताकि उन्हें सही डाक मतपत्र/ई.डी.सी. जारी किया जा सके। विदित हो कि प्रदेश में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के अनुसार संपन्न कराया गया है, जिसमें निर्वाचक नामावली एकीकरण के कारण विधानसभा निर्वाचन-2023 में की गई पीपीईएस की एन्ट्री से अब सरल क्रमांक/भाग संख्या एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक परिवर्तित हो चुका है। मतदान कर्मियों एवं अन्य निर्वाचन कर्मचारी/अधिकारियों को वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से अपना अद्यतन मतदाता सरल क्रमांक/भाग संख्या खोजे जाने की प्रक्रिया विस्तार से बताई जाये ताकि इनके द्वारा भरे जाने वाले प्रारूप-12/12क में मतदाता सरल क्रमांक/भाग सख्या एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-सही-सही प्रविष्ट किया जा सके। जिले के प्रत्येक प्रशिक्षण केन्द्र के सभी कक्षों में एक डाटा एंट्री ऑपरेटर की व्यवस्था रखी जाए ताकि वह वोटर सर्विस पोर्टल/वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदान कर्मियों को ईपिक नंबर के आधार पर उनके सही-सही भाग संख्या एवं सरल क्रमांक से अवगत करा सके।

अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई जारी

महासमुंद 27 मार्च । अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही के दौरान 23 मार्च को मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी टीम महासमुंद ग्रामीण /शहर/आंतरिक/बागबाहरा की संयुक्त आबकारी टीम द्वारा वृत्त महासमुंद ग्रामीण अंतर्गत ग्राम कुरुभाठा थाना-खल्लारी निवासी गेंदूराम यादव उम्र 35 वर्ष तथा कृष्णा कुमार उम्र 27 वर्ष के संज्ञान आधिपत्य की तलासी लेने पर आरोपियों के कब्जे से क्रमशः दस लीटर क्षमता वाली 06 प्लास्टिक जरीकेनो में (प्रत्येक में 10-10 लीटर) भरी कुल 60 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब तथा किलोग्राम क्षमता वाले 36 प्लास्टिक डब्बों में (प्रत्येक में 50-50 किलोग्राम) महुआ लाहन कुल 1800 किलोग्राम, 20 किलोग्राम क्षमता वाले 25 प्लास्टिक डब्बों में (प्रत्येक में 25-25चाद) 500 किलोग्राम महुआ लाहन कुल बाज़ार मूल्य 127000 रुपए विधिवत कब्जे आबकारी लिया गया, महुवा लाहन को मौके पर नष्ट किया गया।उक्त आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क)(च), 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण कायम किया गया। उक्त कार्रवाई आबकारी वृत्त महासमुंद ग्रामीण प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी दीपक कुमार ठाकुर के नेतृत्व में की गई। उक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार वर्मा, विकास बढेंद्र, हृदय कुमार तिरपुड़े,आरक्षक देवेश मांझी, संजय तिवारी तथा आबकारी स्टाफ महासमुंद उपस्थित थे।इसी प्रकार आबकारी टीम सांकरा द्वारा आबकारी वृत्त सांकरा अंतर्गत रघुनंदन बेनर्जी उम्र 54 वर्ष, ग्राम जामजुडा थाना-सांकरा के रिहायसी मकान की तलासी लेने पर आरोपी के कब्जे से 5 लीटर क्षमता वाली 03 प्लास्टिक पालीथीन में भरी कुल 15 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब, 08 नग देशी प्लेन पाव मात्रा 1.440 लीटर तथा 05 नग गोवा स्पेशल व्हिस्की पाव मात्रा 0.900 लीटर उक्त मदिरा की कुल मात्रा 17.340 लीटर , बाजार मूल्य 4240 रुपये है ।

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने क्षेत्र के लोगों के साथ मिलकर मनाई होली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 27 मार्च। दो दिवसीय प्रवास पर होली मनाने कवर्धा पहुँचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा क्षेत्र वासियों सँग होली मनाई । इस दौरान उन्होंने ग्राम बिरकोन,लखनपुर,भरेली और गड़ईखुर्द में जाकर ग्रामीणों के साथ त्यौहार मनाया । सोमवार को स्थानीय गाँधी मैदान भजिया, मिठाई के साथ साथ फॉग का भी जमकर आनंद लिया । स्थानीय गाँधी मैदान में आयोजित होली मिलन में सांसद संतोष पांडे,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट व जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू , जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू भी कार्यकर्ताओं के साथ साथ नगर वासियों के साथ रँग में रँगते दिखे । इस दौरान ग्रामीण अंचल से पहुँचे कार्यकर्ताओं ने फाग में कर ले वादा ल निभाय करे वादा न निभाय फाग गा कर माहौल को और भी उत्साहित कर दिया । उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पूरा समय क्षेत्र के जनता और कार्यकर्ताओं के साथ बिताया । इस दौरान उन्होंने कहा होली मेरा प्रिय त्यौहार है । यह मन को ऊर्जा उत्साह देने वाला त्यौहार है । होली में सभी प्रकार का भेद मिट जाते है छोटे बड़े बुजुर्ग सब मिलकर त्यौहार मनाते हैं । उन्होंने कवर्धा वासियों के साथ साथ पूरे छत्तीसगढ़ वासियों को होली पर्व की बधाई देते हुए कहा छत्तीसगढ़ वासियों का कवर्धा वासियों का सबका मंगल हो ईश्वर से ऐसी कामना करता हूँ । इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ट पदाधिकारी गण, कार्यकर्ता,एवं नगर वासियों ने जमकर होली खेली और एक दूसरे को बधाई दी ।

भिलाई इस्पात संयंत्र के ओएचपी विभाग में किया गया पौधरोपण

भिलाई, 27 मार्च । भिलाई इस्पात संयंत्र के ओर हैंडलिंग प्लांट - बी विभाग में विगत दिनों पर्यावरण के संरक्षण हेतु वृक्षारोपण किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारीतापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक एच के पाठक, महाप्रबंधक एम हुसैन, महाप्रबंधक ए के सिंह और महाप्रबंधक एन जी हलदर सहित प्रमुख अधिकारीगण वृक्षारोपण अभियान में पर्यावरण के प्रति जागरूक करने हेतु एकजुट होकर वृक्षारोपण किया। ओर हैंडलिंग प्लांट बी विभाग द्वारा की गई यह पहल, एन्वार्मेंटल सस्टेनेबिलिटी के प्रति भिलाई बिरादरी की ओर से संगठन की जिम्मेदारी और समर्पण को रेखांकित करती है।

बढ़ते प्रदूषण को कम करने किये जा रहे कारगर उपाय:अहिरवार

भिलाई, 27 मार्च । बढ़ती जनसँख्या, सड़कों पर वाहनों की बेतरतीब भीड़, हैवी ट्रैफिक मूवमेंट से लेकर ऐसे अनेक कारक हैं जिनसे प्रदूषण का स्तर दिनोंदिन बढ़ते चला जा रहा है। दुनिया भर में निर्बाध प्रदूषण से वैज्ञानिक अवाक् और चिंतित हैं। भारत के अनेक शहरों में वायु प्रदूषण की मार से लोग त्रस्त हुए जा रहे हैं। भिलाई-दुर्ग एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में भी देखें तो यहाँ भी प्रदूषण की समस्या कम नहीं है। भिलाई के औद्योगिक शहर होने की वजह से यहाँ प्रदूषण की चुनौतियाँ सदैव ही वैज्ञानिकों की चिंता और विशेषज्ञों के अध्ययन की परिधि में रही है। इस शहर की आबो-हवा भी अन्य शहरों की तरह कम चिंताजनक नहीं है। यह जरूर है कि भिलाई में भिलाई स्टील प्लांट ने बड़े पैमाने पर जिस तरह का वृक्षारोपण और कृत्रिम जंगल बनाने का कार्य किया है वह जरूर प्रदूषण को रोकने में सहायक है। फिर भी यदि देखें तो पेड़ों का अनमनापन और उनके पत्तों पर जमी धूल-सीमेंट आदि की मोटी परतें रुदन करती हैं कि प्रदूषण के चलते उनके प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया बाधित हो रही है जिसकी वजह से वे कार्बन डाई ऑक्साइड ठीक से ग्रहण नहीं कर पा रहें हैं और न ही ठीक से ऑक्सीजन का उत्सर्जन ही कर पा रहे हैं। इस मामले में पर्यावरणविदों की चिंता तो है ही, वैज्ञानिकों ने भी लोगों को सचेत किया है। इस मामले में जूनियर साइंटिस्ट रमेश अहिरवार ने निज पर शासन फिर अनुशासन का मंत्र बताते हुए कहा है कि प्रदूषण से बचने के लिए सम्मिलित प्रयास जरूरी है। तरुण छत्तीसगढ़ से अनौपचारिक चर्चा करते हुए अहिरवार ने कहा कि प्रदूषण रोकने के लिए विभागीय स्तर पर लगातार कोशिशें जारी हैं। पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग का कार्य जारी रहता है फिर भी आम लोगों को सावधान और सचेत रहने की जरूरत है। वैज्ञानिक रमेश अहिरवार ने बताया कि ट्रैफिक मूवमेंट, सिग्नल्स, सड़कों की स्थिति आदि का अवलोकन करें तो स्थिति समझ में आ जाती है। उद्योगों में प्रदूषण नियंत्रक ईएसपी के माध्यम से प्रदूषण रोकने की कोशिशें होती हैं। चार स्टेशनों द्वारा ऑनलाइन एम्बिएंट क्वालिटी की लगातार मॉनिटरिंग होती है। मैन्युअल स्टेशनों द्वारा भी वायु गुणवत्ता का पता चल जाता है। एम्बिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम बहुत ही अच्छा है। अहिरवार ने कहा कि आम जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के साथ ही वायु गुणवत्ता मॉडल मूल्यांकन और उत्सर्जन नियंत्रण रणनीतियों पर लगातार अध्ययन चलता रहता है। उन्होंने अन्य बारीकियों से भी अवगत करते हुए कहा कि जरूरी है कि हम सभी जागरूक हों और प्रदूषण मुक्त वातावरण में सहभागी बनें।

31 मार्च तक टैक्स जमा कर बचें अधिभार से

भिलाई, 27 मार्च । भिलाई निगम क्षेत्र के करदाताओं को बिना अधिभार एवं शास्ति शुल्क के टैक्स पटाने पांच दिन शेष है करदाता घर बैठे 31 मार्च तक ऑनलाइन टैक्स का भुगतान कर 1 अप्रैल से लगने वाले 18 प्रतिशत अधिभार तथा राशि एक हजार रुपये शास्ति शुल्क के दण्ड से मुक्त हो सकते है। निगम ने भवन मालिकों की सुविधा के लिए हिन्दी में वेबसाइट लांच किया जिसके लिंक में संपत्ति कर बटन पर क्लिक करने पर संपत्ति कर में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा, ओटीपी डालने पर संपत्ति कर का विवरण, डिमांड नोट आदि की जानकारी प्राप्त होगी। भुगतान में क्लीक करने पर विकल्प के रूप में क्रेडिट, डेबिट, नेट बैंकिंग, यूपीआई पूछा जाएगा जिस पर क्लिक करने पर भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण होगी। साथ ही वेबसाईट से ही भुगतान की रसीद जनरेट होगी, जिसे भवन मालिक प्रिंट कर सुरक्षित रख सकते है। निगम के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में भी संपत्ति कर जमा करने के लिए काउंटर खोले गये है जो अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे। गौरतलब है कि 31 मार्च के पूर्व नागरिक अपने आवासीय, व्यावसायिक भवनों के संपत्ति कर सहित निगम के अन्य देय कर राशि को जमा करके 1 अप्रैल से लगने वाले 18 प्रतिशत अधिभार तथा एक हजार रुपये शस्ति शुल्क की राशि से बच सकते हैं।

अभा तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक साहू के बनने पर बधाइयों का तांता

कवर्धा, 27 मार्च। पूर्व विधायक अशोक साहू के अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर कबीरधाम जिले में खुशी की लहर फेल गई है । फोन पर और उनके निवास पर पहुंचकर पूर्व विधायक अशोक साहू को गुलदस्ता भेंटकर और मिठाई खिलाई कर बधाई दे रहे है ।

स्वस्थ बच्चों के प्रजनन के लिए सफेद बाघों का विनिमय

भिलाई, 27 मार्च । सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र न सिर्फ इस्पात उत्पादन के लिए बल्कि सफेद बाघों के प्रजनन के लिए भी ख्याति प्राप्त है। 21 मार्च को मैत्री बाग चिड़ियाघर में एक सफेद बाघिन 'जया' को रायपुर के जंगल सफारी, नंदनवन जू से लाकर छोड़ा गया। इन-ब्रीडिंग को रोकने और आउट-ब्रीडिंग के उद्देष्य को ध्यान में रखते हुए भिलाई के मैत्री बाग से एक सफेद बाघिन 'रक्षा' को जंगल सफारी, रायपुर भेजा गया है। नंदनवन जू, जंगल सफारी, रायपुर से एक सफेद बाघिन 'जया' को लाया गया। 6 वर्ष 5 माह की सफेद बाघिन 'जया' को संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार एवं कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा मैत्रीबाग चिड़ियाघर के इन्क्लोजर में छोड़ा गया। स्वस्थ बच्चों के लिए इन-ब्रीडिंग को रोकने और आउट-ब्रीडिंग के उद्देष्य से इस आपसी विनिमय के तहत मैत्रीबाग चिड़ियाघर से एक सफेद बाघिन को नंदनवन जू, जंगल सफारी, रायपुर भेजा गया। सेन्ट्रल जू अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नियमों के अनुसार यह विनिमय किया गया है। एक ही परिवार के माता-पिता से पैदा होने वाले बच्चे आगे चलकर अस्वस्थ, विभिन्न बिमारियों और संतान उत्पत्ति कर सकने में कठिनाई होती है। रायपुर के जंगल सफारी की जया भी एक ही परिवार के माता-पिता से उत्पन्न हुई है और उसे दूसरे समूह के नर से संतान उत्पत्ति के लिए लाया गया है। इसी तरह भिलाई में भी 'रक्षा' को रायपुर भेजा गया है।

बीएसपी के यूआरएम एवं आरएसएम कर्मचारियों की उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए की गई सराहना

भिलाई, 27 मार्च । सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र अपने कर्मचारियों को संयंत्र के संचालन में उनके योगदान हेतु, उनके कार्यक्षेत्र पर किये गए अनुकरणीय प्रदर्शन और असाधारण योगदान को पहचान कर उनका सम्मान करने के लिए उन कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने, उत्कृष्ट कार्यों को बढ़ावा देने, समर्पित प्रयासों को पहचानने और कर्मचारियों को बेहतर प्रयास करने के लिए प्रेरित करने का माहौल बनाने के उद्देश्य से कई प्रयास किये हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता ने अपने कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशंसा पत्र के साथ सम्मानित किया। इनमें सीनियर ओसीटी सुदामा महिलागे, ओसीटी मदन गोपाल, तकनीशियन ई चिरंजीवलू, सीनियर ओसीटी इंद्रजीत सिंह, ओसीटी प्रमोद कुमार वर्मा, ओसीटी

सुधीर कुमार यादव, ओसीटी नीतेश्वर सिंह धुर्वे और ओसीटी ततिकोंडा श्रीकर शामिल हैं।

आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने अधिकारी व अमले के साथ निरीक्षण कर देखी वार्ड की सफाई व्यवस्था

दुर्ग, 27 मार्च। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,उपअभियंता मोहित मरकाम के साथ आज प्रातः साफ सफाई व्यवस्था वार्ड क्रमांक 10 एवं 9 का भ्रमण किया।वार्डों व बाजार में साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर आयुक्त द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। बुधवार को आयुक्त श्री चन्द्राकर ने शंकर नगर व गिरधारी नगर वार्ड 10 व 9 में होने वाली सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान वे वार्ड नंबर 60 में भी पहुंचे।जहाँ नल खुलने के दौरान पेयजल समस्या के संबंध में प्राप्त शिकायत के दौरान भ्रमण किया गया।उन्होंने निरीक्षण के दौरान लोगो को पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना बतलाया गया। इस अवसर पर आयुक्त ने नागरिकों से जानकारी में पूछा गया। नागरिको ने कहा मिल रहा है पर्याप्त पानी।उल्लेखनीय है कि वार्ड में पानी की निकासी के लिए निर्मित नालियों की सफाई के साथ-साथ अंदरूनी मार्ग तथा आवागमन के लिए उपयोग होने वाले मार्गों पर नियमित सफाई करने के निर्देश निगम आयुक्त ने दिया । इसके अलावा मुख्य सड़क मार्ग के दोनों तरफ किसी भी प्रकार की गंदगी अथवा मिट्टी का ढेर जमा नहीं होने देने की चेतावनी दी है। सुबह निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने नाला व नालियों का निरीक्षण कर सुपर वाइजर को निर्देश देते हुए कहा कि नाला के आस पास दुकानों व घर वालो को जाकर चेताये कि नालों में दुकान का झिल्ली पन्नी एवं अन्य कचरा न डाले।उन्होंने सफाई सुपरवाइजरों को यह भी निर्देश दिए गए कि अपने तैनाती वार्ड के घरों के लोगों से सघन संपर्क करते हुए की गीला कूड़ा/ सूखा कूड़ा अलग-अलग करके ही कूड़ा दें। जिससे सही प्रकार से निस्तारित किया जा सके।साथ ही आयुक्त द्वारा यह भी निर्देश दिए गए कि किसी भी स्थान पर कूड़ा एकत्रित हो तो उसे तत्काल संबंधित कर्मी को सूचित करते हुए कूड़ा उठान कर लिया जाए।यदि किसी भी घरों के द्वारा इधर-उधर मार्गो गलियों में कूड़ा फेंका जाता है तो इसकी सूचना स्वास्थ्य अधिकारी को दें एवं उनके माध्यम से उन्हें जागृत करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।जन संपर्क विभाग/राजू बक्शी

कार डिवाइडर से टकराई,2 की मौत

भिलाई। भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र बीती रात को एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 2 की हालत गंभीर बनी हुई है घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस मामले की जांच में जुटी है पुलिस ने बताया कि घटना बीती रात को बजे 12 से एक बजे के बीच हुआ है एक तेज रफ्तार कार छ्त्र 04 स्ध्ध्12 लगभग 120 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आई और डिवाइडर से जा टकराई कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि वो कई फीट ऊपर हवा में उछली और फिर पलट गई। हादसे में कार के अंदर बैठे कार चालक सहित 2 की मौत हो गई, वहीं 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए

घायलों का इलाज दुर्ग जिला अस्पताल में जारी

मृतकों की पहचान मोनीश उर्फ मोंटी (24) और इमलेश देशलहरे (17) के रूप में हुई है। वहीं घायलों की पहचान रामजाने और धर्मेंद्र के रूप में हुई है। सभी खुशी पैलेस के पास सिकोलाभाटा दुर्ग के रहने वाले हैं सूचना मिलते ही पुलिस देर रात मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है बुकिंग छोड़कर लौटा था मोनीश मोनीश उर्फ मोंटी पेशे से टैक्सी ड्राइवर है। वो अपनी कार की बुकिंग लेकर गया हुआ था। देर रात सवारी को ड्रॉप करके घर लौटा था। इसी दौरान उसे उसका दोस्त इमलेश मिला। इमलेश घूमने चलने की जिद करने लगा। इसके बाद मोनीश तैयार हो गया। मोनीश, इमलेश, रामजाने और धर्मेंद्र घूमने के लिए निकले थे, लेकिन मस्ती में तेज रफ्तार कार चलाने से उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई

मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण लगातार गिर रहा रुपए का स्तरः विनोद

महासमुंद। पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार अपने न्यूनतम स्तर पर चल रहा है। रुपए की इस गिरावट पर न तो प्रधानमंत्री की आवाज निकल रही है और न ही किसी अन्य भाजपाई के मुंह से कुछ निकल पा रहा है। इस रिकॉर्ड गिरावट का श्रेय भी आगे बढ़कर प्रधानमंत्री और सभी भाजपाइयों को लेना चाहिए। चंद्राकर ने कहा कि यह देश के लिए कितने शर्म की बात है कि केंद्र सरकार के लचर वित्तीय प्रबंधन व गलत आर्थिक नीतियों के कारण एक डॉलर अब 83.52 रूपए के बराबर हो चुका है। देश के इतिहास में यह गिरावट आज तक की सबसे बड़ी गिरावट है। लगातार गिर रहे रूपए को संभालने के लिए केंद्र सरकार के पास न तो कोई नीति है और न ही किसी तरह की नीयत है। यही कारण है कि 2014 में भाजपा की सरकार बनने के बाद से लगातार रुपया कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगर यह सब इसी तरह चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं, जब रुपया और अधिक लुढ़कते हुए 84 का आंकड़ा भी पार कर लेगा।

निधन

एन बी सिंह

भिलाई। हुडको निवासी एन बी सिंह का निधन 88 वर्ष की आयु में 26 मार्च को हो गया है। वे लंबे समय से बीमार थे। जिनका अंतिम संस्कार 28 मार्च गुरुवार को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। उनकी शव यात्रा उनके निज निवास हुडको से निकलेगी। वे रंजीत सिंह के पिता थे।

एक नजर

लायजनिंग अधिकारियों की चुनाव के लिए लगाई गई ड्यूटी

राजनांदगांव 27 मार्च। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकगण के उनके आगमन एवं आवश्यक समन्वय करने लायजनिंग अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव के लिए सामान्य प्रेक्षक श्री शशि रंजन के लायजनिंग अधिकारी कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग श्री जीडी रामटेके मोबाईल नंबर 9926164042, व्यय प्रेक्षक श्री प्रवीण रंजन के लायजनिंग अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव श्री श्रीकांत चन्द्राकर मोबाईल नंबर 9406037648, पुलिस प्रेक्षक श्री योगेन्द्र कुमार के लायजनिंग अधिकारी थाना प्रभारी थाना गैंदाटोला संलग्न पुलिस लाईन राजनांदगांव श्री ओमप्रकाश ध्रुव मोबाईल नंबर 7000790618 रहेंगे।

मतदाताओं को जागरूक करने मनाई गई स्वीप होली

धमतरी 27 मार्च। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में होली के दौरान मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही आमलोगों को मताधिकार की जानकारी दी गई। इसके अलावा सभी से लोकसभा चुनावी महापर्व में हिस्सा लेने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का, परियोजना अधिकारी श्रीमती चित्ररेखा यादव सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

मतदान दलों का प्रशिक्षण 28 मार्च को

धमतरी 27 मार्च। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त मतदान दलों को 27 एवं 28 मार्च 2024 को प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण 27 मार्च को सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल एवं 28 मार्च को सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल तथा मेनोनाईट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक दिया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री गांधी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को उक्त मतदान दलों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिकित्सकीय टीम की उपस्थिति समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

संस्था प्रमुख के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश

धमतरी 27 मार्च। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आदर्श आचरण संहित लागू होने की वजह से जिले में विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा अवकाश अथवा निर्वाचन ड्यूटी से पृथक होने संबंधी आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को प्रस्तुत किया जाना है। इस संबंध में सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी (अवकाश स्वीकृति) सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि अधिकारी, कर्मचारी संबंधित संस्था प्रमुख के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करेंगे।

अवैध शराब की रोकथाम के लिए शराब अनुवीक्षण दल का गठन

राजनांदगांव 27 मार्च। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान अवैध शराब की रोकथाम के लिए आबकारी विभाग के अधिकारी अधिकारी-कर्मचारियों की थानेवार शराब अनुवीक्षण दल का गठन किया है। डोंगरगांव थाना अंतर्गत शराब अनुवीक्षण दल प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी वृत्त प्रभारी राजनांदगांव ग्रामीण श्रीमती कुसुमलता जोल्हे एवं दल के सदस्य आबकारी आरक्षक श्री मिलाप मंडावी, घुमका थाना अंतर्गत शराब अनुवीक्षण दल प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक वृत्त प्रभारी राजनांदगांव श्री श्रवण दास वैष्णव एवं दल के सदस्य आबकारी आरक्षक वृत्त राजनांदगांव श्री ताम्रध्वज ठाकुर, राजनांदगांव थाना अंतर्गत शराब अनुवीक्षण दल प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक वृत्त प्रभारी राजनांदगांव श्रीमती तुलेश्वरी देवांगन एवं दल के सदस्य आबकारी आरक्षक वृत्त राजनांदगांव श्री आर्यन ठाकुर एवं आबकारी आरक्षक वृत्त राजनांदगांव श्री भेजराज बंजारे, चिचोला थाना अंतर्गत शराब अनुवीक्षण दल प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक वृत्त प्रभारी चिचोला श्रीमती नेहा सिंह एवं दल सदस्य आबकारी उप निरीक्षक वृत्त चिचोला श्री नागेश निषाद और डोंगरगढ़ थाना अंतर्गत शराब अनुवीक्षण दल प्रभारी आबकारी उप निरीक्षण श्री उज्जवल सूत्रधर एवं दल सदस्य आबकारी मुख्य आरक्षक वृत्त डोंगरगढ़ श्री लालसिंह राजपूत की ड्यूटी लगाई गई है।

मतदान जागरूकता के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के दीवार लेखन में नारे बने आकर्षण का केन्द्र

राजनांदगांव 27 मार्च। जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं। इसकी एक बानगी ग्रामीण क्षेत्रों के दीवार लेखन में दिखी। जिला पंचायत द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत मतदान के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है और दीवारों पर नारे लिखे जा रहे हैं, ताकि जनसामान्य में मतदान के प्रति रूझान रहे। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जनपद सीईओ राजनांदगांव सुश्री तनुजा मांझी, जनपद सीईओ डोंगरगांव श्री नवीन कुमार, जनपद सीईओ डोंगरगढ़ सुश्री दिव्या ठाकुर, जनपद सीईओ छुरिया श्री नारायण बंजारा द्वारा स्वीप के तहत वाल राइटिंग के लिए कार्य किया जा रहा है। ऊर्जा एवं उत्साह के साथ दीप्त द्वारा मतदान के प्रति जनसामान्य में जागरूकता लाने का कार्य किया जा रहा है। वोट करे बर सब ला हे जाना मंडी हो चाहे कन्या शाला, वोट डालबो सब चलो ठाठ से सुरगी हो चाहे रतनभाट से, अंजोरा हो या घुमका वोट डालना है हमका, मतदान करो सब जुन्ना नवा फेर का सोमनी अउ हरदुवा, नांदगांव के अब एके पहचान सत प्रतिशत होही मतदान, वोट करे बर सब ला हे जाना सोच समझ के बटन ला दबाना जैसे नारे दीवारों पर लिखवाये जा रहे हैं।

राशन नहीं मिलने पर महिलाओं में आक्रोश, जनपद सीईओ को दिया ज्ञापन

■ पूर्व विधायक छन्नी साहू के गांव का मामला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया 27 मार्च। विकासखंड के ग्राम पंचायत भर्रीटोला के आश्रित ग्राम पैरीटोला के लगभग 40 से 45 महिलाओं ने जनपद पंचायत के सीईओ नारायण बंजारा को शासकीय उचित मूल्य दुकान से 2 से 3 महीना से राशन नहीं मिलने का ज्ञापन सौंप कर अपनी पीड़ा बताएं हैं। ज्ञापन में लिखा गया है कि हमारे गांव के कोटा में 2 से 3 माह से राशन नहीं मिल रहा है जिसे हमारे घरों में राशन की समस्या बढ़ रही है राशन देने वालों को पूछते हैं तो चावल आएगा तभी देंगे बोलते हैं। जिसमें पर्याप्त राशन नहीं मिल रहे हैं जिनको राशन का जानकारी मिलता है वह व्यक्ति जाकर ला लेता है और बाकी व्यक्ति जाता है तो राशन नहीं मिलते हैं ,राशन नहीं है करके बोलते हैं। राशन आने पर ग्राम कोटवार के पास मुनियादी नहीं करता है हम ग्राम वासी निवेदन करते हैं कि हमारा समस्या का समाधान किया जावे।

ज्ञात हो कि पैरीटोला पूर्व विधायक छन्नी साहू का गांव हैं महिलाओं को पूछा कि आप अपनी समस्या को पूर्व विधायक को बताएं हैं, तब सभी महिलाएं एक स्वर में कहा कि पूर्व विधायक छन्नी साहू को बताने के बाद भी कोई ध्यान नहीं देती हैं, उन्हें गांव के समस्या से कोई सरोकार नहीं है।

ज्ञापन देने के लिऐ कोमल बाई साहू,कुलेसा बेगम, देवकी कंवर, कमला बाई विश्वकर्मा, अमीदा बेगम, मीना बेगम, हेमिन बाई साहू, अहिल्या बाई साहू, सोनबती कंवर, मोतीमबाई साहू, दिनेश्वरी मेश्राम, दीपिका कुलदीप, पूर्णिमा कंवर, दुलौरीन कंवर, भान बाई कंवर, ललिता बाई, सरिता कंवर, उर्मिला साहू, मीराबाई कंवर, सुनीता बाई साहू, गायत्री बाई साहू, कलेंद्री धमगाये, बिंदा कंवर, हेमबती साहू, बीरम बाई कंवर, जयता बाई कंवर, सावित्री बाई कंवर, सबाना यादव, सरस्वती कंवर, तुलसिया बाई, पुनीता ओटी, लीला साहू, लीला बाई साहू, सुखनतीन बाई कंवर, दुखिया बाई नेताम, परमिला बाई कंवर, यशवंतीन बाई साहू, सीमा साहू, गीता बाई मंडावी, योगेश्वरी साहू, पार्वती सलामे, भुनेश्वरी सेन, बुधनतीन कंवर गंगा बाई गोड आदि ने जनपद कार्यालय पहुंच कर सीईओ बंजारा को ज्ञापन दिया गया।

शराब तस्करों पर छुरिया पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई

छुरिया 27 मार्च। पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा अवैध शराब बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु दिये गये सख्त निर्देश के पालन में, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में दिनांक 23.03.2024 को थाना छुरिया से उप निरीक्षक ओम साहू के नेतृत्व में थाना छुरिया पुलिस स्टाफ जुर्म जरायम पता साजी हेतु रवाना हुये थे जो मुखबीर से सुचना मिला कि 02 व्यक्ति एक नीले रंग की स्कूटी में शराब भट्ठी से भारी मात्रा में शराब ले जा रहे है, छुरिया की ओर जाने वाले है कि सुचना पर चदैनीडीह मार्ग पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया आरोपी 1.नरेश ठाकुर पिता अर्जुन ठाकुर उम्र 32 साल एवं रोहित सिन्हा पिता राजकुमार सिन्हा उम्र 21 साल दोनों निवासी ग्राम पाटेकोहरा पुलिस चैकी चिचोला थाना छुरिया जिला राजनांदगांव के कब्जे से 100 पौवा गोवा स्ये0 व्हीस्की मात्रा 18 बल्क लीटर कीमती 12000/रूपये वाहन में प्रयुक्त स्कूटी जुपिटर क्रमांक सीजी 08 ए एक्स 6802 कीमती 80000/- रूपये एवं नगदी रकम 15200/- रूपये जप्त हुआ। पुछताछ में उक्त शराब परमजीत सिंह उर्फ पम्मे निवासी पाटेकोहरा के द्वारा मंगाया जाना वाहन उपलब्ध कराने एवं खरीदी के लिए रकम देना बताये। आरोपियों को

गिरफ्तार कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना छुरिया से उप निरीक्षक ओम साहू, आर. आरए 1243 लक्ष्मण नेताम, आर.1251 धर्मेन्द्र सिंह, आर.1583 परिवेश वर्मा, आर.1494 जीवन लाल ठाकुर (सायबर सेल राजठ) की विशेष भूमिका रही। अवैध शराब परिवहन करने वाले 02 आरोपियों के विरूद्ध थाना छुरिया द्वारा की गई कार्यवाही। आरोपी के कब्जे से 100 पौवा गोवा स्ये0 व्हीस्की मात्रा 18 बल्क लीटर कीमती 12000/रूपये वाहन में प्रयुक्त स्कूटी जुपिटर क्रमांक सीजी 08 ए एक्स 6802 कीमती 80000/- रूपये एवं नगदी रकम 15200/- रूपये जप्त। पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा अवैध शराब बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु दिये गये सख्त निर्देश के पालन में, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में दिनांक 23.03.2024 को थाना छुरिया से उप निरीक्षक ओम साहू के नेतृत्व में थाना छुरिया पुलिस स्टाफ जुर्म जरायम पता साजी हेतु रवाना हुये थे जो मुखबीर से सुचना मिला कि 02 व्यक्ति एक नीले रंग की स्कूटी में शराब भट्ठी से भारी मात्रा में शराब ले जा रहे है, छुरिया की ओर जाने वाले है कि सुचना पर चदैनीडीह मार्ग पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया आरोपी 1.नरेश ठाकुर पिता अर्जुन ठाकुर उम्र 32 साल एवं रोहित सिन्हा पिता राजकुमार सिन्हा उम्र 21 साल दोनों निवासी ग्राम पाटेकोहरा पुलिस चैकी चिचोला थाना छुरिया जिला राजनांदगांव के कब्जे से 100 पौवा गोवा स्ये0 व्हीस्की मात्रा 18 बल्क लीटर कीमती 12000/रूपये वाहन में प्रयुक्त स्कूटी जुपिटर क्रमांक सीजी 08 ए एक्स 6802 कीमती 80000/- रूपये एवं नगदी रकम 15200/- रूपये जप्त हुआ।

29 मार्च को साईं संजयदेव मसंद एवं माता अनुपमा देवी का होगा सम्मान

रायपुर 27 मार्च। अहमदाबाद स्थित सिंधी समुदाय के प्रसिद्ध धार्मिक आस्था केंद्र निज वैकुंठधाम के पीठाधीश साईं संजयदेव मसन्द एवं उनकी धर्मपत्नी, विख्यात प्रवचनकार माता अनुपमादेवी मसन्द का रायपुर आगमन पर शुक्रवार 29 मार्च को शाम 5 बजे शंकरनगर स्थित सिंधु पैलेस में सिंधी समुदाय की समस्त पूज्य पंचायतों एवं समाजसेवी संगठनों द्वारा भावभीना सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय मसन्द सेवाश्रम के तत्वावधान में किया गया है। सेवाश्रम के पीठाधीश साईं जलकुमार मसन्द साहिब ने बताया कि गुजरात, सौराष्ट्र, राजस्थान, उत्तराखण्ड व मध्यप्रदेश के 24 नगरों में निज वैकुंठधाम की शाखाएं स्थापित हैं। साईं संजयदेव मसन्द साहिब पूर्व में भारतीय जल सेना में कैप्टन थे तथा उनकी धर्मपत्नी अनुपमा देवी दिल्ली दूरदर्शन की विख्यात अभिनेत्री रही हैं।

पूज्य शदाणी दरबार के पीठाधीश साईं युधिष्ठिरलाल साहिब, पूज्य गोधरीधाम की महंत अम्मा मीरादेवी एवं श्रीदुर्गा मंदिर, लिली चौक के महंत अनंतपुरी गोस्वामी साहिब इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम में पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत एवं उसकी युवा शाखा के नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों का भी सम्मान किया जाएगा। पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष रहेंगे। नगर के दो विख्यात समाजसेवी संगठन सेवा पथ तथा एक पहल और के स्वयंसेवक कार्यक्रम की व्यवस्था संभालेंगे।

उल्लेखनीय है कि साईं संजयदेव मसन्द साहिब अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान हर बार बड़ी संख्या में अपने शिष्यों के साथ मसन्द सेवाश्रम के पीठाधीश साईं जलकुमार मसन्द साहिब से भेंट करने शांतिनगर स्थित उनके सेवाश्रम अवश्य आते हैं।

बाबा मरस पोटा धाम में 30 से श्री मद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ

राजनांदगांव 27 मार्च। वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा राजनांदगांव में स्थित बाबा मरस पोटा धाम में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक सप्ताहिक संगीत मय श्री मद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है बाबा मरस पोटा धाम के संरक्षक श्री राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि राजनांदगांव से 16 किलोमीटर दूर स्थित चारों ओर जंगल एवं पहाड़ी से घिरा आकर्षक एवं भव्य स्थान बाबा मरस पोटा धाम में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक साप्ताहिक संगीत मय श्री मद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया कथा वाचक श्री श्री 108 श्री राम शरण लोचन जू महाराज फलाहारी आश्रम श्री शारदा देवीधाम मैहर होगे 1/चैत्र कृष्ण पक्ष पंचमी दिन शनिवार 30 मार्च 2024 शोभा यात्रा 2/चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी 2 अप्रैल मंगलवार श्री कृष्ण जन्मोत्सव 3/ चैत्र कृष्ण पक्ष नवमी 3 अप्रैल दिन बुधवार

गोवर्धन पूजा 4/ चैत्र कृष्ण पक्ष दशमी दिन गुरुवार 4 अप्रैल श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह उत्सव 5/ चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी दिन शुक्रवार 5अप्रैल सुदामा चरित्र परिक्षित मोक्ष रात्रि हवन 6/ चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी दिन शनिवार 6 अप्रैल ब्राह्मण/कन्या भोज /विसर्जन बाबा मरस पोटा धाम समिति के दिलीप साहु/विकास लिमचा/रवि साहु/ राजकुमार देवांगन/विशाल साहु/कृष्णा साहु/चंदा /अर्जुन पुरषोत्तम साहु/मुकेश/निलकंठ/ संजय यादव/थरवेतन /गांधी साहु/ राहुल श्रीवास्तव ने बाबा मरस पोटा धाम में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कार्य क्रम को भव्य बनाने की अपील की है।

होली के दिन आम लोगों डरा धमका रहे बदमशो पर पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाई

राजनांदगांव 27 मार्च। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में होली त्यौहार एवं अगामी लोकसभा चुनाव में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाने अवैध गांजा - शराब बिक्री, जुआ, सटटा, तथा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत दिनांक 25.03.2023 को स्टेशनपारा 16 खोली मैदान के पास चाकु लहरा कर लोगों में भय उत्पन्न कर रहे (01) सुधाकर उत्केल पिता अशोक उत्केल उम्र 23 साल निवासी 16 खोली स्टेशनपारा वार्ड न0 12 पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ0ग0

(02) निलेश सिंह राजपूत पिता स्व0 राजेन्द्र सिंह राजपूत उम्र 20 साल निवासी 16 खोली स्टेशनपारा वार्ड न0 12 पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ0ग0 के विरूद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के आदेश पर जेल दाखिल किया गया। इसी प्रकार स्टेशन पारा में शांति भंग करने के उद्देश्य से गाली गलौच कर रहे आदतन गुंडा बदमाश चंदन उत्केल पिता कन्हैया उत्केल उम्र 30 साल निवासी स्टेशन पारा 16 खोली पुलिस चौकी चिखली राजनांदगांव के विरूद्ध धारा 151/107,116(3) जा0फौ0 के तहत कार्यवाही कर मान.न्यायालय राजनांदगांव पेश कर मुताबिक आदेश जेल दाखिल किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में उनि नरेश कुमार बंजारे, एएसआई इब्राहिम खान, प्र0आर0 सुनील वर्मा, म0प्र0आर0 वंदना पटले, आर0 कमल साहू, सिंधु सिन्हा, देवेन्द्र कुमार ,मनोज जैन एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 26 अप्रैल को मतदान

मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश की मंजूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी 27 मार्च। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद एवं धमतरी तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा के लिए आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 ख, 'मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश मंजूरी' में उल्लेखित प्रावधान अनुसार मतदान दिवस को किसी कारोबार, व्यवसाय औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को सवेतन अवकाश स्वीकृत करने के निर्देश हैं।

इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में उन्होंने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व प्रावधान अनुसार किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोकसभा या किसी राज्य की विधानसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि उपधारा (1) के अनुसार अवकाश मंजूर करने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जाएगी और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यतया किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होते हुए भी उसे ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी संदत्त की जाएगी, जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किए जाने की दशा में दी गई होती। यदि कोई नियोजक उपधारा (1) और उपधारा (2) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा, तो ऐसा नियोजक जुर्माने से, जो पांच सौ रूपए तक हो सकेगा, दंडनीय होगा। यह धारा किसी ऐसे नियोजक को लागू नहीं होगी।

रैली निकालकर दिलाई गई मतदान की शपथ

धमतरी 27 मार्च । लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद और धमतरी तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता रैली, रंगोली, नारा, स्लोगन इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इन्हीं कार्यक्रमों में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय धमतरी में मतदान की शपथ दिलाई गई। शपथ में उन्होंने हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्णा रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

समाचार संक्षेप

विभिन्न ग्रामो मे आयोजित फाग महोत्सव में शामिल हुए खुज्जी विधायक भोलाराम साहू

छुरिया 27 मार्च। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तेलगांन, हैदलकोडो, दतरेंगा, बेलरगोंदी, बोईरडीह, भोलापुर, पांडुका आदि ग्रामों में फाग (महोत्सव) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता मे खुज्जी विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए,विधायक श्री साहू ने क्षेत्रवासियों एवं प्रदेशवासियों को होली पर्व की बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया उन्होंने कहा कि गांव-गांव में इस तरह के आयोजन होने से परस्पर आपसी प्रेम भाईचारा का वातावरण बना रहता है. हमें गांव के प्रत्येक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।होली त्यौहार आनंद और उमंग का त्यौहार है, अधर्म पर धर्म की जीत का त्यौहार है, अपने अंदर की बुराई को त्यागकर सदैव सत्य पर अडिग रहे।इस अवसर पर छुरिया ब्लाक के कार्यकारी अध्यक्ष राजू सिन्हा , कुमरदा ब्लाक के कार्यकारी अध्यक्ष गिरधारी लाल साहू ,राम खिलावन, पूरन नेताम ,रोशन साहू,प्रतिमा साहू , चंद्रिका साहू, हेमलता बंजारे,मनीराम साहू, सरपंच रूखम पांडे, तुलसी मंडावी ,मानिक पटेल समस्त ग्राम वासी व क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

नगर निगम कमिश्नर और एनआईटी के डायरेक्टर के बीच हुई महत्वपूर्ण बैठक

रायपुर 27 मार्च। नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के निर्देशक एन वी रमना राव और प्राध्यापकों के साथ आज महत्वपूर्ण बैठक हुई।इस बैठक में शहरी क्षेत्र में जलभराव, जल निकास व्यवस्था जैसे चुनौतियों को दूर करने में आधुनिक तकनीकों के उपयोग सहित रायपुर शहर योजना के निर्धारण संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई । एन आई टी और रायपुर नगर निगम शहरी विकास को नई दिशा देने मिलकर काम करेगा इसके लिए दोनों के मध्य शीघ्र एम ओ यू निष्पादित होगा । निगम आयुक्त श्री मिश्रा के अनुसार नगरीय क्षेत्र में कचरों के निष्पादन , बारिश के दिनों में जल भराव, समुचित पेयजल की सुलभता जैसे कई विषयों सहित शहर विकास योजना में राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान के विशेषज्ञों की सहायता ली जाएगी । इस संबंध में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में शहर विकास की चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा हुई । बैठक में एन आई टी के डायरेक्टर श्री रमना सहित प्रोफेसर डॉ.आर के त्रिपाठी, डॉ. जी डी रामटेकर, डॉ. समीर बाजपेयी, प्रो. सन्याल सहित नगर निगम के अधीक्षण अभियंता श्री राजेश शर्मा , कार्यपालन अभियंता इमरान खान शामिल हुए। बैठक में भविष्य की कार्य योजना और रोड मैप पर भी चर्चा हुई । एन आई टी और नगर निगम के मध्य एम ओ यू शीघ्र होगा , जिसके पश्चात संस्थान के विषय विशेषज्ञों की देखरेख में शहरी विकास योजनाओं संबंधी मार्गदर्शन आधारित कार्य योजना निर्धारित होगी ।

स्वसहायता समूह की महिलाओं ने ग्रामवासियों को मतदान के लिए किया प्रेरित

राजनांदगांव 27 मार्च। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखण्ड के संकुल संगठन मुसराकला में मतदान जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा हाथों में मेंहदी लगाकर जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान सभी को मतदाता शपथ दिलाई गई। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में जिले में स्वीप अंतर्गत लगातार मतदाता जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

मतदान का समय अधिसूचित किया गया

राजनांदगांव 27 मार्च । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 06-राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में मतदान तिथि 26 अप्रैल 2024 शुक्रवार को मतदान का समय अधिसूचित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा ने बताया कि अधिसूचना के अनुसार मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 शुक्रवार को संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 06-राजनांदगांव अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर (अनुसूचित जनजाति) में सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक का मतदान के लिए समय अधिसूचित किया गया है।

सबसे महंगा चुनाव होने जा रहा है देश में

संपादकीय

देश में लोकसभा चुनाव हर बार महंगा हो जाता है क्योंकि हर पांच साल में चुनाव में लगने वाली वस्तुओं की कीमत बढ़ जाती है। इससे प्रत्याशियों का खर्च भी बढ़ जाता है। चुनाव आयोग को भी खर्च की सीमा हर पांच साल में बढ़ानी पड़ती है। चुनाव का एक सस्ता सिस्टम आजादी के बाद ही बनाने की जरूरत थी लेकिन इस ओर तब के राजनीतिक दलों ने ध्यान नहीं दिया। तब के राजनीतिक दलों में इस बात को मोह था कि अगर हम चुनाव सिस्टम में सुधार करते हैं तो इससे देश को तो फायदा होगा लेकिन उनका आर्थिक रूप से नुकसान होगा। यही वजह कि आजादी के पचास साल तक किसी राजनीतिक दल ने चुनाव सुधार की ओर ध्यान नहीं दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि चुनाव में काले धन का उपयोग बढ़ता गया और चुनाव महंगा होता गया और हर किसी के बस की बात नहीं रही चुनाव लड़ना। चुनाव वही लड़ सकता था जिसके पास पैसा है, चुनाव वही पार्टी जीत सकती थी जिसे सबसे ज्यादा चंदा मिलता था। कांग्रेस को देश में आजादी के बाद सबसे ज्यादा चुनावी चंदा मिलता था, इससे वही सबसे ज्यादा पैसे खर्च कर चुनाव जीत जाती थी बाकी दल आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण बहुमत प्राप्त नहीं कर पाते थे और सरकार बना नहीं पाते थे। आजादी के बाद किस दल को कितना चंदा मिला इस बात को कोई हिसाब नहीं देना पड़ता था। तब चंदा नगद दिया जाता था इसलिए पार्टी के नाम पर चंदा व्यक्ति को मिला करता था, जो चंदे के जुगाड़ करता था, वह कुछ पैसा पार्टी को देकर कुछ पैसा खुद भी रख लेता था, इससे तब के नेताओं के पास भी चंदा का पैसा आता था, और पार्टी के फंड में जाता था इससे पार्टी व नेता दोनों को पैसा मिलता इसलिए दोनों नहीं चाहते थे कि चुनावी चंदे का ऐसा कोई सिस्टम बने जिसमें उनको कोई हिसाब देना पड़े कि हमको किस कंपनी से या व्यक्ति से कितना चंदा मिला। नेताओं व व्यापारियों का आजादी के बाद ऐसा गठजोड़ तैयार हो गया जो कालाधन से बहुत प्यार करते थे। दोनों के पास कालाधन अफरात होता था। इससे व्यापारी नेताओं की मदद करता था और नेता सत्ता में आने के बाद व्यापारियों का कालाधन बनाने में मदद करता था। काले धन से राजनीति भी चलती थी और व्यापार भी चलता था। जब नेता व व्यापारी के पास बेतहाशा काला धन हो तो वह उसका उपयोग तो करेंगे ही। वह करते थे, कोई रोकटोक करने वाला तो नहीं था। यही वजह है कि जब तक एक पार्टी का शासन रहा तब तक देश में कालाधन सबसे बड़ी समस्या थी। चुनाव में उसका उपयोग भी बड़ी समस्या थी। पीएम मोदी के आने के बाद चुनाव सुधार काले धन के उपयोग पर रोक लगाने के लिए किया गया था लेकिन कुछ लोगों को यह पसंद नहीं आया कि चुनाव में काले धन का उपयोग न हो तो काहे का चुनाव। इसलिए पारदर्शिता के नाम पर चुनाव सुधार को ही समाप्त कर दिया गया औ देश के चुनावी तंत्र को उस युग फिर पहुंचा दिया है जहां न कौन किसको कितना चंदा दे रहा है, पता चलता है न ही राजनीतिक दलों के पास पैसा कहां से आया इस बात का पता चलता है। इससे भाजपा व मोदी सरकार को कोई नुकसान नहीं होगा क्योंकि वह सत्ता में है और आगे भी सत्ता में रहने वाले हैं। नुकसान तो उन दलों को होगा जो कहीं भी सत्ता में नहीं है। अब इस बात को रोना रोने की जरूरत नहीं है कि इस देश में चुनाव कितना महंगा हो गया है। क्योंकि इस देश में चुनाव तो हमेशा महंगा होता आया है। कालेधन से लड़ा जाता रहा है। काले धन से किसी को परहेज भी नहीं रहा है। काला धन सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार से आता है। यही वजह है कि देश में एक समय ज्यादातर राजनीति दल भ्रष्टाचार की गंगा में हाथ धोने का मौका मिलता था तो खुशी खुशी हाथ दो लेते थे। यही वजह कि इसमें अब सीएम तक का नाम आ रहा है, उन पर आरोप लग रहे हैं। जिसे सत्ता मिलती है, वही कई हजार करोड़ कमा लेना चाहता है, ताकि राजनीति चलती रही, सत्ता मिलती रहे। अब तो ऐसे राजनीतिक दल आ गए हैं जो खुद तो भ्रष्ट है, खुद रिश्वत लेते हैं, खुद कमीशन लेते हैं और चुनाव जीतने के लिए जनता को भ्रष्ट करने का प्रयास करते हैं,जनता को भी रिश्वत देने का प्रयास करते हैं। कुछ दल जनता को मुफ्त की सुविधाएं देकर चुनाव जब से जीते हैं. यह चलन बढ़ रहा है कि जनता को कुछ देकर सत्ता हासिल कर ली जाए और भ्रष्टाचार कर अपने परिवार व पार्टी को आथिक रूप से इतना मजबूत कर लिया जाए कि पार्टी चलाने व चुनाव लड़ने में आसानी है।

विश्लेषण

निर्मल रानी

चतुर ही नहीं शातिर भी हैं रामदेव

योग गुरु बाबा रामदेव व उनका व्यवसायिक उद्यम पतंजलि आयुर्वेद पिछले दिनों एक बार फिर उस समय सुर्ख़ियों में आया जबकि रामदेव व पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक व सी ई ओ आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट में चल रहे पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले एक दवा विज्ञापन मामले में सर्वोच्च न्यायालय में बिना शर्त अपनी ग़लती की माफ़ी मांगी।ग़ौरतलब है कि %पतंजलि वेलनेस% ने एक विज्ञापन देश के टी वी चैनल्स व विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया था जिसके माध्यम से एलोपैथी पर ÷ग़लतफ़हमियां÷ फैलाने का आरोप लगाया गया था। इसी विज्ञापन को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने 17 अगस्त 2022 को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इस याचिका की सुनवाई में आईएमए ने दिसंबर 2023 और जनवरी 2024 में देश के अनेक अख़बारों में जारी किए गए गुमराह करने वाले विज्ञापनों को अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया। साथ ही 22 नवंबर 2023 को पतंजलि के ष्टश्वह्र बालकृष्ण व बाबा रामदेव की उस पत्रकार वार्ता के बारे में भी बताया गया जिसमें पतंजलि ने मधुमेह और अस्थमा को %पूरी तरह से ठीक% करने का दावा किया था। इसी मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने पतंजलि को सभी भ्रामक दावों वाले विज्ञापनों को तुरंत बंद करने का आदेश देते हुये यह भी कहा था कि अदालत ऐसे किसी भी उल्लंघन को बहुत गंभीरता से लेगा और हर एक प्रोडक्ट के झूठे दावे पर 1 करोड़ रुपए तक जुर्माना लगा सकता है। इसी मामले में अवमानना नोटिस का जवाब नहीं देने पर बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण दोनों को 2 अप्रैल को अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश भी दिया गया था। परन्तु पतंजलि आयुर्वेद ने सुप्रीम कोर्ट में हलफ़नामा दायर कर बिना शर्त माफ़ी मांग ली। अदालत को दिये गये एक हलफ़नामे में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि उन्हें कंपनी के ÷अपमानजनक वाक्यों÷ वाले विज्ञापन पर खेद है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा कोर्ट में हाज़िर होने के आदेश के बाद पतंजलि आयुर्वेद द्वारा झूठे दावों वाले विज्ञापन के मामले में यह हलफ़नामा दायर किया गया । इस हलफ़नामे में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने न सिर्फ़ बिना शर्त माफ़ी मांगी बल्कि न्यायालय में दी गई अंडरटेकिंग में यह भी कहा कि यह ग़लती दोबारा नहीं होगी। हलफ़नामे पर दिये गये इसी माफ़ीनामे में इसतरह के विज्ञापन को पुनः प्रसारित न करने का भी वचन दिया गया है।

योग विद्या को माध्यम बनाकर दिन दूनी रात चौगुनी की दर से अपना व्यवसाय चमकाने वाले रामदेव का विवादों से पुराना नाता रहा है। पतंजलि आयुर्वेद में हालांकि मुख्य चेहरा रामदेव का ही है परन्तु रामदेव ने पतंजलि आयुर्वेद का चेयरमैन व सी ई ओ अपने सबसे विश्वस्त सहयोगी नेपाली मूल के बाल किशन को बनाया है। यही वजह है कि पतंजलि आयुर्वेद में जहां रामदेव का कोई हिस्सा नहीं है वहीं इसके 94 त्न हिस्से के मालिक अकेले बाल किशन हैं। 51 वर्षीय बालकिशन की गिनती इस समय देश के 68 वें सबसे रईस व्यक्ति के रुप में होती है। उनका नाम फ़ोर्ब्स पत्रिका में अरबपतियों की सूची में भी शामिल है। फ़ोर्ब्स पत्रिका के मुताबिक़ बाल किशन की अनुमानित नेट वर्थ 3.8 बिलियन डॉलर है। राम देव व बाल किशन ने 2022 में अपना व्यवसायिक टर्न ओवर 40 हज़ार करोड़ का बताया था साथ ही यह भी कहा था कि उनका लक्ष्य 5 वर्ष में इसे दुगना करने का है।

रामदेव द्वारा आयुर्वेद अथवा इससे सम्बंधित उत्पादों को बनाना बेचना व इनके उचित विज्ञापन देना तक तो ठीक है परन्तु प्रायः वे अपने उत्पाद को सही ठहरने के लिये अक्सर दूसरी औषधीय प्रणालियों पर भी हमलावर हो जाते हैं। उन्हें विश्व विख्यात व सर्व स्वीकार्य एलोपैथी चिकित्सा प्रणाली से बड़ी चिढ़ है। लोगों का कहना है कि रामदेव अपने उत्पाद बेचने के लिये एलोपैथी चिकित्सा प्रणाली की आलोचना करते हैं। कोरोना काल में जिस भारतीय वैक्सीन को लेकर भारत सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है उसकी आलोचना में भी रामदेव ने कोई कसर बाक़ी नहीं रखी। अभी भी कई जगह सार्वजनिक मंचों से वे यह कहते नज़र आते हैं कि वैक्सीन लगवाने के बाद तमाम लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। यानी एक ओर तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पूरी भारत सरकार ने देश के लोगों को कोरोना वैक्सीन लगवाने हेतु प्रोत्साहित किया जबकि ठीक इसके विपरीत रामदेव लोगों को वैक्सीन लगवाने के प्रति हतोत्साहित करते रहे। सवाल यह है कि उनमें इतना साहस आता कहाँ से है ?

दरअसल रामदेव ने योग व इसके टी वी प्रचार के माध्यम से पहले तो स्वयं को प्रसिद्धि दिलाई। उसके बाद जब योग के बहाने राष्ट्रीय स्तर पर उनके समर्थकों की संख्या बढ़ने लगी तो नेता उनकी ओर स्वयं आकर्षित होने लगे। क्योंकि स्वभाविक है नेताओं को वह व्यक्ति बहुत भाता है जिसमें भीड़ को आकर्षित करने की क्षमता हो। इसी का लाभ उठाकर रामदेव ने अपने पतञ्जलि परिसर में नरेंद्र मोदी से लेकर बड़े से बड़े नेताओं मंत्रियों व मुख्यमंत्रियों को किसी न किसी आयोजन के बहाने आमंत्रित किया। यहाँ तक कि कोरोनकाल में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन के हाथों कोरोना की अपनी दवाई कोरोनिल का भी उद्घाटन करा दिया जिसे लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने दवा की विश्वसनीयता को खुली चुनौती दी। रामदेव अनेक मुख्यमंत्रियों व केंद्रीय नेताओं से सम्बन्ध बनाकर विभिन्न राज्यों में अपने उद्योग के विस्तार हेतु ज़मीनें भी ले चुके हैं। वह रामदेव ही थे जिन्होंने पहले तो 2012 में ट्वीट किया कि अगर कालाधन वापस आ गया तो पेट्रोल 30 रुपये प्रति लीटर मिलेगा परन्तु जब तेल की क़ीमतें 100 रूपये से ऊपर चली गयीं तो बड़ी ही चतुराई से उन्होंने वो ट्वीट डिलीट कर कर डाला। बाबा रामदेव 2014 से पहले लोगों से पूछा करते थे कि आप लोगों को कौन सी सरकार चाहिए? 40 रुपए पेट्रोल वाली सरकार या 300 रुपए वाली सरकार? नरेंद्र मोदी की सरकार बनाओ, 40-45 रुपए लीटर पेट्रोल और 30-35 रुपए लीटर डीज़ल मिलेगा। यही नहीं गैस की क़ीमत भी 400 रुपए कर देंगे।

रामदेव 20 करोड़ युवाओं को रोज़गार दिलाने का वादा भी करते फिरते थे। इसी सम्बन्ध में करनाल में जब एक पत्रकार ने रामदेव से पेट्रोल की क़ीमतों संबंधी उनके पुराने बयान के बारे में पूछा तो रामदेव उसपर आग बबूला हो गए। रामदेव ने पहले तो उसे चुप हो जाने को कहा।फिर कहा कि -हाँ मैंने कहा था। क्या पूंछ उखाड़ लेगा मेरी ? तुम्हारे प्रश्नों के उत्तर देने का कोई ठेका ले रखा है मैंने? कर ले क्या कर लेगा। चुप हो जा। आगे कुछ पूछेगा तो ठीक नहीं। इसी तरह कुछ समय पूर्व बाबा रामदेव ने ओबीसी समुदाय पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुये कहा कि ÷मेरा मूल गोत्र है ब्राह्मण गोत्र, और मैं अग्निहोत्री ब्राह्मण हूं। ओबीसी वाले ऐसी तैसी करायें। परन्तु जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो बाबा रामदेव साफ़ मुकर गये और कहा कि मैंने कभी ओबीसी पर कोई बयान नहीं दिया बल्कि मैंने तो ओवैसी कहा था क्योंकि उनके पूर्वज हमेशा राष्ट्रविरोधी रहे हैं। अपनी ही कही बात से साफ़ मुकरने और इसतरह घुमाने की कला कम ही लोगों को आती है। कहना ग़लत नहीं होगा कि बाबा रामदेव केवल चतुर ही नहीं बल्कि शातिर भी हैं।

आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। पिता की सलाह से आपका बिजनेस बहुत ही अच्छा चलेगा। एक नया कदम उठाएंगे जिसका असर आपके व्यापार और परिवार पर पड़ेगा। आप एक नया बिज़नेस स्टार्ट करेंगे। आपका टीम वर्क से काम बहुत ही आसान होगा, टीम वर्क में ही काम करें। आपको किसी अपने कर्मचारी का सहयोग मिलेगा जिससे आपका काम आसान होगा। अपने परिजनों से बात करेंगे जिनसे आप फ्यूचर के बारे में बात करेंगे, आपको अच्छे सुझाव मिलेंगे।

शुभ रंग- गोल्डन
शुभ अंक- 5

वृष राशि-आज आपका दिन आनंदमय रहेगा। अपने काम के प्रति ज्यादा ही ईमानदार रहेंगे। ससुराल पक्ष से आपको सपोर्ट मिलेगा। किसी से उधार लिया धन आज वापस कर देंगे जिससे आपकी टेंशन कम होगी। अपने परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे, जिससे आप काफी मनोरंजन करेंगे। आपकी माता का आपको बहुत ही सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी के साथ कही घूमने का प्लान बनायेंगे।

शुभ रंग- पीला
शुभ अंक- 1

मिथुन राशि-आज आपका दिन बेहद ही खुशनुमा रहेगा। आपके आत्मबल में बढ़ोतरी होगी, अपना हर काम बहुत ही ईमानदारी से करेंगे। काफी दिनों से हो रहे फीवर से आपको छुटकारा मिलेगा आप रिलैक्स फील करेंगे। आप कोई कीमती वस्तु खरीदेंगे। आपका करीबी मित्र आपसे आर्थिक मदद करने के लिए कहेगा आप उसे अपना सहयोग देंगे। इस राशि के जो स्टूडेंट सरकारी जॉब के लिए अप्लाई किये हैं उनके लिए जल्द ही सफलता के योग हैं, अपनी मेहनत जारी रखें।

शुभ रंग- नीला
शुभ अंक- 8

कर्क राशि-आज आपका दिन बेहद खास पल लेकर आएगा। अपने जीवन में आ रही सभी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए किसी अच्छे सलाहकार से सलाह लेंगे, आपको जल्द ही सोल्यूशन मिल जायेगा। किसी इवेंट में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा, जहां आप अपने विचार रखेंगे। आज आपके शत्रु भी आपकी योजनाओं से प्रभावित होंगे, आपसे दोस्ती का हाथ भी बढ़ा सकते हैं। आपके सभी रूके हुए काम पूरे होंगे।

शुभ रंग- मैहरुन
शुभ अंक- 6

सिंह राशि-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज का दिन आपके लिए काफी भागदौड़ वाला रहेगा फिर भी आप अपना काम अपनी क्षमता के बल पर अच्छे तरीके से पूरा कर लेंगे। अपने दयालु स्वभाव के कारण किसी चतुर व्यक्ति का शिकार बन सकते हैं, थोड़ा सचेत रहें। प्राइवेट सेक्टर में जॉब कर रहे लोगों की सैलरी बढ़ने के योग बन रहे हैं, अपना काम पूरी ईमानदारी व सत्यनिष्ठा के साथ करें। आज आपके माता- पिता की नाराजगी आपसे खत्म होगी, आपको ढेर सारा प्यार मिलेगा।

शुभ रंग- केसरिया
शुभ अंक- 4

कन्या राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर में माता जी आज कोई धार्मिक कार्यक्रम करेंगी, आपको काफ़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। बड़े बुजुर्गों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। अपने सरल व्यवहार से आप दूसरों के दिलो पर राज करेंगे। इस राशि के जो लोग अपना नया बिजनेस स्टार्ट करना चाहते हैं उनके लिए बिजनेस शुरू करने के लिए अच्छे योग हैं, शुरू करने से पहले शुभ महूर्त जरूर देख लें, आपको साल भर लाभ ही लाभ होगा।

शुभ रंग- हरा
शुभ अंक- 9

तुला राशि-आज आपका दिन बेहद ही उत्सुकतापूर्ण रहेगा। आज वैज्ञानिक लैब में नया परीक्षण होगा, जिससे आम जनता को लाभ मिल सके। आज आपकी घरेलू जिम्मेदारियां बढ़ेगी जिन्हें आप अच्छे से निभाएंगे। लवमेट को आज एक-दूसरे को अच्छे से समझने का मौका मिलेगा, उनके बीच रिश्ते और ज्यादा बढ़ेंगे। बिजनेसमैन काफी व्यस्त रहेंगे। अपने बिजनेस में तरक्की के लिए आप नयी तकनीको का सहारा लेंगे, आपको लाभ ही लाभ होगा।

शुभ रंग- लाल, शुभ अंक- 8

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। बिजनेसमैन आज कोई जरूरी मीटिंग अटेंड करेंगे जिसमे अहम् मुद्दों पर बातचीत होगी। आप को ज्यादा वर्क करना पड़ेगा इसलिए आप अपनी वर्किंग स्पीड मेन्टेन करेंगे। आज साइंस के स्टूडेंट्स का प्रैक्टिकल एग्जाम होगा, पूरा दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। कोई भी काम करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह लेनी पड़ेगी। आप बिजनेस के साथ-साथ फैमिली के साथ भी बैलेंस बनाये रखेंगे। क्रोध में आकर कोई भी निर्णय लेने से बचें, पहले काफी सोच विचार कर लें।

शुभ रंग- काला
शुभ अंक- 1

धनु राशि-आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लाया है। आज आपके आस-पास में कोई धार्मिक कार्यक्रम होगा जिसमे आपका परिवार शामिल होगा। आपका व्यापारिक दृष्टिकोण बढ़ेगा, जिससे अपने बिज़नेस को बढ़ाने मे सफल होंगे। आपके दोस्त आपसे कुछ डिमांड करेंगे जिसको पूरा करने में आप सक्षम होंगे। अपना कोई फ्लैट किराये पर देंगे जिससे आपकी आमदनी बढ़ेगी। आपका स्वास्थ्य आज बहुत ही अच्छा रहेगा, आप बहुत ज्यादा प्रसन्न रहेंगे।

शुभ रंग- सिल्वर
शुभ अंक- 9

मकर राशि-आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। पास के किसी मंदिर में दर्शन करने के लिए जायेंगे। काम के सिलसिले में आपको किसी दूसरे राज्य भी जाना पड़ सकता है, जहां आपको ज्यादा से ज्यादा लाभ होगा। इस राशि के जिन महिलाओं को अपना बिजनेस स्टार्ट करना है उनके लिए आज अच्छा दिन है। जो लोग रियल स्टेट के बिजनेस से जुड़े हैं उनको आज ज्यादा लाभ होगा।

शुभ रंग- गहरा नीला
शुभ अंक- 2

कुंभ राशि-आज का दिन आप लोगों के लिए व्यस्तता से भरा रहेगा।कोई धार्मिक यात्रा करने जायेंगे। आज आपका कोई मुकदमे से रिलेटेड मामला सॉल्व होगा जिससे आपकी टेंशन कम होगी और आप अपने आप को हल्का महसूस करेंगे। अपने स्वास्थ्य को फिट रखने के आप अपनी डाईट में हरी सब्जियों को इ्स्तस्त्र करेंगे। नौकरी कर रहे लोगों के लिए समय प्रगतिकारक रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। घर से निकलते समय सामानों की लिस्ट बनाकर निकले आप बेवजह की शॉपिंग से बचेंगे।

शुभ रंग- पिच
शुभ अंक- 9

मीन राशि-आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। किसी से चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी दोनों के बीच में समझौता होगा। आज ऑफिस में बॉस द्वारा पार्टी मिलेगी जिसे सभी लोग एन्जॉय करेंगे। इस राशि की माताएं अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कुछ ठोस कदम उठाएंगी। आँखों की समस्या के लिए आप किसी नेत्र विशेषज्ञ को दिखायेंगे। इस राशि वाले छात्रों के लिए फॉर्म भरने संबंधी कार्य के लिए आज का दिन शुभ है। किसी जरूरतमंद को कपड़ो का दान करेंगे।

शुभ रंग- नीला
शुभ अंक- 5

व्यंग्य

कौन चाहिए?

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

एक बार जंगल में पक्षियों के बीच चुनाव हुआ। मैदान में दो ही उम्मीदवार थे ङ्क एक सरकारी कौआ और दूसरा प्राइवेट कोयल। चील, कबूतर, मोर, बगुला, मैना, तोता, गौरैया और बहुत सारे कौए और कोयल के गुटों में बंट चुके थे। पहले चील ने निजीकरण समर्थक कोयल का पक्ष रखते हुए जोरदार भाषण देते हुए कहने लगी ङ्क देखा जाए तो प्राइवेट कोयल के सामने सरकारी कौए की क्या बिसात? क्या कौआ कोयल की तरह मीठा गा सकता है? एक बार कोयल अपना प्राइवेट सुर अलापने लगे तो हमारे दुख-दर्द चुटकियों में मिट जाते हैं। सरकारी संस्थाएँ कौए की तरह कुरूप दिखने लगी हैं। ऐसे कौए को तबीयत से मजा चखाना चाहिए। चील का भाषण आग उगल रहा था। जनता रूपी बाकी पक्षी तालियाँ बजा-बजाकर उसकी हौंसलाफजाही करने लगे। चील ने आगे कहा ङ्क जो कोयल को पसंद नहीं करते, वह देशभक्त नहीं देशद्रोही है। यह सुन कुछ पक्षियों ने कहा ङ्क चील दादा! ऐसा जरूरी नहीं है कि प्राइवेटीकरण का विरोध करने वाले देशद्रोही और सरकारी संस्थाओं का समर्थन करने वाले देशभक्त होते हैं। देशद्रोही भी प्राइवेटीकरण का समर्थन करने वाले होते हैं। हमें तो यह समझ में नहीं आता कि प्राइवेट और सरकारी के पचड़े में देशभक्ति और देशद्रोह का नारा कहाँ से आ गया? इसी बीच कोयल गुट के कुछ पक्षी चील को बगल में ले गए। कानाफूसी की। चील ने अपना भाषण जारी रखते हुए कहा - हमारे बीच में पड़ोसी जंगल के आतंकवादी संगठन के कुछ पक्षी घुस आए हैं। उन्हें पहचानने, विरोध करने तथा मारकर भगाने की जरूरत है। जंगल के सभी पक्षी चौकन्ने हो गए। उनका ध्यान अब कोयले के प्राइवेटीकरण से हटकर कौए की सरकारी संस्थाओं पर था। चील ने अवसर को भुनाते हुए कौए को खुली चुनौती देने लगा और कहने लगा ङ्क मैं सरकारी कौए को खुली चुनौती देता हूँ कि उसमें दम है तो सबके सामने कोयल के मीठे-मीठे सुर वाले प्राइवेटीकरण से लोहा लेकर दिखाए। यदि वह जीत जाता है तो कोयल राजनीति से संन्यास ले लेगा। चुनावी माहौल को देखकर लगता था कि चुनाव एकतरफा होने वाला है। कोयल की जीत निश्चित लग रही थी। अब पक्ष रखने की बारी कौए की थी। उसके समर्थन में भाषण देने के लिए एक नन्हा गोरैया आगे आया। कोयल गुट के पक्षियों ने उसे बहुत डराया धमकाया। किंतु गोरैया डरा नहीं। वह मजदूर पक्षी था। प्राइवेटीकरण के चलते उसकी सरकारी संस्था निजी हाथों में जाने का डर सिर पर मंडरा रहा था। गोरैया ने भाषण देते हुए कहा ङ्क मैं चील की तरह जोरदार और धमकाऊदार भाषण तो नहीं दे सकता। किंतु दो-चार छोटे-छोटे सवाल जरूर पूछना चाहूँगा। मुझे बताइए कि हमें सुबह-सुबह अपनी बोली से कौन जगाता है? सभी ने मुक्तकंठ से कौआ कहा। तभी कोयल गुट के कुछ पक्षी उठकर कहने लगे ङ्क उसमें क्या है? अब से कोयल भी जगाएगा। इतना सुनते ही बाकी के पक्षियों ने कहा ङ्क रहने दो। रहने दो। कोयल की बोली सुनने से जागना तो दूर उल्टे नींद आने लगती है। गोरैया ने दूसरा प्रश्न पूछा ङ्क हमारे आंगन व गलियों में फेंका जूठन, मरे-सड़े चूहे, कीड़े-मकौड़े कौन उठा ले जाता है? सभी ने एक स्वर में कहा ङ्क कौआ। तभी चील चिल्लाते हुए उठा ङ्क हमारा उम्मीदवार उच्च गुणों का धनी है। तुम्हारे उम्मीदवार की तरह नीच गुण नहीं रखता? इस पर गोरैया ने कहा ङ्क तो सुना पक्षी बंधुओं! कोयल हमारे लिए जरूरी काम नहीं करेगा। बल्कि सुख भोगने के लिए हमारा इस्तेमाल करेगा। अच्छा हुआ कोयल ने अपनी सच्चाई खुद स्वीकार कर ली। सच्चाई तो यह है कि कोयल अपने स्वार्थ के लिए अपने हिसाब से कूकती है। लेकिन हमारा कौआ सरकारी संस्थाओं की रक्षा के लिए हमेशा काँव-काँव करने के लिए तैयार रहता है। जिस कोयल को घोंसला बनाना नहीं आता, ऊपर से कौए के घौंसले पर जबरन कब्जा जमा लेता है, उसे चुनना हमारी सबसे बड़ी बेवकूफी होगी। अब आप ही फैसला कीजिए कि आपको निजीकरण का समर्थन करने वाला कोयल चाहिए या फिर सरकारी संस्थाओं की रक्षा में अथक प्रयास करने वाला कौआ।

कपड़ों से नहीं निकल रहा होली का रंग, तो इन ट्रिक्स की मदद से मिनटों में होगा साफ

होली खेलना हर किसी को पसंद होता है. कई लोग पक्के रंग से होली खेलते हैं, तो कई गुलाल से, ऐसे में कपड़ों पर रंग लगना स्वाभाविक है. इसे साफ करने के लिए महिलाएं नए-नए डिटर्जेंट का इस्तेमाल करती है. लेकिन फिर भी कपड़ों से रंग नहीं निकलता है. आप भी अपने कपड़ों पर लगे रंग को आसानी से निकालना चाहते हैं, आज हम आपको कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे. होली की खुशियों में कपड़ों के रंग को साफ करना कभी-कभी मुश्किल हो जाता है. लेकिन कुछ टिप्स को अपनाकर आप इसे आसानी से साफ कर सकते हैं. सबसे पहले आपको शैंपू वाले पानी में रंग लगे कपड़ों को भिगोना है फिर उसमें थोड़ा सा नींबू का रस मिला लें इसे हल्के हाथों से मसाज कर धो लें.

इसके अलावा आप गंदे कपड़ों पर व्हाइट वाइनेगर स्प्रे करें और उसे 10 से 15 मिनट के लिए रख दें.

एक टप में पानी लें, उसमें थोड़ा बेकिंग सोडा और विनेगर मिला लें, जिसके बाद गंदे कपड़े को 30 से 40 मिनट तक इस पानी में भिगोकर रखें फिर धो लें. कपड़े को अच्छी तरह से धोकर सुखा लें इसके बाद इस पर आयरन करें. इससे दाग धब्बे मिटने लगेंगे.

इन सब के अलावा आप लेमन क्लीनर और वाशिंग सोडा का इस्तेमाल भी कर सकते हैं. कोशिश करें होली खेलते वक्त आप पुराने या किसी बेकार कपड़ों का इस्तेमाल करें. इसके अलावा कपड़े पर रंग लगने के तुरंत बाद ही इसे धो लें. रंग वाले कपड़ों को बाकी कपड़ों के साथ भूलकर भी ना धोए. ध्यान रहे रंगों को साफ करने के लिए गर्म पानी का उपयोग न करें इससे कपड़े खराब होते हैं. 1 लीटर पानी में एक कप सिरका मिला लें, फिर कपड़े को 30 मिनट तक इसमें भिगोकर रखें जिसके बाद इसको धो लें.

चिंतन

ललित गर्ग

चुनाव में भाषा का संयम एवं वचनों की मर्यादा जरूरी

लोकसभा चुनावों जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, कई नेताओं की ज़ुबान फिसलती जा रही है, वे राजनीति से इतर नेताओं की निजी ज़िंदगियों में तांक-झांक वाले, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ऐसे बोल बोल रहे हैं, जो न सिर्फ़ आपत्तिजनक हैं, बल्कि राष्ट्र-तोड़क है। चुनावी रैलियों में जनता के सामने अपने प्रतिद्वंद्वी को नीचा दिखाने के मकसद से ये नेता मर्यादा, शालीनता और नैतिकता की रेखाएं पार करते नज़र आए हैं। गलत का विरोध खुलकर हो, राष्ट्र-निर्माण के लिये अपनी बात कही जाये, अपने चुनावी मुद्दों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाये, लेकिन गलत, उच्छृंखल एवं अनुशासनहीन बयानों की राजनीति से बचना चाहिए। बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान एवं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है? चुनाव की तारीख तय होने एवं चुनावी पारा बढ़ने के बाद नेताओं के बयानों में तीखापन एवं हल्कापन आ गया है। एक तरफ गर्मी चुभन का अहसास करा रही है, तो दूसरी तरफ राजनीतिक हलकों में भाषायी अभद्रता एवं उच्छृंखलता घाव पर नमक छिड़क रही है। नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि सही तरीके से बोले गए शब्दों में लोगों को जोड़ने की ताकत होती है, जबकि गलत भाषा एवं बोल का इस्तेमाल राजनीतिक धरातल को कमजोर करता है।

नेताओं के बयान शालीनता एवं मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रही है। राहुल गांधी की 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' संबंधी टिप्पणी 'शक्ति से जुड़े धार्मिक मूल्यों का अपमान करने और कुछ धार्मिक समुदाय' के तुष्टीकरण के लिए धर्मों के बीच शत्रुता पैदा करने के 'दुर्भावनापूर्ण इरादे' को दर्शाती है। प्रारंभ में लालूप्रसाद यादव का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परिवार विषयक आरोप भाजपा के लिये रामबाण औषधि बना है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत को लेकर किए पोस्ट में एक्ट्रेस की फोटो के साथ भद्दा कमेंट महिला-शक्ति का अपमान बना है। ईवीएम के बारे में राहुल गांधी की टिप्पणी के लिए निर्वाचन आयोग से उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की जा रही है और कहा जा रहा है कि तथ्यों के सत्यापन के बिना इस तरह का 'दुष्प्रचार और गलत सूचना' राष्ट्रीय अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए नुकसानदायक है। ईवीएम और निर्वाचन आयोग के बारे में भ्रामक टिप्पणी 'लोक अव्यवस्था पैदा करने के इरादे' से की गई हैं। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव के चरण आगे बढ़ रहे हैं, विवादास्पद बयानों की झड़ी भी लगने लगी।

हमारे देश की राजनीति में संयमित भाषा एवं अनुशासित बोल-बयान एक महत्वपूर्ण अंग होती है। लोकतंत्र में उसी नेता का बोल-बाला होता है, जिसकी भाषा एवं वचनों पर पकड़ मजबूत होती है। आजादी के बाद देश में जिस प्रकार राजनीति में बदलाव आता गया, उसी प्रकार राजनेताओं की भाषा और आरोप-प्रत्यारोप की शैली भी बदलती गई। आज कुछ राजनीतिक दलों के नेता अपने विपक्षी राजनेता को 'पप्पू' जैसे शब्दों से ताना मारते हैं, तो कोई विपक्षी नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये चौकीदार चोर है या चायवाला जैसे शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। क्या हमारे देश की राजनीति में मर्यादा नाम का कोई शब्द बचा है? ऐसी अभद्र भाषा का उपयोग करने से पहले हमारे ये राजनेता जरा भी नहीं सोचते कि उसका उनकी पार्टी पर क्या प्रभाव पड़ सकता है।

भारतीय राजनीति में स्तरहीन, हल्की और सस्ती बातें कहने का चलन काफी समय से है। लेकिन पिछले दो दशकों में यह वीभत्स रूप धारण कर चुका है। उस समय जब राम मनोहर लोहिया ने इंदिरा गांधी को गूंगी गुड़िया कहा था तो काफी विवाद हुआ और बड़ी तादाद में लोगों ने लोहिया का विरोध किया। कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे भी काफी कुछ बोल चुके हैं और उनका पीएम मोदी के लिए रावण वाला बयान काफी चर्चा में रहा है। लेकिन सबसे ज्यादा हल्की बात कहते हैं मणिशंकर अय्यर। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के लिए बहुत ही सस्ते शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने तो नीच, कातिल जैसे शब्दों का खुलेआम इस्तेमाल किया था जिसमें उनकी हताशा साफ झलकती है। कड़वे एवं गलत बयानी के मामले में कांग्रेसियों की तो सूची काफी लंबी है। चाहे वह अधीर रंजन हों या दिग्विजय सिंह या फिर संजय निरुपम और प्रियंका गांधी। आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने तो सारी हदें पार कर दी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने ईवीएम की निंदा 'चोर' के रूप में की थी। सभी ने मौका देखकर बेहद हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे उनकी खीझ एवं बौखलाहट का पता चलता है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि मोदी और उनकी पार्टी ने ऐसे अमर्यादित शब्दों और टिप्पणियों को अपने लाभ के लिए इस्तेमाल किया। उन्होंने अपने करोड़ों समर्थकों के सामने इन शब्दों और उन्हें बोलने वालों के खिलाफ माहौल बना दिया। नरेन्द्र मोदी को चाय वाला कहकर उनका उपहास उड़ाने वाले विपक्षियों को तो उन्होंने अपने कार्यों और उपलब्धियों से आईना दिखा दिया। आज चाय वाला शब्द मेहनतकश लोगों के सम्मान का प्रतीक बन गया है।

मतदाताओं को आकर्षित एवं अपने पक्ष में करने के फेर में राजनीति को रसातल में धकेलने की मानो होड़ मची हुई है। क्षणिक रोमांच एवं तत्काल चुनावी लाभ के लिए मर्यादा को तार-तार करने वाले इन नेताओं को आत्म-चिंतन की सख्त जरूरत है। मर्यादित भाषा में विभिन्न दलों और नेताओं की आलोचना इस देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की खूबसूरती है। भाषा की मर्यादा और वाणी में संयम भारत के लोकतंत्र का आधार है। बेलगाम भाषा से क्षणिक प्रचार और सुर्खियां बटोरना सम्भव है लेकिन अतीत में ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं जो ये दर्शाते हैं कि ऐसे नेताओं को जनता भी कुछ समय बाद ही भूल जाती है। नेताओं को हर हालत में भाषा की मर्यादा एवं शालीनता को बनाए रखना चाहिए। भले ही चुनाव का वक्त आसमान से तारे तोड़ लाने के वायदे करने का वक्त है और खामियों को दबाने और उपलब्धियों के बखान का वक्त है। लेकिन यह सब करते हुए भाषा की शालीनता एवं कड़वे बोल से बचने की जरूरत है।

यह वक्त मतदाता के जागने एवं विवेक से मतदान करने का भी है। वह अच्छे-बुरे का फर्क करके तार्किक आधार पर अपने बेशकीमती मत का उपयोग करे। विडंबना ही है कि अमृतकाल से गुजरते देश में मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग विष और अमृत के भेद को पूरी तरह महसूस नहीं कर पाया है। नेताओं के गलत, बेबुनियाद एवं तथ्यहीन बयानों कर सत्यता को जाने बिना उन पर विश्वास कर मतदाता लोकतंत्र को कमजोर करता है। भारतीय राजनीति में दागियों का दखल और धनबल का बढ़ता वर्चस्व यही बताता है कि हमारा मतदाता इन संवेदनशील मुद्दों के प्रति जागरूक नहीं हो पाया है। निश्चित रूप से मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो वोट डालने घर से नहीं निकलता। जो बड़ा तबका निकलता भी है वह भी धर्म, जाति, क्षेत्र और धनबल से रचे सम्मोहन से मुक्त नहीं हो पाता।

विशेषतः दक्षिण भारत की राजनीति में भाषा को राजनीतिक औजार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। तमिलनाडु के नेता इसी भाषाई आग्रह के साथ कब और क्या बोल दें, यह कोई नहीं जानता। इससे समस्याएं पैदा हो जाती हैं। ऐसे ही कुछ मामलों की चर्चा आज भी होती है। इसी कड़ी में चुनाव प्रचार के दौरान एक नेता की टिप्पणी चर्चा का विषय बनी हुई है। इस तरह के बयानों से बना बनाया खेल बिगड़ जाता है और निजी छवि भी धूमिल हो जाती है। फिर अगर आप बड़े पद पर हैं और आपको हजारों लोग फॉलो करते हैं तो भाषा संयम और मर्यादा अत्यंत जरूरी हो जाती है। द्रविड़ राजनीति में गाहे-बगाहे ऐसे अवसर आते रहते हैं जब मंच से नेता वाहवाही बटोरने के लिए ऐसा कुछ कह जाते हैं, जिससे न केवल उनकी बल्कि पार्टी की भी फजीहत होती है। एक वर्ग को खुश करने की चाह में और अपने आला नेता की चाटुकारिता में बिना सोचे समझे बोलने के गंभीर परिणाम होते हैं। हकीकत यह है कि यह प्रवृत्ति पूरे देश में बढ़ रही है। कौन सा नेता कब वाणी का संयम खो दे, कहा नहीं जा सकता।

एक नजर

सात रंग के गुलाल से श्याम परिसर में हुआ होली मिलन

पत्थलगांव, 27 मार्च। होली का उत्साह श्याम मंदिर मे भी देखने को मिला। श्याम भक्त मंदिर परिसर मे फाग के गीतो पर जमकर थिरके। श्याम सेवा समिती,श्याम सखा एवं सखी मंडल ने श्याम मंदिर परिसर मे होली का त्यौहार को लेकर व्यंजनो की बगिया सजायी थी,होली के गीत एवं सात रंगो का गुलाल के साथ यह त्यौहार श्याम मंदिर परिसर मे बडे ही हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हुआ। पुरूषो के अलावा महिलाओ ने इस उत्सव मे ज्यादा भाग लिया। दिन सोमवार की शाम से ही श्याम मंदिर परिसर मे होली मिलन का आयोजन शुरू हो गया था। अध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल,उपाध्यक्ष सुशील अग्रवाल,सुनील अग्रवाल,महावीर अग्रवाल,पवल श्रृंगारिका,मधुसुदन अग्रवाल,प्रवीण गर्ग,अंकुर गोयल,धीरज अग्रवाल,डॉ आशीष अग्रवाल, के साथ श्याम सेवा समिती के दो दर्जन से भी अधिक पदाधिकारीयों ने मंदिर परिसर मे होली मिलन समारोह की काफी खास तैयारियां कर रखी थी। सात रंगो से सजी थॉलियां परिसर की शोभा बढा रही थी,श्याम भक्त मंदिर पहुंचने वाले भक्तो को गुलाल का टिका लगाकर होली की बधायी दे रहे थे। दरअसल होली के त्यौहार की परंपरा श्याम मंदिर मे खाटु की तर्ज पर आयोजित की जाती है,श्याम सरकार के दरबार मे एक माह पूर्व से ही होली मिलन का कार्यक्रम शुरू हो जाता है,इस परंपरा की कडी को आगे बढाते हुये श्याम सेवा समिती के पदाधिकारीयों ने पिछले तीन वर्षो से श्याम मंदिर परिसर मे होली मिलन समारोह का आयोजन कर रहे है। दिन सोमवार को भी यह आयोजन बेहद अनूठा था। महिलायें फाग के गीतो पर देर रात तक थिरकती नजर आयी,पुरूष मंदिर परिसर मे स्वादिष्ट व्यंजनो की बगिया सजा रखे थे,जिसमे तरह-तरह के पकवान बनाये गये थे। होली खेलने के पश्चात यहा स्वलपाहार का आयोजन किया गया। श्याम मंदिर के अध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल ने होली के त्यौहार को आपसी सौहाद्र के साथ-साथ धार्मिक मान्यताओ का बेहद अनूठा संगम बताया। उनका कहना था कि यह त्यौहार गुलाल की तरह मन को भी पवित्र कर रंगो से भरने वाला है।

नाम निर्देशन के संबंध में दलों को दी गई जानकारी

महासमुंद 27 मार्च । लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल करने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों का प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि नामांकन दाखिल करते समय रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में अभ्यर्थी सहित अधिकतम पांच व्यक्ति तथा संवीक्षा के समय चार व्यक्ति ही प्रवेश कर सकते हैं। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू ने बताया कि नामांकन दाखिल करने आने पर कलेक्टर कार्यालय से 100 मीटर के अंदर केवल तीन वाहन आ सकते हैं।

जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि अभ्यर्थी को नामांकन पत्र के साथ प्रारूप 26 में एक शपथ पत्र देना होगा जिसमें उसके पति या पत्नी, आश्रितों आदि के बैंक खातों की जानकारी देनी होगी। अभ्यर्थी को कृषि भूमि, व्यवसायिक भवन, नकद राशि, जेवरात, वाहन आदि समस्त चल और अचल संपत्तियों तथा दायित्वों की जानकारी शपथ पत्र में देनी होगी। इस शपथपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर अभ्यर्थी का हस्ताक्षर तथा पब्लिक नोटरी या सक्षम मजिस्ट्रेट का मुहर होना चाहिए।

शपथ पत्र के सभी कॉलम भरे हुए होने चाहिए। यह शपथ पत्र नामांकन दाखिल के अंतिम दिवस अपराह्न 3 बजे तक अनिवार्य रूप जमा हो जाना चाहिए। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के श्री दाऊलाल चंद्राकर, भारतीय जनता पार्टी के श्री येतराम साहू सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन दो गुटों में बंटी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

किरंदुल, 27 मार्च। किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव शुरुआत से ही विवादों से घिरा हुआ है सत्ता पक्ष के अध्यक्ष अतुल सिंह ने 17.02.24 फरवरी को चुनाव में, मतदाता सूची का प्रकाशन ना करना प्रत्याशियों का संस्था में बकाया पैसा लिए बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देना जैसे अनियमिताओ के गंभीर आरोप लगाते हुए एसडीएम बड़े बचेली विवेक चंद्रा से शिकायत की गई थी एसडीएम द्वारा चुनाव अधिकारी और संचालन कमेटी से चुनाव संबंधित शिकायत पर जवाब मांगा चुनाव संचालन कमेटी द्वारा बिना पैसा लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र(पोस्ट डेविड चेक) एवं मतदाता सूची का प्रकाशन नहीं करना स्वीकार किया गया तत्पश्चात अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) बड़े बचेली ने 20.02.24 को चुनाव संचालन कमेटी को किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन किरंदुल में पुनः चुनाव की कार्रवाई नियम अनुसार करने के आदेश दिए जिससे निकट भविष्य में शांति व्यवस्था बनी रहे जिस पर चुनाव अधिकारी दिनेश सिंह राठौर ने 22.02.24 को सूचना जारी कर एसडीएम बड़े बचेली के आदेश अनुसार पुनः नियमानुसार चुनाव कराने के आदेश का परिपालन में 25.02.24 को चुनाव से संबंधित होने वाली समस्त करवाही को निरस्त किया था जिससे पूरी चुनाव प्रक्रिया निरस्त हो गई थी इस बीच चुनाव संचालन समिति को 15 .03.24 को अनुविभागीय दंडकारी अधिकारी एसडीएम का पत्र आया जिसमे उन्होंने दो आवेदकों द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि आपके द्वारा किरंदुल ठेकेदार वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव 2024 के संबंध में कार्रवाई नहीं किया गया है जिससे चुनाव प्रक्रिया पूर्णतः निष्किय हो गई है विविध हो कि कें किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव 2024 के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी आपकी संस्था द्वारा चुनाव संबंधित पूर्ण प्रक्रिया का पालन नहीं करना स्वीकार किया गया था अतएव शांति अवस्था बने रहे इसीलिए कार्यालय पत्र के माध्यम से आपको आपके संस्था के नियम अनुसार चुनाव संबंधित पालन किए जाने की अपेक्षा किया गया था ना कि आपको चुनाव कार्य रोकने हेतु किसी प्रकार का आदेश निर्देश दिया गया था जिस पर चुनाव संचालन कमेटी ने बैठक कर 17 मार्च रविवार सुबह 11 बजे चुनाव संबंधित आम सभा करने का निर्णय लिया दिनांक 16.03.24 को लोकसभा चुनाव हेतु आचार संहिता के साथ धारा 144 आदेश लागू कर दिया गया 16 मार्च को संचालन समिति ने बैठक कर आचार संहिता लगने के कारण आम सभा 17 मार्च को स्थगित कर दिया गया और आचार संहिता हटने के बाद आम सभा कर चुनाव करवाने का निर्णय लिया।अतुल सिंह अध्यक्ष किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन ङ्क हमारे संगठन के चुनाव में बबलू सिद्दीकी एवं उनके समर्थकों द्वारा अनुविभागीय दंडअधिकारी एसडीएम के आदेश का घुलकर उलघन किया गया है हमारी संस्था में 24.02.24 को बिना कोई बैठक कर फर्जी सभा का लेटर बनाकर हमारे ठेकेदार साथियों के घर-घर जाकर साइन करवाया जिसकी जानकारी चुनाव संचालन कमेटी को भी नही दिया गया और चुनाव संचालन कमेटी को दरकिनार हमारे भवन में अपने कुछ समर्थकों के साथ आकर स्वत अपने पैनल को विजय घोषित कर शपथ लेने का समय निर्धारण करना हास्यास्पद है कोई भी संगठन में सभी सदस्यों की सहभागिता बहुत जरूरी है अगर पद और प्रतिष्ठा के लोभ में संगठन में दो गुट बना देना संगठन के हित में नहीं है मैं और मेरे समर्थकों के साथ हम ऐसे किसी भी व्यक्ति विशेष को नहीं मानते आगे कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।शरद मिश्रा ठेकेदार ङ्क आज यूनियन में जो स्थिति है पद और प्रतिष्ठा के लिए यूनियन दो गुटों में बट गई है चुनाव संचालन कमेटी को दरकिनार कर दोनो गुट के लोग बिना चुनाव के अपने आप को अध्यक्ष मान रहे हे जो यूनियन के भविष्य के लिए बिलकुल ठीक नहीं है दोनो दल के लोगो को आपस में बैठ कर मामला सुलझाना चाहिए विवेक चंद्रा एसडीएम ङ्क किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन छोटी सी आ पंजीकृत संस्था है दोनों पक्ष को आपस में बैठकर मामला सुलझाना चाहिए अगर दोनों गुट में विवाद की स्थिति होगी तो दोनो गुट पर नियम अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ ईव्हीएम का प्रथम रैण्डमाइजेशन

कांकेर, 27 मार्च । लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत् आगामी 26 अप्रैल को मतदान किया जाएगा। इसके लिए आज जिले में स्थित तीनों विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर के मतदान केन्द्रों में भेजे जाने वाली ईव्हीएम मशीनों के प्रथम चरण का रैण्डमाइजेशन जिला कार्यालय के सभा कक्ष में सम्पन्न हुआ। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के द्वारा विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में रैण्डमाइजेशन का कार्य सम्पन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी 727 मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम मशीन के माध्यम से वोटिंग हेतु रैण्डमाइजेशन किया गया। इनमें अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-79 में 221 मतदान केन्द्र, भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-80 में 266 और कांकेर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-81 में 240 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। आज सुबह 11 बजे ईव्हीएम मशीनों का किए गए रैण्डमाइजेशन के उपरांत अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए 271-271 कंट्रोल एवं बैलेट यूनिट और 346 व्हीव्हीपैट का रैण्डमाइज हुआ। इसी तरह भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र हेतु 327-327 कंट्रोल एवं बैलेट यूनिट तथा 417 व्हीव्हीपैट और कांकेर विधानसभा क्षेत्र के लिए 295-295 कंट्रोल एवं बैलेट यूनिट के अलावा 376 व्हीव्हीपैट मशीनों का रैण्डमाइजेशन राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार, सहायक कलेक्टर श्री प्रखर चंद्राकर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक मारबल, सहायक रिटर्निंग अधिकारी कांकेर श्री अरूण वर्मा एवं ईव्हीएम के नोडल अधिकारी सुश्री आस्था बोरकर उपस्थित थीं।

स्वीप सहेली घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को कर रहीं जागरूक

कांकेर, 27 मार्च । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज कोयलीबेड़ा विकासखंड अंतर्गत 'स्वीप सहेली' के रूप में कार्य कर रहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन और स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा गांव के विभिन्न पारा-टोला में घूम-घूमकर 'चलो मतदान की ओर' का नारा लगाते हुए सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान के दिन मतदान केंद्र में आकर अनिवार्य रूप से वोट करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही सभी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को मिलेगी नि:शुल्क परिवहन सुविधा

कांकेर, 27 मार्च । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दौरान मतदान दिवस 26 अप्रैल को दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान के पश्चात वापस उन्हें घर तक छोड़ने हेतु निःशुल्क वाहन 'मतदाता रथ' की व्यवस्था की जाएगी। जिले के ऐसे दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाता जो मतदान केन्द्र तक पहुंचने में असमर्थ हैं, वे निःशुल्क परिवहन की सुविधा हेतु वाहन बुक करने के लिए टोल फ्री नंबर 1950 में संपर्क कर सकते हैं।

जब्ती के मामले में शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

कांकेर, 27 मार्च । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान जब्ती के मामले में आम नागरिकों के शिकायतों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार स्थैतिक निगरानी दलों, उड़नदस्ता दलों अथवा पुलिस द्वारा जब्ती के प्रत्येक मामले के संबंध में मानक प्रचालन प्रक्रिया अनुसार जिसकी कोई प्राथमिकी अथवा शिकायत दर्ज नहीं की गई है या जहां जब्ती किसी अभ्यर्थी या राजनीतिक दल या किसी निर्वाचन अभियान से जुड़ी हुई हो, जिसके परिप्रेक्ष्य में आम जनता तथा सभी व्यक्तियों को असुविधा से बचने या उनकी शिकायतों के निराकरण उक्त समिति द्वारा किया जाएगा। इस समिति में नोडल अधिकारी (व्यय अनुवीक्षण), जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला कोषालय अधिकारी सम्मिलित हैं।

शासकीय एवं निजी स्थानों से अब तक हटाए गए 5700 पोस्टर एवं बैनर

कांकेर, 27 मार्च । भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर नारे लेखन एवं बैनर, पोस्टर तथा विद्युत और टेलीफोन के खंभों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती हैं, जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम का प्रयोग करते हुए इसे हटाने के निर्देश दिये थे। इसके तहत सार्वजनिक सम्पत्ति से 01 हजार 156 दीवार लेखन, 01 हजार 665 पोस्टर, 01 हजार 160 बैनर और 967 अन्य प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं। इसके अलावा निजी सम्पति अंतर्गत 370 दीवार लेखन, 210 पोस्टर, 171 बैनर और 01 अन्य प्रचार सामग्री हटाई गई हैं। इस प्रकार अब तक सार्वजनिक स्थलों से कुल 04 हजार 948 तथा निजी स्थलों से 752 सहित यानी कुल 05 हजार 700 पोस्टर-बैनर हटाये जा चुके हैं।

नरेगा के श्रमिकों को दिलाई गई मतदाता शपथ

कांकेर, 27 मार्च । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देश पर जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में आज चारामा विकासखंड के ग्राम बारगरी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्वीप के तहत ग्राम पंचायत बारगरी में आयोजित कार्यक्रम में मनरेगा के तहत कार्य कर रहे श्रमिकों को मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया। साथ ही आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान दिवस के दिन अनिवार्य रूप मतदान करने हेतु जनपद पंचायत के सीईओ ने शपथ भी दिलाई गई।

महिला कांग्रेस पदाधिकारी प्रत्याशी राजेन्द्र साहू के पक्ष में वार्डों में प्रचार कर रही

दुर्ग,27 मार्च। शहर जिला महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा लगातार वार्डो में महत्वपूर्ण बैठक बघेरा में आयोजित की गई। बैठक में महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कन्या ढीमर के नेतृत्व और ब्लाक अध्यक्ष श्रीमती भूमिका देशमुख,शहर उपाध्यक्ष श्रीमती किरण देशमुख व प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती हेमा साहू के अध्यक्षता में वार्ड क्रमांक 56 बघेरा एवं आज वार्ड क्रमांक 58 गंज नगर में बैठक लिया गया।बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक का संचालन श्रीमती डॉ अश्वनी जांगड़े ने किया।बैठक में श्रीमती मंजू अरुण वोरा,जमुना साहू,श्रीमती राधिका राजेन्द्र साहू,रामकली यादव,सकून ढीमर विशेष रूप से मौजूद रहे।इसके अलावा वीणा साहू,लक्ष्मी ढीमर,ललित ढीमर,पूर्व एन्डरमेन रहा नारमदेव सहित अन्य कांग्रेस नेत्री ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर शहर महिला कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा बैठक के दौरान रहवासियों को कांग्रेस की न्याय गारंटी की जानकारी दी। रहवासियों से श्रीमती राधिका राजेन्द्र साहू ने मुलाकात कर उनकी समस्याओं को संज्ञान में लेने के साथ ही उन्हें कांग्रेस की न्याय गारंटी की जानकारी दी।बैठक में माताएं-बहनें साथी उपस्थित रहेउन्होंने कहा दुर्ग शहर में कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू का धुआंधार चुनावी अभियान शुरू कर भारी मतों से जीत दिलाने की बात कही।

गवर्नस नाउ 10 वें पीएसयू एवार्ड में एनएमडीसी का उत्कृष्ट प्रदशर्न

हैदराबाद, 27 मार्च भारत के सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने22 मार्च,2024 को नईं दल्ली में आयोजित 10 वें गवर्नस नाउ पीएसयू एवार्ड में पांच पुरस्कार जीते पद्मश्री डॉ. सजीव बगार्इ और श्रीमती नर्मल कौर, आईपीएस, सेवानिवृत्त पुलिस महा निदशेक,झारखंड पिलसु इस कायर्क्रम में मख्य अितथि में उपस्थित थे । एनएमडीसी के ओर सेश्री सत्येन्द्र राय, अिधशासी नदेशक (पीएडए और डीटी) ने एवार्ड प्राप्त किया । यह एवाडर्भारत को सही मायनों मेंं डिजटल राष्ट्र बनाने के लिए सगठन के प्रयासों और प्रतिबद्धता को मान्यता प्रदान करता है । अमिताभ मखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) को उनके दूरदर्शन ने तत्व और भविष्यवादी दृष्टिकोण के लिए प्रिति?त सीएमडी लीडरिशप एवाड´स सम्मानित´ कया गया और श्री जय प्रकाश, महाप्रबंधक (नै गम सचार) को कम्य´ निकेशन लीडर अवॉर्ड 'प्रदानर्ा कया गया । अपने परिवतर्नकारी सामाजिकर्ा वकास पहल और लौह अयस्क एवं इस्पात उद्योग की प्रगित हेतु अटूट प्रतिबद्धता के लिए राष्ट्रीय खिनक ने सीएसआर प्रतिबद्धता (समग्र), खनन में नवाचार और एचआर उत्कृटता (समग्र) श्रेणियों में परस्कार प्राप्त किए । इस अवसर पर बोलते हुए श्री सत्येन्द्र राय, अिधशासी नदेशक (पीएडए और डीटी) ने कहा इन प्रितित परस्कारों को प्राप्त करना सम्मान का विषय हुए । ये सभी अवॉर्ड´इस सेक्टर के विकास में हमार योगदान को मान्यता प्रदान करत `` हैं और ब हतर प्रदशर्न करने व असाधारण परिणाम दे ने के लिए हमारा आत्मिवशस बढ़ाते हैं ।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में अलौकिक होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

अंबरी, 27 मार्च। होली के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तपस्या भवन भखारा सेंटर में 24 मार्च को अलौकिक होली स्नेह मिलन समारोह रखा गया था जिसमें सभी भाई बहनों ने आत्मा स्मृति का तिलक और दिव्या गुना के रंगों से होली मनाई। इस अवसर पर हमारे जितेंद्र भाई(भारतीय संस्कृति स्कूल के ओनर ने) अपनी होली की मुबारक देते हुए अपने विचार रखें एवं एक भजन भी सुनाएं। इस पर बी के करुणा बहन जी ने होली का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि होली का त्योहार उमंग उत्साह तथा स्नेह मिलन के पवित्र उत्सव के रूप में मनाया जाता है आध्यात्मिक रहस्य परमपिता परमात्मा शिव वर्तमान समय में साकार तन में अवतरित होकर बता रहे हैं उसे जानकर वह अनुभव करने पर जीवन का सारा कष्ट अभाव एवं चिंता समाप्त हो जाती है और आत्मा सच्ची सुख शांति एवं सम्पनता के दिव्या रंगों से रंगीन हो जाती है। होली मुख्ता- तीन प्रकार से मनाते हैं जिसका आध्यात्मिक रहस्य है! 1-- जलाने की होलीङ्क होलिका दहन अर्थात पुराने तमोप्रधान स्वभाव संस्कार को योग अग्नि में भस्म करना। अपनी वृत्ति की कमियों को नष्ट करके दिव्या वृत्ति बनाना ही अपनी सच्ची होली है। 2ङ्क रंग लगाने की होली- आत्मिक स्नेह की पिचकारी से एक दूसरे पर दिव्या गुना का रंग लगाने की होली ,खेलने की अलौकिक कला स्वयं परमात्मा शिव इस भूमि पर आकर हम मनुष्य आत्माओं को सिखलाते हैं। 3ङ्क मंगल मिलन मनाने कीङ्क होली के दिन व्यक्ति अपने पुरानी वैर- भाव भूलाकर मंगलकारी और सुखदाई मिलन करते हैं इसके अभाव के कारण आज चाहु ?र दुख अशांति का वातावरण है होली अर्थात बीती सो बीती पुरानी बातों को भूलना होली अर्थात एक परमात्मा की ही गई होली अर्थात पवित्र आत्मा पवित्र हो गई परमात्मा मिलन से। इसके पश्चात भाइयों ने मिलकर ड्रामा किया।

समय पर धान का होता उठाव तो प्रशासन तक नहीं पहुंचती शिकायत

प्रबंधक सुख्ती का धान के बदले मिलर को दे रहे नगद रकम

पत्थलगांव, 27 मार्च। धान उपार्जन केन्द्र से मिलरो द्वारा समय पर धान का उठाव नही किया गया। यही कारण है कि अब प्रबंधको के सामने सुख्ती के अलावा अन्य आपदाओ की भी समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। प्रबंधको के अनुसार एक ट्रक धान लोड मे आठ से दस क्विंटल धान की सुख्ती आने के कारण उन्हे मिलर को नगद रूपये देकर सुख्ती की भरपायी करनी पड रही है। जिले भर के प्रबंधक इस बात की शिकायत जिला कलेक्टर तक कर चुके है,समय रहते धान का उठाव मिलर कर लेते तो प्रबंधको के सामने इस तरह की समस्या उत्पन्न नही होती। प्रबंधक अब काफी परेशानी के दौर से गुजर रहे है। पत्थलगांव धान उपार्जन केन्द्र के प्रभारी प्रबंधक विमलेश अंबस्थ ने बताया कि धान खरीदी अनुबंधे की कंडिका क्रमांक-2.7 के अनुसार 72 घंटे के भितर उपार्जन केन्द्र मे खरीदी किये गये धान का उठाव हर हाल मे हो जाना चाहिये। उन्होने 2.8 कंडिका का हवाला देते हुये बताया कि धान उपार्जन केन्द्र समिती खरीदे गये धान का एजेंट के रूप मे काम करती है,उनके द्वारा खरीदी किये गये धान को 28 फरवरी तक अनिवार्य रूप से उठाव कर लेना था,परंतु अवधि बितने के बाद भी उपार्जन केन्द्र से मिलर धान का उठाव नही किये। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार धान खरीदी तक ही मिलर उपार्जन केन्द्र से धान का उठाव समय पर कर रहे थे,परंतु धान खरीदी बंद होने के बाद मिलरो द्वारा उपार्जन केन्द्र से धान का उठाव करना बंद कर दिया गया। मिलरो द्वारा धान का उठाव बंद करते ही प्रबंधको के सामने धान सुरक्षित रखने की अनेक समस्यायें उत्पन्न हो गयी,जिसके बाद जिले भर के दो दर्जन से भी अधिक प्रबंधक जिला कलेक्टर के पास धान सुरक्षित ना रख पाने की शिकायत किये है।।

बारिश के साथ हाथी चूहो से भी परेशान-:धान उपार्जन केन्द्र के प्रबंधक बेमौसम बारिश के अलावा चूहे व हाथी द्वारा धान की बर्बादी किये जाने को लेकर भी काफी परेशान है। उनके द्वारा जिला कलेक्टर से की गयी शिकायत मे चुहे हाथी के अलावा बेमौसम बारिश से भी उपार्जन केन्द्र मे जमा धान को नुकसान होने का जिक्र किया है। प्रबंधक विमलेश अंबस्थ ने बताया कि लंबे समय तक धान का भंडारण कर स्टॉक रखना उपार्जन केन्द्र मे संभव नही है। अधिक समय तक धान रखने से सुख्ती,चौकीदारी, बेमौसम बारिश,हाथी चूहो से धान का नुकसान हो रहा है।।

काम छोडने की कह रहे बात-:उपार्जन केन्द्र के प्रबंधक धान की सुख्ती एवं अन्य आपदाओ को लेकर अच्छे खासे परेशान है। धान की सुख्ती मे मिलर को जेब से पैसे भरने के कारण अब प्रबंधक इस काम से हाथ तौबा कर रहे है। कुछ प्रबंधको ने तो आगामी वर्ष मे काम छोडने की बात तक कही है। उनका कहना है कि जरा से वेतन मे इतनी समस्या उठाकर काम नही कर पायेंगे।।

ढाबा संचालक को अंग्रेजी शराब के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

75 नग अंग्रेजी शराब की बनायी जप्ती

पत्थलगांव, 27 मार्च। शहर के आस-पास स्थित होटल ढाबो मे इन दिनो जमकर अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। खुले मे बैठाकर शराब पिलाने के कानून को ठेंगा दिखाते हुये ढाबा संचालक ग्राहको को खुलेआम शराब का सेवन करा रहे है। होटलो मे बिकने वाली अवैध शराब की पुलिस को लगातार शिकायत मिल रही थी,जिसके बाद प्रशिथु डी.एस.पी एवं थाना प्रभारी भानुप्रताप चंद्राकर ने अवैध शराब बेचने वालो के खिलाफटीम तैयार कर मुखबिरी करायी जा रही थी,इसी दरम्यान मुखबिर से सूचना मिली की पत्थलगांव से कुछ किलोमीटर आगे बिरिमडेगा का रहने वाला ढाबा संचालक अपनी मोटरसायकल मे अंग्रेजी शराब लेकर जा रहा है। थाना से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लुड़ेगा का महाराज ढाबा संचालक विश्वनाथ शर्मा अपने मोटरसायकल बजाज सी.टी 100 में अंग्रेजी शराब लेकर पत्थलगांव से लुड़ेग की ओर जा रहा था,इस सूचना पर मुखबीर पंचनामा तैयार करने के बाद ग्राम कछार मंदिर के पास नाकाबंदी की गयी,

तभी संदेही सामने से अपनी मोटरसायकल मे आता दिखायी दिया,जिसे रूकवा कर तलाशी लेने पर उसके पास से अंग्रेजी शराब बरामद कर बरामदगी पंचनामा तैयार कर संदेही आरोपी विश्वनाथ शर्मा को धारा 91 सी.आर.पी.सी का नोटिस देकर अंग्रेजी शराब रखने, बिक्री करने एवं परिवहन करने के सम्बंध में पहले पास एवं परमिट की मांग की गयी,परंतु उसके द्वारा किसी प्रकार का पास व परमिट पेश नही किया जा सका,जिसके बाद पुलिस ने शराब तस्करी मे प्रयुक्त वाहन क्रमांक- सी.जी 14एम.एच 5124 एवं 75 नग 180 एम.एल वाली कांच कि शीशी में गोवा स्पेशल व्हिस्की कुल मात्रा 13.500 ली0 जिसकी कीमत लगभग 9000 रू. को शीलबंद कर जप्ती बनायी गयी। एवं आरोपी विश्वनाथ शर्मा पिता रामचन्द्र शर्मा उम्र 52 वर्ष सा0 लुड़ेग त्रिकूटी थाना पत्थलगांव के विरूद्ध अवैध रूप से अंग्रेजी शराब परिवहन करते पाये जाने से एवं अपराध करने का सबूत पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।।

अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई जारी

महासमुंद 27 मार्च । अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही के दौरान वृत्त सरायपाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटद्वारी कालीदरहा बांध के पास के पहाड़ में अवैध हाथभट्ठी महुआ शराब के निर्माण की सूचना पर मौके से आरोपी हीरालाल सेठ उम्र 32 वर्ष निवासी कोटद्वारी द्वारा संचालित अवैध हाथ भट्ठी से 7 बोरियों में रखा हुआ महुआ पास प्रत्येक में 35 किलो कुल 245 किलोग्राम महुआ लाहन कीमत 12250 रुपए तथा चार बोरियों में पॉलीथिन में रखा हुआ महुआ शराब प्रत्येक में 35 लीटर कुल 140 बल्क लीटर कीमत 28000 रुपए, कुल बाजार मूल्य 40250 रुपए का अवैध हाथभट्ठी महुआ शराब एवं महुआ लाहन आरोपी के कब्जे से जप्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क)(च), 34(2), 59(क) के तहत प्रकरण कायम कर मामला विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई उत्तम बुद्ध भारद्वाज सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंडल सरायपाली एवं आबकारी उपनिरीक्षक शिवशंकर के नेतृत्व में की गई। यह कार्यवाही जिला आबकारी अधिकारी श्री मोहित कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में आबकारी आरक्षक राज किशोर पांडे एवं समस्त आबकारी स्टाफ सरायपाली द्वारा किया गया।

एक नजर

होली का पर्व हर्ष व उमंग के साथ मनाया गया

नवापारा राजिम, 27 मार्च। मस्ती और उमंग का पर्व होली समीपस्थ ग्राम परसदा में हर्ष व उमंग के साथ मनाया गया.इस अवसर पर होलिका दहन का कार्य अश्विनी तारक(बैगा)के द्वारा के द्वारा किया गया. इस दिन सुबह गाँव के बच्चे पिचकारी के रंग में सराबोर होते हुए नजर आए. वहीं दूसरे तरफ रंग बरसे भीगे चुनरवाली एवं होली खेले रघुवीरा गीतो पर बच्चे थिरकते रहे. शाम को रंग गुलाल लेकर एक दूसरे से गले मिलते हुए तिलक लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी. पूरन लाल साहू (शिक्षक) ने कहा कि होली का पर्व मन की मलीनता को त्यागकर आपस में गले मिलते हुए भाईचारे के साथ मनाना चाहिए.इस मौके पर प्रमुख रूप यशवंत वर्मा, तिलक राम साहू, पूरन लाल साहू,महेन्द्र वर्मा भूषण वर्मा, रामकुमार हिरवानी,टीकू यादव जगदीश साहू, प्रीत राम साहू दशरथ तारक, सीताराम साहू, मनीलाल साहू, भोज वर्मा,राजेश साहू, नरेन्द्र वर्मा, दुलार साहू, लीलेश वर्मा, किशोर कुमार साहू,विनोद सेन,योगेश साहू, सुखेन साहू, खिलावन साहू, उकेश तारक, वेदप्रकाश साहू, हेमंत साहू, भोला राम वर्मा सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

नाम निर्देशन पत्र से संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

महासमुंद 27 मार्च । लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर एवं कलेक्टर श्री प्रभात मलिक के कार्यालय कक्ष क्रमांक 06 में अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया जाएगा। इस संबंध में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा संबंधित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक ने कहा कि नाम निर्देशन पत्र तथा प्रारूप 26 में शपथ पत्र प्राप्त करते समय उसके प्रत्येक कॉलम की भली भांति जांच करनी चाहिए। इसी तरह अभ्यर्थियों को दी जाने वाली जांच सूची भी सावधानी पूर्वक तैयार करना चाहिए। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निर्भय साहू, अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, एसडीएम महासमुंद श्री ओमेश साहू, डिप्टी कलेक्टर श्री हरिशंकर पैकरा एवं श्री आशीष कर्मा उपस्थित थे।जिला मास्टर ट्रेनर श्री तोषण गिरि गोस्वामी ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि अभ्यर्थी द्वारा नामांकन शुल्क 25 हजार रुपए जमा किया जाएगा। अनुसूचित एवं जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को इस पर 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। परंतु इसके लिए उन्हें सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। एक अभ्यर्थी के द्वारा अधिकतम 4 सेट में नाम निर्देशन पत्र जमा किया जा सकता है। राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त एवं छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त दलों के अभ्यर्थियों के लिए प्रस्तावकों की संख्या एक होगी। इसी प्रकार अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त दलों तथा निर्दलीय अभ्यर्थियों के लिए प्रस्तावकों की संख्या 10 होगी चाहिए। ये प्रस्तावक महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के मतदाता होने चाहिए। नामांकन दाखिल करते समय रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में अभ्यर्थी सहित कुल 5 व्यक्ति प्रवेश कर सकते हैं। अभ्यर्थियों के शपथ पत्र के सभी कॉलम भरे होने चाहिए। उनके द्वारा स्टाम्प साइज के फोटो जमा किए जाएंगे जो तीन माह से अधिक पुराना न हो। फोटो की पृष्ठभूमि सफेद होनी चाहिए, परंतु फोटो रंगीन व श्वेत श्याम हो सकता है। टोपी लगाकर या काला चश्मा लगाया हुआ फोटो स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अभ्यर्थी को नाम निर्देशन पत्र जमा करने के बाद तथा संवीक्षा की नियत तिथि के एक दिन पहले तक रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष निर्धारित प्रपत्र में शपथ या प्रतिज्ञान लेना होगा तथा उस पर हस्ताक्षर करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि मतपत्र में अभ्यर्थियों के नाम तीन अलग-अलग श्रेणियों में होंगे जो हिन्दी भाषा के आधार पर देवनागरी लिपि के वर्णक्रम के आधार पर निर्धारित किए जायेंगे।

महासमुंद लोकसभा के लिए फॉर्म 12 जमा करने की अंतिम तिथि 2 अप्रैल

महासमुंद 27 मार्च । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इण्डिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी किये जाएंगे एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं।

भारत निर्वाचन आयोग आयोग के निर्देशानुसार अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से इन सेवाओं के ऐसे कर्मचारी, जो अपनी शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते है, केवल उनके लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जाती है। ऐसे सभी कर्मियों को प्रारूप 12 घ पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन करना होता है। महासमुंद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में द्वितीय चरण में निर्वाचन सम्पन्न होना है। जिसके लिए फॉर्म 12 घ जमा करने की अंतिम तिथि 2 अप्रैल 2024 है।प्रारूप 12 घ में आवेदन करने वाले कर्मचारी को आवेदन में अपना मोबाइल नम्बर, वोटर आईडी नंबर एवं मतदाता सूची में भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही-सही दर्ज करना होगा। उन्हें वोटर आईडी कार्ड की छायाप्रति भी साथ में संलग्न करनी होगी। निर्वाचक नामावली में कर्मचारी की अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने हेतु वोटर हेल्पलाइन एप्प का उपयोग किया जा सकता है जिसमे वोटर आईडी कार्ड नंबर डालकर इसे खोजा जा सकता है। जिला स्तर पर नोडल अधिकारियों को फॉर्म 12 घ में प्राप्त आवेदनों को इसके भाग 2 में सत्यापित करना अनिवार्य होगा।

भगवान और भक्तों के बीच होली खेलने की सदियों से चली आ रही परंपरा

भगवान राजीव लोचन भक्तों के साथ होली खेलने गर्भगृह से निकले बाहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम 27 मार्च । पूरे छत्तीसगढ़ में राजिम के होली का विशेष महत्व है क्योंकि यहाँ वृंदावन जैसा होली होता है यहां भगवान श्री राजीव लोचन अपने भक्तों के साथ होली खेलने गर्भगृह से बाहर निकलते है होली के दिन भगवान के साथ होली खेलने आसपास के सैकड़ो गांव के अलावा प्रदेश के कई जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए थे रंग गुलाल के बौछार के माहौल में फाग गीत और नगाड़े की धुन पर महिला, पुरुष, बच्चे , नौ जवान हर कोई थिरकते नजर आये छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम में भगवान श्री राजीव लोचन के साथ होली खेलने सोमवार को राजनेताओं सहित स्थानीय जन प्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में शहर के लोग एवं आसपास के सैकड़ों गांवों के श्रद्धालुगण पहुंचे हुए थे विशाल मंदिर परिसर भक्तों, होलियारों और श्रद्धालुओं की भीड़ से भरा था भीड़ में हर किसी का चेहरा गुलाल के विभिन्न सतरंगी रंगों से रंगा हुआ था

मंदिर में होली खेलने के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

भगवान श्री राजीव लोचन का श्रृंगार मनमोहक रुप में भगवान श्री राजीव लोचन का श्रृंगार साक्षात मोहनी के रूप में किया गया था, जो काफी आकर्षक लग रहा था। भक्तों की कतार दोपहर बाद से देर शाम तक लगी रही। सभी भक्त भगवान की ओर गुलाल उड़ाकर, दर्शन पाकर अपने आपको धन्य मान रहे थे। बड़ी संख्या में मंदिर पहुंची महिलाओं और युवतियों की टीम भी आपस में एक-दूसरे के गालों पर गुलाल लगाकर सेल्फी लेकर मजा ले रही थी हर किसी का चेहरा विभिन्न प्रकार के गुलाल लाल, गुलाबी, हरा, नीला, पीला, केसरिया जैसे रंगों से रंगा हुआ था। परिसर में फाग गीतों और नगाड़े की थाप पर दुमके लगाने वालों की भारी भीड़ थी। युवा वर्ग दुमकने में मस्त नजर आ रहे थे। मंदिर में उड़ते रंग-गुलाल का शानदार दृश्य, मौजूद कई हजारों की भीड़ को रोमांचित कर रहा था

भगवान ओर भक्तों के बीच होली खेलने की है परंपरा

श्री राजीव लोचन मंदिर प्रांगण में शाम को अनोखा दृष्य उस वक्त देखने को मिलता है, जब भगवान गर्भगृह से बाहर श्रद्धालुओं के साथ रंग-गुलाल खेलने के लिए बाहर निकलते है यह क्षण मंदिर परिसर में मौजूद हजारों लोगों के लिये बड़ा ही सुखद अवसर होता है।

लोगों की भीड़ अधिक होने के कारण अधिकांश लोगों को दूर रहकर ही दर्शन करना पड़ता है। भगवान श्री राजीव लोचन जी का होली के दिन विशेष श्रृंगार किया जाता है।

ईव्हीएम की सुरक्षा के लिए सीसी टीवी की निगाहें सतत लगी रहेंगी:कलेक्टर

गरियाबंद, 27 मार्च। लोकसभा निर्वाचन के लिए गरियाबंद जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में राजिम और बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाये स्ट्रांग रूम का जिलाधीश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल व जिला के अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने विधानसभा वार बनाए गए स्ट्रांग रूम पहुंच ईव्हीएम मशीनों और मतदान दलों को वितरित की जाने वाली सामग्रियों की व्यवस्था की जानकारी ली।कलेक्टर श्री अग्रवाल को उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश गोलछा ने अब तक की गई तैयारियों की जानकारी दी और मतदान दलों को सामग्री वितरण तथा वापसी पर सामग्री लेने की व्यवस्थाएं बताई। कलेक्टर ने मतगणना के लिए तय कमरों में भी पहुंचकर वहां किए जा रहे इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांगरूम तथा मतगणना स्थल पर सुरक्षा के इंतजामों की जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाए गए है, साथ ही ईव्हीएम कन्ट्रोल रूम, पेयजल, टायलेट, बैरिकेटिंग, शाईनेज, फायर अलार्म, सहित अन्य व्यवस्थाओं के अलावा विधानसभा क्षेत्रों के लिए तैनात टीमों एवं उनके कार्यो की जानकारी दी गई। इस दौरान कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम, मंडी परिसर की साफ-सफाई कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये है। इस अवसर पर एस डी एम गरियाबंद विशाल महाराणा, राजिम श्रीमती अर्पिता पाटक, मैनपुर हितेश घिस्दा, लोक निर्माण के कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा, एनआईसी के उप निदेशक नेहरू निराला सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

डाक मतपत्र आवेदन 2 अप्रैल तक प्राप्त किये जा सकेंगे

■ अधिकारी,कर्मचारीयो को मोबाइल नम्बर, वोटर आईडी नं. एवं निर्वाचक नामावली की भाग संख्या एवं सरल क्रमांक दर्ज करना होगा

■ आवेदन प्राप्त करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 27 मार्च। मुख्य निर्वाचन कार्यालय के निर्देशानुसार अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवाओं के मतदाताओं से प्रारूप-12 घ में आवेदन प्राप्त करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिये गये है। अधिकारी-कर्मचारी जो कि अपने शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान तिथि को मतदान केन्द्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते केवल उनके लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जायेगी। उल्लेखनीय है कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन द्वितीय चरण पर होगा। प्रारूप 12 घ में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 02 अप्रैल तक निर्धारित है। प्रारूप 12 घ में ओवदन करने के लिए संबंधित कर्मचारी को मोबाईल नम्बर, वोटर आईडी नं. एवं निर्वाचक नामावली की भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही-सही दर्ज करना होगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन के लिए प्रारूप 12 घ में आवेदन प्राप्त करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये है। इनमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, विद्युत यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्यपालन अभियंता, जनसंपर्क विभाग के सहायक संचालक, बीएसएनएल के अनुविभागीय अधिकारी एवं डाक घर के मुख्य पोस्ट मास्टर शामिल है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवाओं के रूप में अधिसूचित किया गया है। इनमें स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, ऐसे मीडियाकर्मी जिन्हें प्राधिकार पत्र जारी होगा, रेल परिवहन, बीएलएनएल, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित एवं भारतीय खाद्य निगम के अधिकारी-कर्मचारी जो कि अपने शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान तिथि को मतदान केन्द्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते केवल उनके लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जायेगी। उल्लेखनीय है कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन द्वितीय चरण पर होगा। प्रारूप 12 घ में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 02 अप्रैल तक निर्धारित है। प्रारूप 12 घ में ओवदन करने के लिए संबंधित कर्मचारी को मोबाईल नम्बर, वोटर आईडी नं. एवं निर्वाचक नामावली की भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही-सही दर्ज करना होगा।

कलेक्टर ने राजनीतिक दल एवं स्टैंडिग कमेटी की बैठक ली

राजनांदगांव 27 मार्च । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत राजनीतिक दल एवं स्टैंडिग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों के लिए आम निर्वाचन की घोषणा कर दी गई है। जिसके तहत राजनांदगांव जिला अंतर्गत आने वाले संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए आम निर्वाचन कार्यक्रम घोषित किया गया है। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव की सीट अनारक्षित है। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत अधिसूचना का प्रकाशन गुरूवार 28 मार्च 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे होगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि गुरूवार 4 अप्रैल 2024 अपरान्ह 3 बजे तक है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा शुक्रवार 5 अप्रैल 2024 पूर्वान्ह 11 बजे से होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 8 अप्रैल 2024 अपरान्ह 3 बजे तक है। मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को होगी। पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक एवं मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा। मतगणना मंगलवार 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से होगी। गुरूवार 6 जून 2024 के पूर्व निर्वाचन संपन्न होगा।

कलेक्टर ने बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के सम्पूर्ण क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील कर दी गई है। आदर्श आचरण संहिता का प्रभाव 6 जून 2024 तक रहेगा। प्रचार-प्रसार हेतु धार्मिक स्थलों का उपयोग नहीं किया जायेगा। शासकीय व सार्वजनिक स्थलों का उपयोग सक्षम अधिकारी की अनुमति से किया जा सकेगा। धारा 144 सम्पूर्ण लोकसभा क्षेत्र में प्रभावशील है। बिना अनुमति के कोई निजी, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक अथवा राजनीतिक कार्यक्रम जिसमें 5 से अधिक व्यक्तियों के शामिल होने की संभावना हो, नहीं हो सकेंगे। छूट प्राप्त व्यक्ति अथवा संस्था को छोड़कर अन्य कोई भी अस्त्र-शस्त्र लेकर नहीं चलेगें। ध्वनि विस्तार यत्रों का उपयोग उच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अधीन सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति से ही किया जाएगा। राजनीतिक दल अथवा अभ्यर्थी प्रचार-प्रसार हेतु अस्थाई कार्यालय खोलने, वाहनों का उपयोग करने, सभा, रैली इत्यादि करने सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त करेंगे।

उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 के बाद वर्तमान में सतत अद्यतीकरण की प्रक्रिया जारी है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया, 72-कवर्धा, 73-खैरागढ़, 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति), 75-राजनांदगांव, 76-डोंगरगांव, 77-खुज्जी एवं 78-मोहला मानपुर (अनुसूचित जनजाति) हेतु लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए तैयार की जाने वाली निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज करने की कार्यवाही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के स्तर पर नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक की जाएगी। ऐसे व्यक्ति जो 01 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिए है एवं जिन्होंने अपना आवेदन प्रारूप 6 में 24 मार्च 2024 के पूर्व जमा किया है, उनके नाम मतदाता सूची में जोड़े जा सकेंगे। फार्म 8 के तहत स्थानांतरण हेतु निर्धारित तिथि पूर्व प्राप्त आवेदन विचार में लिए जायेंगे।

विधानसभावार मतदाताओं की संख्या-कलेक्टर ने बताया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इसके तहत मतदान केन्द्रों की संख्या 2 हजार 329 तथा 1 सहायक मतदान केन्द्र हैं। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 18 लाख 65 हजार 175 है। इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 9 लाख 28 हजार 329 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 9 लाख 36 हजार 837 तथा अन्य मतदाताओं की संख्या 9 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया में मतदान केन्द्रों की संख्या 393, कुल मतदाताओं की संख्या 3 लाख 18 हजार 235 है। इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 58 हजार 978 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 59 हजार 257 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा में मतदान केन्द्रों की संख्या 410 एवं 1 सहायक मतदान केन्द्र है। इसमें कुल मतदाताओं की संख्या 3 लाख 34 हजार 288 है। इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 65 हजार 915 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 68 हजार 371 तथा अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ में मतदान केन्द्रों की संख्या 283 एवं कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 21 हजार 912 है। इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 11 हजार 138 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 10 हजार 774 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) में मतदान केन्द्रों की संख्या 270 एवं कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 10 हजार 979 है। इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 6 हजार 156 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 4 हजार 818 तथा अन्य मतदाताओं की संख्या 5 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव में मतदान केन्द्रों की संख्या 223 एवं कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 13 हजार 428 है। इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 4 हजार 611 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 8 हजार 815 तथा अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव में मतदान केन्द्रों की संख्या 252 तथा कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 4 हजार 342 है। इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 2 हजार 709 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 1 हजार 633 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी में मतदान केन्द्रों की संख्या 261 एवं कुल मतदाताओं की संख्या 1 लाख 92 हजार 137 है। इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 95 हजार 439 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 96 हजार 698 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर में मतदान केन्द्रों की संख्या 237 एवं कुल मतदाताओं की संख्या 1 लाख 69 हजार 854 है। इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 83 हजार 383 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 86 हजार 471 है।

होली की शाम अज्ञात हमलावरों ने बासागुड़ा में तीन ग्रामीण युवकों की हत्या कर सनसनी फैलाई

बीजापुर, 27 मार्च(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले के बासागुड़ा गांव के बीच तीन ग्रामीणों की निर्मम हत्या कर दी गई । होली मना कर वापस लौट रहे ग्रामीणों की धारदार हथियार से हमला कर अज्ञात हमलावरों ने हत्या को अंजाम दिया है । बासागुड़ा निवासी चंद्रैय्या मोडीयाम, अशोक भंडारी और कारम रमेश पर चाकू व कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई । इस हमले में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई तथा तीसरे युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई । बासागुड़ा पुलिस अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर घटना की जानकारी जुटाने में जुटी हुई है । प्राप्त जानकारी अनुसार बासागुड़ा राहत शिविर में रहने वाले तीनो ग्रामीण युवक होली खेल कर पुसबाका रोड़ की तरफ जा रहे थे ।करीब 5 बजे समय अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर मौके से भाग गए । इस हमले में दो लोगो की मौत मौके पर ही हो गई । तीसरे युवक की मौत अस्पताल में इलाज दौरान हुई । ग्रामीण युवकों की हत्या का खुलासा अब तक नहीं हो पाया है । मंगलवार को मारे गए ग्रामीणों के शव का पीएम कराया गया उसके बाद शव को परिजनों को सौप दिया गया । इस वारदात के बाद बासागुड़ा क्षेत्र में भय का माहौल निर्मित हो गया है । होलिका दहन की रात जवान को गोली मारी - घायल जवान का इलाज जारी ।जापुर जिला मुख्यालय के अटल आवास में रहने वाले डी आर जी के जवान दीपक दुर्गम को जो अपने घर के सामने था उसे नक्सलियों के स्माल एक्सन टीम ने गोली मार दी ।जिससे वो घायल हो गया ।घायल जवान को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया । जहां प्राथमिक उपचार के बाद रात में हेलीकाप्टर से बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजा गया । फिलहाल जवान खतरे से बाहर बताया गया है ।जिला मुख्यालय के अटल आवास में नक्सलियों के इस घटना से वहां रहने वालो में दहशत व्याप्त हो गई ।अटल आवास के पीछे का हिस्सा जंगलों से घिरा हुआ है ।इसके पीछे गोरगा- मनकेली गांव पड़ता है । ऐसी आशंका है की नक्सलियों की स्माल एक्सन की टीम इसी ओर से आकर घटना को अंजाम दिया होगा ।

माओवादियों का घिनौना चेहरा फिर आया सामने

बीजापुर, 27 मार्च(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बस्तर रेंज श्री सुंदरराज पी, पुलिस उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज दंतेवाड़ा श्री कमलोचन कश्यप, कलेक्टर बीजापुर श्री अनुराग पाण्डे, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0जितेन्द्र कुमार यादव एवं कमांडेंट 168 बटालियन केरिपु श्री विक्रम सिंह बासागुड़ा राहत शिविर कैम्प पहुंचे । दिनांक 25/03/2024 को माओवादी हिंसा में मारे गये ग्रामीणों के परिजनों से मिले । दुःखद घड़ी में शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाये । घटना में शामिल जिम्मेदार के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही का भरोसा दिलाये । घटनास्थल, शिविर एवं आसपास के गांव का भ्रमण किये ग्रामीणों को सुरक्षा सबंधी आवश्यक समझाइस दी गई ।कलेक्टर बीजापुर द्वारा मृत ग्रामीणों के परिजनों को त्वरित राहत राशि का अंश प्रदान किया गया एवं शासन की ओर से मिलने वाली सहायता राशि के लिये आश्वस्त किया गया । कलेक्टर बीजापुर द्वारा राहत शिविर में निवासरत ग्रामीणों की समस्याये सुनी एवं उनके निराकरण के लिये आश्वस्त किये ।छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् आत्मसमर्पण का रास्ता खुला है, हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़े शासनकी की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ ले, शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाये, सुखद पारिवारिक जीवन यापन करें, समाज के विकास में भागीदारी बने ।जिला बीजापुर के अंदरूनी क्षेत्रों में नवीन कैम्पों की स्थापना के साथ क्षेत्र में सड़क मार्ग का विस्तार हुआ है एवं क्षेत्र में विकास कार्यो में गति आई है ।ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं राशन, बिजली, पानी,शिक्षा, इलाज, परिवहन सेवाएं उपलब्ध हो रही है।।

नक्सलियों ने 30 मार्च को बीजापुर जिला बंद का किया ऐलान

बीजापुर, 27 मार्च(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नक्सलियों के पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के सचिव मोहन ने जारी किया प्रेस नोट. 30 मार्च को बीजापुर बन्द का किया आव्हान. नक्सली नेता ने पुलिस पर लगाया जनवरी से लेकर अब तक 15 आदिवासियों की हत्या का आरोप. भाजपा सरकार पर फर्जी मुठभेड़ ,अत्याचार एंव आदिवासियों को जल जंगल जमीन से बेदखल करने का लगाया आरोप. फर्जी मुठभेड़ को लेकर 30 मार्च को बीजापुर जिला बंद का किया आह्वान. नक्सली नेता ने कहा बन्द के दौरान एंबुलेंस -अस्पताल एंव परीक्षा दे रहे छात्रों को रहेगी छूट. परिवहन एंव व्यापारी को नक्सलियों ने दी चेतावनी-परिवहन संचालन हुआ या दुकाने खुली तो खुद की होगी ।

एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के लिए 18 अप्रैल तक पंजीयन

बीजापुर, 27 मार्च(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन 18 अप्रैल 2024 तक आमंत्रित की गई है। ऑनलाईन भरे गये आवेदन में त्रुटि सुधार 19 से 26 अप्रैल 2024 तक की जा सकती है। प्रवेश परीक्षा शनिवार 18 मई 2024 को आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक वेबसाईट http://eklavya.cg.nic.in पर पंजीयन करा सकते है।

अवैध शराब की रोकथाम के लिए दल का गठन

राजनांदगांव 27 मार्च । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान अवैध शराब की रोकथाम के लिए आबकारी विभाग के अधिकारी अधिकारी-कर्मचारियों की थानेवार शराब अनुवीक्षण दल का गठन किया है। डोंगरगांव थाना अंतर्गत शराब अनुवीक्षण दल प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी वृत्त प्रभारी राजनांदगांव ग्रामीण श्रीमती कुसुमलता जोल्हे एवं दल के सदस्य आबकारी आरक्षक श्री मिलाप मंडावी, घुमका थाना अंतर्गत शराब अनुवीक्षण दल प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक वृत्त प्रभारी राजनांदगांव श्री श्रवण दास वैष्णव एवं दल के सदस्य आबकारी आरक्षक वृत्त राजनांदगांव श्री ताम्रध्वज ठाकुर, राजनांदगांव थाना अंतर्गत शराब अनुवीक्षण दल प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक वृत्त प्रभारी राजनांदगांव श्रीमती तुलेश्वरी देवांगन एवं दल के सदस्य आबकारी आरक्षक वृत्त राजनांदगांव श्री आर्यन ठाकुर एवं आबकारी आरक्षक वृत्त राजनांदगांव श्री भेजराज बंजारे, चिचोला थाना अंतर्गत शराब अनुवीक्षण दल प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक वृत्त प्रभारी चिचोला श्रीमती नेहा सिंह एवं दल सदस्य आबकारी उप निरीक्षक वृत्त चिचोला श्री नागेश निषाद और डोंगरगढ़ थाना अंतर्गत शराब अनुवीक्षण दल प्रभारी आबकारी उप निरीक्षण श्री उज्जवल सूत्रधर एवं दल सदस्य आबकारी मुख्य आरक्षक वृत्त डोंगरगढ़ श्री लालसिंह राजपूत की ड्यूटी लगाई गई है।

एक नजर

नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

कोरबा-रायपुर, 27 मार्च। शादी के 8 महीने बाद ही नव विवाहिता युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी है. नवविवाहिता की लाश घर के शौचालय में फांसी के फंदे में लटकी मिली है. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. मानिकपुर चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि पूरी घटना मानिकपुर चौकी के एसबीएस चीफहाउस कॉलोनी की है. जहां एक युवती ने शादी के चंद महीनों बाद ही मौत को गले लगा लिया. जानकारी के अनुसार, युवती ने आत्महत्या के पहले मायके वालों से फोन पर बात की थी. उसने सास, ससुर और ननद पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। जानकारी के अनुसार, युवती को दहेज और खाना पीना के लिए ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे. घटना के बाद युवती के परिजनों ने ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के निवास में होली पर जमा फाग का रंग

कोरबा, 27 मार्च। वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के चारपारा कोहड़िया स्थित निवास स्थान पर हर्षोल्लास के साथ होली मनाई गई। मंत्री श्री देवांगन के निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। सुबह से ही मंत्री निवास पर कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटनी शुरु हो गई थी। मंत्री श्री देवांगन ने सभी को रंग लगाया, गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा की होली का त्योहार हमें गिले-शिकवे भूलाकर आपसी भाईचारे के साथ काम करना सीखाता है। इसी को ध्यान में रखकर उन्होंने जिलेवासियों से मिल-जुलकर जिले व प्रदेश के विकास में योगदान देने की बात की। होली के इस अवसर पर उन्होने कहा कि 4 जून को एक बार फिर प्रदेश में होली मनाएंगे उन्होंने कहा की खुशियों का यह रंगोत्सव आप सभी के जीवन में समृद्धि व सद्भाव का रंग लाए और नई ऊर्जा के संचार का माध्यम बने।

कोरबा सांसद निवास में फाग गीतों के साथ खेली गई होली

कोरबा, 27 मार्च। कांग्रेस प्रत्याशी और कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना महंत के निवास स्थान में आयोजित होली मिलन समारोह में क्षेत्र के कांग्रेसजनो के अलावा बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सांसद ज्योत्सना महंत व नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने अतिथियों का स्वागत अबीर गुलाल से किया। आमजनो ने भी कांग्रेस नेताओं के साथ हर्षोल्लास माहौल में होली का भरपूर लुफ्त उठाया और जलपान ग्रहण किया। महंत परिवार के आमंत्रण पर बड़ी संख्या में लोग सांसद निवास में होली खेलने पहुंचे थे। आमतौर पर भगवा रंग को भाजपा से जोड़कर देखा जाता है। लेकिन कांग्रेस सांसद के निवास में होली खेलने पहुंचे लोगों को वहां बड़ी संख्या में भगवा वस्त्रधारी ढोल मंजीरा और छत्तीसगढ़ी में फाग गाते और थिरकते नजर आये। स्वयं सांसद ज्योत्सना महंत व नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने भगवा कलर से मिलता जुलता ड्रेस पहन रखा था।

जिले में मनाया गया विश्व क्षय दिवस, एक साल में मिले 13 सौ से अधिक केस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 27 मार्च। प्रतिवर्ष पूरी दुनिया में 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस मनाया जाता है। इसके माध्यम से लोगों को क्षय रोग के संबंध में जागरूक रहने की अपील के साथ-साथ बीमारी से बचाव और उसके उपचार के बारे में भी बताया जाता है। इस वर्ष भी जिले में क्षय रोग दिवस आज मार्च को मनाया गया। जिसके तहत आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आम जनता और चिकित्सा स्टाफ को टीबी मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई गई। साथ ही नगरीय निकायों की सफाई गाड़ियों के माध्यम से भी जन समुदाय को टीबी रोग के सम्बंध में माइकिंग के जरिये बताया गया। भारत सरकार ने वर्ष 2025 तक देश से टीबी रोग के उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार टीबी एक संक्रामक रोग है जिसका जीवाणु रोगी व्यक्ति के खाँसने; छींकने से हवा के माध्यम से किसी स्वस्थ्य व्यक्ति में प्रवेश कर जाता है। बाद में यही रोग के रूप में दिखाई पड़ता है। दो हफ्ते से अधिक अवधि की खाँसी, शाम को पसीने के साथ हल्का बुखार, छाती में दर्द, बलगम के साथ कभी कभी खून आना, भूख न लगना, वजन में कमी, गले मे कोई गांठ होना। यह सब टीबी के लक्षण हो सकते हैं। फेफड़े सहित यह किसी भी अंग में हो सकता है।

टीबी की पहचान बलगम की जांच, एक्सरे और आधुनिक नाट मशीनों से संभव है जिसकी सुविधा हमारे जिले में उपलब्ध है। जिला अस्पताल सहित हर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में नाट जाँच

हो जाती है। जांच में पॉजिटिव पाए जाने पर डॉट्स का उपचार 6 से 8 महीने चलता है जिसके बाद मरीज पूरी तरह ठीक हो जाता है। जिले में वर्ष 2023 जनवरी से दिसम्बर की अवधि में कुल 22 हज़ार 4 सौ 72 लोगों की टीबी जाँच की गई जिसमें से 1314 टीबी मरीज प्राप्त हुए। इसी प्रकार इस वर्ष जनवरी से लेकर अब तक कुल 232 टीबी के नए मरीज पाए गए हैं जिनका उपचार ज़ारी है। टीबी की जांच और इलाज पूरी तरह से निःशुल्क है। मरीज को उपचार के दौरान प्रतिमाह 500 रुपये की निक्ष्य पोषण सहायता राशि भी सीधे खाते में दी जाती है। किसी भी स्थिति में दवाई बीच मे नहीं छोड़नी चाहिए अन्यथा जान भी जा सकती है या टीबी प्रतिरोधक टीबी में बदल सकती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर के अनुसार वर्ष 2025 तक टीबी रोग के उन्मूलन को ध्यान में रखते हुए देश में टीबी मुक्त पंचायते बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

वर्ष 2023 में बलौदा बाजार जिले में कुल 12 पंचायतें टीबी मुक्त पाई गई हैं। इस पर और अधिक ध्यान केंद्रित किया जा रहा है ताकि यह संख्या बढ़ाई जा सके। बलौदाबाजार भाटापारा जिला वर्ष 2015 के आधार वर्ष से 2022 तक कुल टीबी केसों में 20 प्रतिशत की कमी भी कर चुका है जिसके लिये राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक प्राप्त हुआ है। टीबी के मरीज को सामाजिक सहयोग हेतु कोई भी सक्षम व्यक्ति निक्ष्य मित्र बन के उन्हें अपनी ओर से पोषण आहार सामाग्री का भी सहयोग कर सकता है। बीमारी के लक्षण प्रकट होने पर निकट के स्वास्थ्य केंद्र पर जरूर संपर्क करें।

वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, बाघ विचरण क्षेत्र से संदिग्ध शिकारी गिरफ्तार

5 नग गोला बम, पैंगोलिंग छाल, 10 नग साही की आंत सहित जंगली सुअर के दांत और जबड़ा जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 27 मार्च। डीएफओ मयंक अग्रवाल के नेतृत्व में वन विभाग की टीम को संदिग्ध शिकार के मामले में देर रात बड़ी सफलता हाथ लगी है। वर्तमान में बलौदाबाजार भाटापारा जिले के अंतर्गत आने वाले बार अभयारण्य एवं वन विकास निगम के क्षेत्र में बाघ का विचरण विगत 4 मार्च से देखा गया है। उक्त के संबंध में विभाग के द्वारा सतत् गश्त एवं निगरानी की जा रही है। बाघ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 अंतर्गत शेड्यूल वन का प्राणी है जिसे उच्च स्तर का संरक्षण प्राप्त है। एनटीसीए के प्रोटकाल अनुसार ट्रैप कैमरा में मध्यम से जंगल के अंदर बाघ की निगरानी विभाग के द्वारा की जा रही थी। दिनांक 21 मार्च 2024 को रात में 1:47 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति की फ़ोटो शिकार के उद्देश्य से ट्रैप कैमरे के माध्यम से विभाग को प्राप्त हुई द्य कैमरा अनुसार व्यक्ति के द्वारा 5 कुत्ते एवं औज़ार लेकर जंगल में विचरण करते देखा गया। पूछताछ एवं छानबीन अनुसार व्यक्ति गाँव कौवाबहरा, पंचायत रवान निवासी 27 वर्षीय लोचन ठाकुर के रूप में पहचान हुई। विभाग द्वारा कल उनके घर जाकर विधिवित छापामार तलाशी ली गई जिसमें 5 नग गोला, पैंगोलिन छाल, साही आंत (intestine)- 10 नग, जंगली सुअर मास-1 किलो ग्राम, 5 नग जंगली सुअर दाँत एवं 1 नग जंगली सुअर जबड़ा प्राप्त हुई जिसे जब्त कर ली गई है। पूछताछ के दौरान ऋषि ठाकुर उम्र 35, शिव ठाकुर उम्र 33, महासिंग ठाकुर उम्र 60 की भी समलिफ्ता पाई गई है। विभाग के द्वारा विधिवत कार्यवाही करते हुए ज़ब्त सामग्री के साथ न्यायलीन कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि ग्राम कौवाबहरा वन विकास निगम का क्षेत्र है जिसमें लगातार बाघ सुरक्षा में लगे निरीक्षण टीम वन विभाग बलौदारबाजार द्वारा कार्रवाई की गई है।

समाचार संक्षेप

बृजमोहन को लोकसभा प्रत्याशी बनाने पर लोगों में भारी उत्साह

तिल्दा-नेवरा, 27 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। तिल्दा नेवरा में लोकसभा चुनाव के पहले हर वार्ड में कांग्रेसी बीजेपी की सदस्यता लेने चाहा रहे है। जब से प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनी है कांग्रेस को छोड़ कर बीजेपी में घुसने स्थानीय कुछ नेता ओ के शरण में कांग्रेसी लगे है। वैसे देखा जाय तो तिल्दा नेवरा अंचल ग्रामीण और नगर निकाय तो बीजेपी का गढ़ पिछले बीस वर्षो से है और उसके पूर्व तो विधायक कांग्रेसी और निर्दलीय होते थे। बृजमोहन अग्रवाल के लोकसभा प्रत्यासी बनने पर नागरिकों में भारी उत्साह है। इस चुनाव में कांग्रेस की हार बुरी तक होने वाली है कारण कांग्रेसियो में पार्टी छोड़ने की होड़ लगी है। करीब सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी तिल्दा नगर से छोड़ चुके है और अभी यह सिलसिला जारी है। बलौदा बाजार विधान सभा में टंक राम का जादू चलेगा। लोक सभा चुनाव में पूरी विधान सभा चुनावों में मंत्री विधायक बलौदा बाजार का जादू चलेगा। मंत्री अपने विधान सभा में सक्रिय हो चुके है। निरंतर बृजमोहन अग्रवाल को सर्वाधिक मत से चुनाव जीतने मेहनत कर रहे है। विधान सभा चुनावों में गांव गांव में बीजेपी कार्यकर्ता मैदान में डटे है।

मारपीट कर प्राणघातक चोट पहुंचाने वाला पकड़ाया

बलौदाबाजार, 27 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार से है कि 25 मार्च को प्रार्थी योगेंद्र वर्मा निवासी बरडीह द्वारा थाना सुहेला आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 25 मार्च को दोपहर वह अपने बच्चों के साथ अपने घर के सामने होली खेल रहा था। तभी दोपहर 02:00 बजे लगभग, एक कार उसके घर के सामने बडी तेजी से आया, जिसे प्रार्थी द्वारा धीरे चलाने के लिए बोलने पर आरोपी कार चालक उस समय तो चला गया, लेकिन कुछ समय पश्चात वह अपने साथियों हरिनाथ बंजारे, परस बांधे, शिवा रात्रे, दिलीप लहरे एवं कार चालक कुशल सतनामी निवासी हिरमी के सांथ आकर एक राय होकर तू कौन होता है हमें मना करने वाला बोलकर, प्रार्थी को गाली गलौज कर, हाथ में रखे डंडा से प्रार्थी के सिर में प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाये हैं। इस दौरान ग्राम का टेकराम वर्मा बीच बचाव करने आया, तो उसके साथ भी आरोपियों द्वारा मारपीट किया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना सुहेला में अपराध क्र. 106/2024 धारा 294, 506, 147, 148, 307 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। कि प्रकरण में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सदानंद कुमार के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं एसडीओपी बलौदाबाजार श्रीमति निधि नाग के मार्गदर्शन में थाना सुहेला पुलिस बल द्वारा तत्काल घटनास्थल ग्राम बरडीह पहुंचा तथा मारपीट में घायल व्यक्तियों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा घटना में शामिल 01 आरोपी ओमप्रकाश रात्रे को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। शेष अन्य आरोपियों की पता तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी- ओमप्रकाश उर्फ लल्लू दास रात्रे पिता भागवत दास रात्रे उम्र 44 वर्ष साकिन बरडीह थाना सुहेला है।

पड़ोसी पर राड से प्राणघातक हमला करने वाले गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 27 मार्च। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सदानंद कुमार एवं अति0 पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी गिधौरी टुंडा निरीक्षक के सी दास के मार्गदर्शन में होली के दिन पड़ोसी पर लोहे की राड से प्राणघातक हमला के अपराध को संज्ञान में लेते हुए प्रकरण को जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश पर आज दिनांक 26-03-2024 को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। मामला 25 मार्च की है कि प्रार्थी दिलीप केवट ग्राम रामपुर अपने घर में था कि रात्रि लगभग 09:00 बजे उनके पड़ोसी दिलीप सोनझरी और उनके छोटे भाई दीपक सोनझरी गली में गाली गलौज कर रहे थे, जिसे प्रार्थी द्वारा मना करने पर तुम कौन होते हो मना करने वाले बोलकर गंदी-गंदी गाली देते हुए हाथ मुक्का एवं दिलीप सांझरी द्वारा हाथ में रखे लोहे के रोड से जान से मारने की नीयत से सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया, जिससे प्रार्थी के दाहिने आंख के ऊपर सिर में गंभीर चोट लगा एवं दाहिने कंधे में चोट लगा है, की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी गिरोधपुरी में अपराध क्र.

74/2024 धारा 294, 307, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान मामला को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चौकी गिरोधपुरी में टीम गठित कर रिपोर्ट के चंद घंटे बाद आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपियों को जेल निरूद्ध किया गया है। आरोपियों के नाम दिलीप सोनझरी पिता बुधारू सोनझरी उम्र 43 वर्ष दीपक सोनझरी पिता बुधारू सोनझरी उम्र 35 वर्ष दोनों सकिनांन रामपुर चौकी गिरोधपुरी है।

59 पाव देशी मसाला शराब के साथ कोचिये गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 27 मार्च। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे ÷अभियान सृजन÷ के तहत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार अविनाश सिंह ठाकुर व एसडीओपी निधी नाग के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी अजय झा के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 24/03/2024 को थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार से प्र आर. अंजोर सिंह मांझी आरक्षक देव निराला मोहन मेश्राम, मेघनाथ साहू, अकरम मोहा, स्वाती साहू एवं पेट्रोलिंग स्टाफद्वारा में आरोपी से अवैध रूप से शराब विक्री करने हेतु रखने 02 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 59 पाव देशी मदिरा मशाला शराब किमती 6490 रूपये को जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में अपराध क्र. 219/2024 धारा 34(2) एवं 220/2024 धारा 34( )

आबकारी एक्ट आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

आबकारी एक्ट में गिरफ्तार आरोपियों के नाम मनोज कुमार चंद्राकर पिता विष्णुदत्त चंद्रकार उम्र 45 साल साकिन पुरानी बस्ती बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार, रवि कुमार साहू ऊर्फगोलू पिता रमेश साहू उम्र 30 साल साकिन रिसदा रोड बलौदाबाजार हैं।

कलेक्टर ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण, व्यवस्था और सफाई पर जताई संतुष्टि, बीएमआई की भी जल्द मिलेगी सुविधा

लिफ्ट निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर इंजीनियर व ठेकेदार तलब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 27 मार्च। कलेक्टर के. एल. चौहान ने मंगलवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित जिला अस्पताल और मातृ एवं शिशु अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होने करीब ढाई घंटे तक अस्पताल के विभिन्न वार्डों, कक्षों एवं लैब का निरीक्षण किया और उपलब्ध सुविधाओं, व्यवस्थाओं तथा साफ सफाई पर संतुष्टि जताई।कलेक्टर ने अस्पताल के ओपीडी एरिया में एक बॉडी मॉस इंडेक्स मशीन(बीएमआई) लगाने के भी निर्देश दिए ताकि अस्पताल आने वाले मरीज व उनके परिजन इस मशीन से अपने शारीरिक स्थिति जान सके। बॉडी मॉस इंडेक्स मशीन एक स्वस्थ व्यक्ति का वजन उसकी लंबाई के हिसाब से कितना होना चाहिए इसके लिए तय मानक के अनुसार शरीर संतुलित है या नहीं इसकी जानकारी देता है।

कलेक्टर ने अस्पताल में लिफ्ट संचालन के लिए टेण्डर होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरु नही होने पर लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर को फ़ोन लगाकर निर्माण कार्य शुरू नही होने के समंबन्ध में जानकारी ली और अगले दिन सम्बंधित ठेकेदार के साथ कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल परिसर में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र का भी निरीक्षण किया और भर्ती बच्चों के सम्बंफ्ह में जानकारी ली। उन्होंने बच्चो के पालकों से कहा कि केंद्र से छुट्टी मिलने के बाद यहां दिए गए आहार सूची के अनुसार घर मे भी बच्चों को समय पर आहार दें। केंद्र में 5 कुपोषित बच्चे भर्ती हैं जिन्हें डाइट चार्ट के अनुसार आहार दिया जा रहा है। अस्पताल परिसर में संचालित

नशा मुक्ति केंद्र का अवलोकन करते हुए प्रतिदिन परामर्श के लिए आने वाले लोगों की जानकारी ली। बताया गया कि लगभग 5-6 लोग प्रतिदिन केंद्र में परामर्श लेने आते हैं जिनमे ज्यादातर शराब व धूम्रपान के आदी लोग होते हैं।प्रत्येक व्यक्ति की सप्ताह में एक दिन व तीन महीने तक काउंसिलिंग की जाती है।

कलेक्टर ने दवा भंडारण कक्ष का निरीक्षण कर भंडारण एवं वितरण की जानकारी ली। उन्होंने कालातीत दवाईयों की सुव्यवस्थित रख रखने के निर्देश दिए। बताया गया कि अस्पताल में दवाइयों की आपूर्ति सीजीएमएससी के द्वारा की जाती है। कालातीत दवाइयों को अलग रखने की व्यवस्था है। हर माह कालातीत दवाइयों को सीजीएमएससी को वापस कर दिया जाता है। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान शिशु रोग विभाग, फिजियोथेरेपी, प्रसूति कक्ष, आपातकालीन कक्ष, ट्रामा सेंटर, सीटी स्कैन कक्ष, हमर लैब, वायरोलॉजी लैब, डायलिसिस कक्ष, सर्जिकल वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, ब्लड बैंक, एसएनसीयू, आदि का अवलोकन किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सहायक कलेक्टर सुश्री नम्रता चौबे, एसडीएम अमित गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. एमपी महिश्वर, सिविल सर्जन डॉ. राजेश अवस्थी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टिकवेन्द्र जाटवर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रीति शुक्ला निवासी- 405 मिलेनियम चौक रोड, सुन्दर नगर, रायपुर छ.ग. पिन 492013 यह शपथ करती हूं कि मेरे पति का नाम जुटिवश जहां कहीं भी सुरेंद्र शुक्ला लिखा है आज से समस्त शासकीय/अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में सुरेंद्र कुमार शुक्ला से ही जाना जावे।

प्रीति शुक्ला
405 मिलेनियम चौक रोड
सुन्दर नगर रायपुर
जिला रायपुर छ.ग.
पिन 492013

Change Name

It is inform to the general Public that I Ayshin Jaya Singh S/o Jaya Singh resident of Qr. no. 16/A street 7 sector 1 Bhilai District Durg Chhattisgarh. have change my old name Ayshin Jeya Singh S/o Jeya Singh. So in future I Should be recognized by my new name that is Ayshin Jaya Singh S/o Jaya Singh in all Government and other documents.

Ayshin Jaya Singh
Sec.1 St. 7 Bhilai
Dist - Durg (C.G.)

न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2023-2024
ग्राम- कोकडी प.ह.नं. 16

ईश्तहार

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मुन्नी बाई पिता सुखीराम जाति सतनामी निवासी ग्राम कोकडी तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि मौजा - कोकडी प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार में स्थित भूमि खसरा नं. 1167 रकबा 0.1620 हे. भूमि आवेदिका के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जिसका किसान किताब निवास मकान की साफ सफाई में गुम हो गयी है। जिससे किसान किताब की द्वितीय प्रति प्रदान किये जाने का निवेदन किया है। आवेदन के साथ मय दस्तावेज संलग्न किया है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 28/03/2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
बलौदाबाजार

मुहर

एक नजर

विकास उपाध्याय ने दिया प्रचार कर जिम्मा

रायपुर, 27 मार्च। रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी विकास उपाध्याय निरंतर प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। विभिन्न विधानसभाओं का दौरा करने के बाद उन्होंने लोकसभा प्रभारियों को जिम्मेदारी दी है। रायपुर के पार्षदों, सभापति, मेयर एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं को भी अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस के लिए अनेक प्रचारक यहां आएंगे जिनमें प्रियंका व राहुल गांधी सहित अन्य बड़े नेता शामिल हैं।

होली के जश्न के बीच चाकू से गोदकर युवक की हत्या

रायपुर, 27 मार्च। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से बड़ी खबर सामने आ रही है। यंहा होली के जश्न के बीच भाठागांव इलाके में युवक की चाकु से गोदकर हत्या कर दी गई है। युवक की लाश सोनकर बाड़ी में पड़ी हुई मिली। युवक के शरीर पर 12 से ज्यादा वार के निशान मिले हैं। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। यह मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार भाठागाव BSUP कॉलोनी निवासी मोहित सोनकर की लाश सोनकर बाड़ी भाठागांव इलाके में पड़ी मिली। जिसके बाद वंहा के निवासियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस पंचनामा कार्रवाई कर जांच में जुट गई है। फिलहाल हत्या के आरोपी और हत्या का कारण दोनों अज्ञात हैं.

दुर्ग-हटिया-दुर्ग के मध्य सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार

रायपुर, 27 मार्च। रेल प्रशासन के द्वारा दुर्ग-हटिया-दुर्ग के मध्य 08185/08186 हटिया-दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का परिचालन 29 मार्च 2024 तक किया जा रहा है 7 यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुये इस गाड़ी के परिचालन का विस्तार 28 जून 2024 तक किया जा रहा है। परिचालन में विस्तार होने के बाद गाड़ी संख्या 08186 दुर्ग-हटिया सुपरफास्ट एक्सप्रेस, दुर्ग से हटिया के लिये प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को 03 अप्रैल से 28 जून 2024 तक चलेगी । इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08185 हटिया-दुर्ग सुपरफास्ट एक्सप्रेस, हटिया से प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार को 02 अप्रैल से 27 जून 2024 तक चलेगी।

हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद के साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार

रायपुर, 27 मार्च। रेल यात्रियों की सुविधाओं एवं मांग को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर जाने वाली 07051/07052 हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की सुविधा दिनांक 30 मार्च, 2024 तक चल रही है । इस गाड़ी के परिचालन में विस्तार कर दिनांक 02 जुलाई, 2024 तक किया गया है। यह गाड़ी 07051 हैदराबाद-रक्सौल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को हैदराबाद से 06 अप्रैल, 2024 से 29 जून, 2024 तक चलेगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को रक्सौल से 09 अप्रैल, 2024 से 02 जुलाई, 2024 तक चलेगी। इस गाड़ी में 06 एसी थ्री, 02 एसी टू टायर, 01 एसी प्रथम कम एसी टू टायर, 10 स्लीपर, 02 सामान्य एवं 02 एसएलआर सहित कुल 23 कोच रहेंगे।

डिजिटल ओपनिंग की शुरुआत

रायपुर, 27 मार्च। देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने आज एक्सिस बैंक आईबीयू- गिफ्ट सिटी में एनआरआई ग्राहकों के लिए डिजिटल यूएस डॉलर फिक्स्ड डिपॉजिट की शुरुआत करने की घोषणा की। इस शुरूआत के साथ, एक्सिस बैंक गिफ्ट सिटी डिपॉजिट के लिए डिजिटल प्रक्रिया की पेशकश करने वाला पहला बैंक बन गया है। एक्सिस बैंक के एनआरआई ग्राहक अब एक्सिस बैंक के मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन 'ओपन बाय एक्सिस बैंक' के माध्यम से गिफ्ट सिटी में अमेरिकी डॉलर फिक्स्ड डिपॉजिट खोल सकते हैं। इस तरह अब एनआरआई ग्राहकों के लिए अमेरिकी डॉलर फिक्स्ड डिपॉजिट बुक करने की प्रक्रिया बहुत सरल हो जाती है। उन्हें शुरू से आखिर तक डिजिटल पेपरलेस की सुविधा मिलती है और उन्हें किसी तरह का कोई डॉक्यूमेंट फिजिकल फॉर्मेट में पेश नहीं करना होगा। किसी भी समय, कहीं से भी निर्बाध रूप से एफडी खाता खोलने के अलावा, ग्राहक अपनी एफडी को डिजिटल रूप से ट्रैक और मैनेज भी कर सकते हैं। आकर्षक ब्याज दरों के साथ, एक्सिस बैंक एनआरआई को निवेश के बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। यूएस डॉलर फिक्स्ड डिपॉजिट के तहत ग्राहकों को सात दिनों से लेकर दस साल तक की निवेश अवधि की एक व्यापक रेंज भी मिलती है। ग्राहक एक्सिस बैंक मोबाइल एप्लिकेशन से एफडी को आंशिक या पूर्ण रूप से समय से पहले बंद करने का अनुरोध भी कर सकते हैं।

होली मिलन के बहाने चुनाव प्रचार तेज

स्टार प्रचारकों में मोदी, योगी की सभाओं की मांग, डोर-टू-डोर कैम्पेन पर दिया जा रहा जोर

■ मुख्य नगरसंवाददाता

रायपुर, 27 मार्च। भारतीय जनता पार्टी ने 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार की नई रणनीति बनाई है। जिसके तहत डोर-टू-डोर कैम्पेन को विशेष महत्व दिया जाएगा। भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची जारी हो गई है। छत्तीसगढ़ में नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ और हिमंता बिस्वा सरमा के चुनावी सभाओं की डिमांड आई है।

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव का प्रचार-प्रसार देख रहे लोकेश कावड़िया ने बताया कि भाजपा ने अलग-अलग राज्यों के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। छत्तीसगढ़ के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, 12 राज्यों के मुख्यमंत्री जिनमें योगीआदित्यनाथ उप्र, हिमंता बिस्वा सरमा असम एवं छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हैं। भाजपा की तेजतर्रार नेता स्वर्गीय सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज भी लोकसभा चुनाव लड़ रहीं हैं। वे भी चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगी। आयोग के निर्देशानुसार स्टार प्रचारकों के लिए जिला प्रशासन से अनुमति मिलना आसान होता है। इनके प्लेन, हेलीकाप्टर तथा प्रचार वाहनों के लिए अनुमोदन लेना होता है लेकिन इसके लिए कोई माथापच्ची नहीं करनी पड़ती है। भाजपा ने छत्तीसगढ़ में अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। प्रत्याशी होली मिलन के बहाने अब अपना चुनाव प्रचार तेज कर रहे हैं। रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग से विजय बघेल, कांकेर भोजराम नाग, राजनांदगांव से संतोष पाण्डेय, कोरबा से सरोज पांडेय, महासमुंद से रूपकुमारी चौधरी चुनाव लड़ रहे हैं।

रायपुर ग्रामीण में होली मिलन समारोह

राजधानी में लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में वाल राइटिंग के अलावा विभिन्न प्रचार माध्यमों से मोदी की गारंटी एवं राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। आज फुंडहर, रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मोतीलाल साहू द्वारा सोना वाटिका में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया है। भाजपा ने अपने सभी विधायकों, पार्षदों के अलावा सक्रिय कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार में सक्रिय कर दिया है।

कांग्रेस में बाहरी प्रत्याशियों का विरोध

रायपुर, 27 मार्च। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होने के बाद कांग्रेस में कलह बढ़ता जा रहा है। बिलासपुर में देवेन्द्र यादव को प्रत्याशी बनाए जाने के विरोध में कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए हैं। सारंगढ़ राजपरिवार की डॉ. मेनका सिंह को रायगढ़ से प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं सरगुजा में जिला जनपद अध्यक्ष शशि सिंह को प्रत्याशी बनाए जाने पर टीएस सिंहदेव गुट में हर्ष व्याप्त है। कांग्रेस ने अब सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। कांग्रेस में टिकिट को लेकर अंतकर्लह जारी है। राजनांदगांव से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रत्याशी बनाए जाने पर कांग्रेसजनों ने उनके विरूद्ध मोर्चा खोल दिया है। होली के अवकाश के बाद केंद्रीय चुनाव समिति ने कांकेर, बिलासपुर, रायगढ़ तथा सरगुजा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है लेकिन कांग्रेसजनों में विरोध और भी बढ़ता जा रहा है। बिलासपुर में देवेन्द्र यादव को टिकिट देने के बाद यहां पर कई नामचीन नेता धरने पर बैठ गए हैं। रायगढ़ से सारंगढ़ राजपरिवार की मेनका सिंह को भी प्रत्याशी बनाया गया है। कांग्रेस प्रत्याशी अब सभी वरिष्ठ नेताओं से मिलकर चुनाव जिताने की अपील कर रहीं हैं। कांकेर से बीरेश ठाकुर एवं सरगुजा से शशि सिंह को टिकिट दिया गया है। बालोद की विधायक ने बीरेश ठाकुर को जिताने की अपील की है। राज्य में कांग्रेस के सभी प्रत्याशी घोषित कर दिए गए हैं।

देवेंद्र यादव के विरोध में अनशन

रायपुर। राजनांदगाव में पूर्व सीएम भूपेश के बाद अब बिलासपुर में भी भिलाई के एमएलए देवेंद्र यादव को लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने का विरोध शुरू हो गया है। यहां नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ने कांग्रेस भवन के सामने धरने पर बैठकर आमरण अनशन शुरू कर दिया है। कांग्रेस ने बिलासपुर लोकसभा से भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव के नाम को घोषणा कर दिया है, जिसके बाद से बिलासपुर के स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं के मन में विरोध का स्वर फूटने लगा है। पार्टी प्रत्याशी देवेंद्र यादव के नाम का विरोध करते हुए नगर पंचायत बोदरी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश कौशिक कांग्रेस भवन के सामने धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने अलग-अलग स्लोगन लिखकर पोस्टर चस्पा किया है। हाथ से लिखे पोस्टर में मेरी तपस्या में क्या कमी रह गई, बिलासपुर से मुझे प्रत्याशी क्यों नहीं बनाया गया जैसे सवाल भी किए गए हैं।

12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी कर सकते हैं मतदान : कंगाले

रायपुर, 27 मार्च। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा ङ्क आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फेटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

कांग्रेस की बंपर सीटों से सरकार बनती है तो ठीक होता है ईवीएम : गृहमंत्री

रायपुर, 27 मार्च। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है. अब सभी उम्मीदवार अपने-अपने लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल कर रहे हैं. वहीं बस्तर में आज भाजपा की नामांकल रैली है. इसको लेकर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का बयान सामने आया है. साथ ही उन्होंने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बैलेट पेपर से चुनाव होने के वायरल ट्वीट पर तंज कसा है. डिप्टी सीएम ने कहा कि पूरे विश्व में ईवीएम की प्रशंसा हो रही है. जब कांग्रेस की बंपर सीटों से सरकार बनती है तो ईवीएम ठीक होता है.

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बस्तर की नामांकन रैली को लेकर कहा कि आज जीत का आगाज है. बस्तर से हमारे प्रत्याशी के कमल के निशान के लिए आज नामांकन रैली है. पिछली बार बस्तर लोकसभा सीट से हम चूक गए थे. ये नामांकन रैली हमारी जीत का परचम लहरने वाली होगी. उन्होंने कहा, कांग्रेस ने 4 सीटों पर दुर्ग के नेताओं को मैदान में उतारा है. कांग्रेस सरकार में भी ऐसी स्थिति थी, उसे दुर्ग की सरकार कहा जाता था. अब कांग्रेस ने एक ही स्थान के नेताओं को अलग-अलग सीटों से उतारा है. स्थानीय लोगों को चुनाव लड़ने का अवसर मिलना चाहिए. कोई व्यक्ति यह न सोचे अपने लोगों को लड़ाकर सबको साध लेगा. राजनीतिक दल बड़ा होता है, सभी को अवसर मिलना चाहिए. कांग्रेस के निर्वाचन आयोग में धर्म पर राजनीति वाली शिकायत पर विजय शर्मा ने कहा, समझ नहीं आता कि अगर कवर्धा में भगवा ध्वज का अपमान हो जाए तो कुछ नहीं.

शहरी विकास गतिविधियों के निर्धारण के लिए एनआईटी और रायपुर निगम के बीच होगा एमओयू

रायपुर, 27 मार्च। नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा और राष्ट्रीय प्रद्योगिकी संस्थान के निर्देशक एन वी रमन्ना राव और प्राध्यापकों के साथ आज महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में शहरी क्षेत्र में जल भराव,जल निकास व्यवस्था जैसे चुनौतियों को दूर करने में आधुनिक तकनीकों के उपयोग सहित रायपुर शहर योजना के निर्धारण संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। एन आई टी और रायपुर नगर निगम शहरी विकास को नई दिशा देने मिलकर काम करेगा इसके लिए दोनों के मध्य शीघ्र एम ओ यू निष्पादित होगा।

निगम आयुक्त श्री मिश्रा के अनुसार नगरीय क्षेत्र में कचरों के

निष्पादन , बारिश के दिनों में जल भराव, समुचित पेयजल की सुलभता जैसे कई विषयों सहित शहर विकास योजना में राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान के विशेषज्ञों की सहायता ली जाएगी। इस संबंध में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में शहर विकास की चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में एन आई टी के डायरेक्टर रमन्ना सहित प्रोफेसर डॉ.आर के त्रिपाठी,डॉ. जी डी रामटेकर,डॉ. समीर बाजपेयी, प्रो. सन्याल सहित नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा , कार्यपालन अभियंता इमरान खान शामिल हुए। बैठक में भविष्य की कार्य योजना और रोड मैप पर भी चर्चा हुई। एन आई टी और नगर निगम के मध्य एम ओ यू शीघ्र होगा , जिसके पश्चात संस्थान के विषय विशेषज्ञों की देखरेख में शहरी विकास योजनाओं संबंधी मार्गदर्शन आधारित कार्य योजना निर्धारित होगी।

भाठागांव बस स्टैंड के पास नशीली टेबलेट बेचने के लिए ग्राहक ढूंढ रहा युवक गिरफ्तार

रायपुर, 27 मार्च। राजधानी रायपुर के भाठागांव बस स्टैंड के पास रोड किनारे एक युवक नशीली टेबलेट रखा हुआ था और बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था, जिसकी सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची टिकरापारा पुलिस ने उसे धरदबोचा और उसके पास से भारी मात्रा में नशीली टेबलेट बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल 24 मार्च को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना मिली कि थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत भाठागांव स्थित नया बस स्टैण्ड पास रोड़ किनारे एक व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा है तथा बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश देवांगन द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी टिकरापारा को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकडा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम शैयद रजा निवासी टिकरापारा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें थैले की तलाशी लेने पर थैले में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 699 नग नाईट्रोटेन प्रतिबंधित नशीली टेबलेट कीमती लगभग

50,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक क्रमांक 232/24 धारा 22सी, नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक दुर्गेश रावटे थाना प्रभारी टिकरापारा, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से निरीक्षक परेश पाण्डेय, आर. केशव सिन्हा, प्रवीण मौर्य तथा थाना टिकरापारा से उप निरीक्षक पवन पटवा, आर. तरूण नायक, सुरेश वर्मा, विदेशीराम पिस्दा, अरूण ध्रुव एवं देवचंद सिन्हा की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

भूपेश के खिलाफ दुष्प्रचार चुनाव आयोग को ज्ञापन

रायपुर, 27 मार्च। कांग्रेस वार रूम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी के नेतृत्व में कांग्रेस के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आज राज्य निर्वाचन आयोग में भाजपा द्वारा सोशल मीडिया में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी श्री भूपेश बघेल के विरुद्ध धर्म जाति समुदाय के आधार पर किए जा रहे दुष्प्रचार की शिकायत की. प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस विधि विभाग के अध्यक्ष डॉ देवा देवांगन कांग्रेस के लोकसभा समन्वयक श्री कन्हैया अग्रवाल वार रूम के डेस्क हेड श्री सोमन चटर्जी श्री दिनेश निर्मलकर श्रीमती गीता सिंह श्री नरेश गढ़पाल सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस जन सम्मिलित रहे। शिकायत में कहा गया है कि पूरे भारत में आदर्श आचार संहिता लागू है इसके बावजूद भाजपा द्वारा राजनांदगांव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी श्री भूपेश बघेल के विरुद्ध धर्म जाति समुदाय के आधार पर आम जनता को भड़काकर और हिंसा रूपी उत्तेजित शब्दों का प्रयोग कर वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किया गया है।

डायरिया पीड़ितों की संख्या 148

रायपुर, 27 मार्च। राजधानी रायपुर में डायरिया का डर फैला हुआ हैं, जिससे रहवासियों में डर लगातार बनान हुआ हैं. बता दें लाभांडी स्थित संकल्प सोसायटी में मरीजों की संख्या 148 तक पहुंच गई हैं । गंभीर मरीजों का इलाज अस्पताल में जारी है, वही स्वास्थ्य अमला ने क्षेत्र में स्वास्थ्य कैंप लगाया गया, वावजूद इसके लगातार डायरिया का प्रकोप दिखाई दे रहा हैं। यही नहीं बल्कि दो बच्चों की मौत के बाद जनता में डर का माहौल है।

पेट दर्द होना, बुखार और सिर दर्द, उल्टी आना, कमजोरी महसूस होना, इस तरह के लक्षण अगर आपको या आपके परिवार में किसी को दिखाई दे रहे हैं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। छोटी-मोटी बीमारी सोचकर 2 या 3 दिन इंतजार न करें।

ज्यादा से ज्यादा पानी पीना या फिर नमक और चीनी मिलाकर पानी पीया जा सकता है। पके केले का इस्तेमाल करें। डॉक्टर से एक बार सलाह लेकर ही दवाई लें, वरना इसका साइड इफेक्ट भी हो सकता है। जितना हो सकते आराम करें, ज्यादा धूप में ना निकलें।

लोकसभा चुनाव में जनता मोदी की वादा खिलाफी का हिसाब लेगी : कांग्रेस



रायपुर, 27 मार्च। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में जनता मोदी सरकार से छुटकारा पाने मतदान करेगी। भाजपा मुगालते में है कि राज्य में विधानसभा चुनावों की पुनरावृत्ति होने वाली है। प्रदेश की जनता जानना चाहती है कि 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और नरेन्द्र मोदी ने जो वायदे देश की जनता से किया था उन वायदों का क्या हुआ? मोदी सरकार के 10 वर्ष भाजपा की वायदा खिलाफी के स्मारक के रूप में याद किये जायेंगे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा चुनाव के पहले जनता को ठगने के लिये चुनावी वायदे करती है तथा चुनाव जीतने के बाद उसको जुमला बता देती है। यह भाजपा का असली चरित्र है। 2014 में भी मोदी ने देश की जनता से 100 दिन में महंगाई कम करने का वायदा किया था।

कार से साढ़े सात किलो चांदी जब्त

रायपुर, 27 मार्च। चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना क्षेत्रों में वाहनों सहित संदिग्ध व्यक्तियों की लगातार जांच की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को रायपुर के मंदिर हसौद टोलनाका के पास वाहन चेकिंग के दौरान साढ़े सात किलो चांदी जब्?त की गई। वह व्यक्ति चांदी के संबंध में वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। जब्?त चांदी की कीमत करीब दो लाख रुपए बताई जा रहा है। यह मामला मंदिर हसौद थाना इलाके का है।

इससे पहले बीते गुरुवार को कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सदर बाजार अंबा देवी मंदिर के सामने गली में एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर हड़बड़ाया और भागने का प्रयास करने लगा। टीम ने उसे रोका और हाथ में रखे बैग को चेक किया तो 40 लाख रुपये मिले। वह व्यक्ति रकम के संबंध में वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। टीम ने रुपये जब्त कर अग्रिम कार्रवाई के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा गठित कमेटी को भेज दिया।

जांच के दौरान छह लाख

78 हजार रुपये नकदी रकम जब्त की गई है। गुरुवार को थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत स्थित टोल नाका के पास थाना मंदिर हसौद पुलिस एवं एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक कार की जांच करने पर उसमें नकदी रकम मिली।

टीम के सदस्यों द्वारा कार सवार व्यक्ति से इस संबंध में पूछताछ करने और वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इस पर टीम द्वारा उसके कब्जे से नकदी रकम छह लाख 78 हजार 580 रुपये जब्त की गई। इसके बाद निर्वाचन आयोग द्वारा गठित कमेटी में भेज दिया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26